पण्डितमधुसूदनओझा-ग्रन्थमाला-११

महर्षिकुलवैभव-विमर्श

सम्पादक

डॉ. गणेशीलाल सुथार

पण्डित मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

Pandit Madhusudan Ojha Series-11

Chief Editor
Dr. G. L. SUTHAR
Director
Pandit Madhusudan Ojha Research Cell
Department of Sanskrit
J.N. Vyas University, Jodhpur

MAHARṢIKULAVAIBHAVA-VIMARŚA

Edited by
Dr. G. L. Suthar

Pandit M. S. Ojha Research Cell
Department of Sanskrit
J.N. Vyas University
Jodhpur

2005

▶ *Published by :*

Pandit M.S. Ojha Research Cell

Department of Sanskrit
J. N. Vyas University
Jodhpur-342 001 (Rajasthan)

▶ **© All Rights Reserved by the Publisher**

▶ First Edition : **2005**

▶ *Printed by :*

Rohan Computer

Agra Sweets Home Ki Gali
O/s Sojati Gate, Jodhpur
Mobile : 94142-72591

▶ *Can be had of :*
Director

Pt. M. S. Ojha Research Cell

(S.M.K. Old Campus)
J.N. Vyas University
Jodhpur-342 001 (Rajasthan)

पण्डित-मधुसूदन-ओझा-ग्रन्थमाला—११

प्रधानसम्पादक
डॉ. गणेशीलाल सुथार
निदेशक
पण्डितमधुसूदनओझाशोधप्रकोष्ठ
संस्कृतविभाग
जयनारायणव्यासविश्वविद्यालय
जोधपुर

महर्षिकुलवैभव-विमर्श

सम्पादक
डॉ. गणेशीलाल सुथार

पण्डितमधुसूदनओझाशोधप्रकोष्ठ
संस्कृतविभाग
जयनारायणव्यासविश्वविद्यालय
जोधपुर

२००५

▶ प्रकाशक :

पण्डित मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ

संस्कृतविभाग

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय

जोधपुर

▶ © सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

▶ प्रथम संस्करण, 2005

▶ मुद्रक :

रोहन कम्प्यूटर

आगरा स्वीट्स होम की गली

सोजती गेट के बाहर, जोधपुर

मोबाइल : 94142-72591

▶ प्राप्तिस्थान :

निदेशक

पण्डित मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ

(S.M.K. Old Campus)

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय

जोधपुर-342001 (राजस्थान)

वेदविद्यासमुद्धारकस्वर्गीयपण्डितमधुसूदनशर्म्ममैथिलाः

Preface

Pandit Madhusudan Ojha Research Cell has profound pleasure in offering to the researchers, scholars and readers of the Vedavijñāna the book entitled 'महर्षिकुलवैभव-विमर्श' being brought out as the eleventh publication in पण्डित मधुसूदन ओझा-ग्रन्थमाला. It is a collection of the seven research papers pertaining to Pandit Ojha's treatise entitled 'Maharṣikulavaibhavam' (Series No. 6 and 59 of Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur) and exposition of the first Pravṛti of 'Maharṣikulavaibhavam' published in series No. 6. The research papers and the exposition were read in a two-day state-level seminar on 'Maharṣikulavaibhavam' jointly organised at Jodhpur by Rajasthan Sanskrit Academy, Jaipur and Department of Sanskrit of J.N. Vyas University, Jodhpur on the occasion of Pandit Ojha Jayanti which was celebrated on November 25-26, 1990. The decision for publication of the papers read in the above-mentioned state-level seminar was taken by the Advisory Board of the Research Cell at its meeting held on December 13, 1993 accepting the conditions conveyed by the then Director of Rajasthan Sanskrit Academy, Co-organizer of the Seminar, as a special case. This publication could not be taken up earlier because the Research Cell was busy bringing

out critical editions of the original treatises of Pandit Ojhaji.

It is worthmentioning here that all the treatises authored by Pandit Ojhaji were systematically and scientifically classified. The treatise 'Maharṣikulavaibhavam' belongs to the voluminous treatise (Mahāgrantha) entitled 'Divyavibhūti' of the division called 'Brahmavijñāna'. Whether 'महर्षिकुलवैभवम्' consisted of two parts or was an unified treatise without any parts is a matter of grave doubt. According to M.M. Giridhar Sharma Chaturvedi, seniormost disciple of Pandit Ojhaji, it comprised two parts and the edition published by Rajasthan Oriental Institute in its series No. 6 is part one. On the contrary, it was a treatise without any parts according to Pandit Pradyumna Ojha, son of Vidyāvācaspati Ojha, as is evident from his introduction (भूमिका) to the edition of 'Maharṣikulavaibhavam' published by Rajasthan Oriental Research Institute in its series No. 59. He has also pointed out that the treatise edited by him is the original one and 'Maharṣikulavaibhavam' (Part I) published under the editorship of M.M. Giridhar Sharma Chaturvedi is not in conformity with the original treatise because of change in the sequence of the text.

This is noteworthy here that both the learned editors of 'Maharṣikulavaibhavam' were authentic scholars of the Vedavijñāna propounded by Pandit Ojhaji. They were in close contact with Vidyāvācaspati Ojhaji for many decades—one as the seniormost disciple and the other as only son. As such the authenticity of both the editions of 'Maharṣikulavaibhavam' seems beyond doubt. But the assertions of the general editor and editor in 'सञ्चालकीय वक्तव्य' and 'भूमिका' respectively of the 'Maharṣikulavaibhavam' published in series

No. 59 create serious doubt about the authenticity of the edition brought out in series No. 6 and it is very difficult to dispel.

Of the research papers read in the above-mentioned seminar on 'Maharṣikulavaibhavam', there is only one research paper entitled 'महर्षिकुलवैभवम्'—मूलग्रन्थविनिर्णय' which deals with the problem regarding authenticity of the editions of 'Maharṣikulavaibhavam'. Shri Ashvini Kumar, writer of this research paper, has elaborately attempted to disprove the authenticity of 'Maharṣikulavaibhavam' (Part I) edited by M.M. Giridhar Sharma Chaturvedi. When I informed Pandit Ananta Sharma about the publication of this book being taken up by the Research Cell, he readily accepted my request for writing his critical observations to resolve the problem. Pandit Ananta Sharma is a versatile genius and eminently profound scholar of the Vedavijñāna propounded by Pandit Ojhaji. I feel grateful to him for sending his penetrating observations on the authencity of both the editions as part one and two of the treatise 'Maharṣikulavaibhavam'. Thus the views of Pandit Ananta Sharma and Shri Ashvini Kumar provide more than sufficient matter for the scholars and researchers who are further interested in investinging into the problem of authenticity. It is the characteristic style of Pandit Ojha's writing that he repeats the relevant portions, wherever necessary, of one treatise in his other treatises. We find that there are some portions common in both the editions of 'Maharṣikulavaibhavam'. If these two editions are taken as two parts of one and the same treatise, how is the repetition of some portions to be justified ? It is also not known as to why M.M. Giridhar Sharma Chaturvedi didnot refute the objections regarding change in the sequence of the text raised by Pandit Pradyumna Sharma in the

introducetion to 'Maharṣikulavaibhavam' (Series No. 59), if he deemed his edition of the treatise as authentic ? Whatever doubt may arise about the authenticity of 'Maharṣikula-vaibhavam' edited by M.M. Giridhar Sharma Chaturvedi, but it is beyond doubt that doctrines discussed in this treatise are fully in consonance with the Vedavijñāna propounded by Pandit Ojhaji.

Pandit Madhusudan Ojha Research Cell feels grateful to the Rajasthan Sanskrit Academy, Jaipur who had very kindly allowed the Research Cell to take up the publication of the research papers read in the state-level seminar on 'Maharṣikulavaibhavam' which was organised by the Department of Sanskrit in collaboration with Rajasthan Sanskrit Academy. The Research Cell will feel amply rewarded by the publication of 'Maharṣikulavaibhava-Vimarśa' if it promotes the cause of furthering studies in the Vedavijñāna.

Mahāśivarātri
08-03-2005

Dr. G. L. Suthar
Director
Pandit M.S. Ojha Research Cell
Department of Sanskrit
J.N. Vyas University, Jodhpur

किमप्यावश्यकम्

महर्षिकुलवैभव : ग्रन्थस्वरूप पर विचार

महामहोपाध्याय पं. गिरिधर शर्मा चतुर्वेद महाभाग द्वारा सम्पादित एवं व्याख्यात महर्षिकुलवैभव को देख कर इसके उत्तरार्ध अथवा द्वितीय खण्ड की अपेक्षा हुई। ग्रन्थ में शीर्षकपत्र पर कोष्ठक में पूवार्द्धम् तथा ग्रन्थान्त में 'समाप्तश्चायं प्रथमः खण्डः' जैसा निर्देश देखने से यह स्वाभाविक था। जब १४.१.८५ को महर्षिकुलवैभव-मूलमात्र ग्रन्थकार के सुपुत्र श्री प्रद्युम्न शर्माजी द्वारा सम्पादित प्राप्त हुआ, तो आपाततः उसे देखने से यह प्रतीत नहीं हुआ कि यह पूर्व प्रकाशित ग्रन्थ का उत्तरार्ध, द्वितीय खण्ड अथवा पूरक है जब कि ऐसा निर्देश आवश्यक था, क्योंकि दोनों ही ग्रन्थ मुनिवर्य पद्मश्री श्री जिनविजयजी के प्रधान सम्पादकत्व में राजस्थान प्राच्यविद्याप्रतिष्ठान से प्रकाशित हुए थे तथा सम्मान्य सञ्चालक श्री जिनविजय जी द्वारा पूर्वार्ध के प्रकाशकीय निवेदन में सुस्पष्ट व्यक्त किया गया था—''खेद है कि यह सम्पूर्ण ग्रन्थ एक साथ में कतिपय कारणों से प्रकाशित नहीं किया जा सका है। इस समय इसका प्रथम खण्ड राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला के छठे पुष्प के रूप में विद्वत् समाज के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।''

पाँच वर्षों के अन्तराल के पश्चात् ख्रिस्ताब्द १९६१ में प्रकाशित महर्षिकुलवैभव-मूलमात्र में सञ्चालकीय वक्तव्य में प्रथम खण्ड का निर्देश भी किया गया है, किन्तु इसे द्वितीय खण्ड मानकर ग्रन्थ की पूर्ति का हर्ष प्रकट नहीं किया गया अपितु उस प्रकाशन को ग्रन्थकार की मूल पाण्डुलिपि से भिन्न बता कर कुछ असन्तोष-सा श्री प्रद्युम्न जी शर्मा के कथन के रूप में व्यक्त किया गया है। यह देख कर इन दोनों को इस दृष्टि से देखने की

उत्सुकता जगी तथा पढ़ कर विचार हुआ कि कभी अनुकूल अवसर पर इन दोनों का स्वरूप यथायथ प्रस्तुत किया जावे। योगायोग से ऐसा अवसर आया और गया।

संस्कृतविभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर तथा राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर के संयुक्त तत्त्वावधान में २५-२६ नवम्बर, १९९० में पं. मधुसूदन ओझा जयन्ती-समारोह के नाम से महर्षिकुलवैभव पर दो दिन की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सूचना के अभाव से मैं उस गोष्ठी से वञ्चित रहा।

पं. मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के निदेशक सुहृद्वर्य डॉ. गणेशीलाल सुथार से सूचना प्राप्त हुई कि वे उस समय के शोधपत्रों को प्रकाशित कर रहे हैं तथा चाहते हैं कि मैं एतद्विषयक विचार प्रकट करूँ। भगवान् वेदपुरुष की सेवा के लिये यह अवसर प्रदान करने से मैं डॉक्टर सुथार के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए विद्वानों की सेवा में विचार-पुष्प अर्पित कर रहा हूँ।

महर्षिकुलवैभव के दोनों ही ग्रन्थ राजस्थान प्राच्यविद्याप्रतिष्ठान, जोधपुर के प्रकाशन हैं तथा दोनों ही मुनिवर्य श्री जिनविजयजी के प्रधानसम्पादकत्व में प्रकाशित हैं। दोनों के ही सम्पादक अधिकारी विद्वान् हैं। प्रथम ग्रन्थ के व्याख्याता तथा सम्पादक महामहोपाध्याय पं. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी हैं। श्री चतुर्वेदीजी के वैदुष्य तथा प्रस्तुत ग्रन्थ की व्याख्या के विषय में स्वयम् श्री प्रद्युम्न जी शर्मा ने स्वसम्पादित महर्षिकुलवैभव की भूमिका में लिखा है कि—"श्रीयुत चतुर्वेदीजी ग्रन्थलेखक पूज्य पिताजी के पट्टशिष्य रहे हैं और जैसा कि उन्होंने अनेक स्थलों पर उल्लेख किया है, लगभग चालीस वर्षों तक उनका किसी न किसी रूप में पाठ्यक्रम चालू रहा। अतः पूज्य पिताजी के ग्रन्थों के मर्म को समझ कर व्याख्या करने की इतनी क्षमता किसी अन्य व्यक्ति में सहज नहीं है। विलक्षण-प्रतिभासम्पन्न श्री चतुर्वेदीजी ने जो व्याख्या लिखी है, उसकी विद्वज्जनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।"

द्वितीय ग्रन्थ के सम्पादक श्री प्रद्युम्नजी शर्मा हैं। ये ग्रन्थकार ओझाजी के सुपुत्र ही नहीं हैं अपितु अपने पिता के अनेक ग्रन्थों के सम्पादक भी हैं।

स्वनामधन्य पण्डितवर्य श्री मोतीलालजी शर्मा के सुपौत्र श्री प्रद्युम्नकुमार शर्मा की 'वेदविज्ञानविद् गुरुशिष्यत्रयी' के अनुसार श्री प्रद्युम्नजी शर्मा के सम्पादित ग्रन्थ

निम्नलिखित हैं—

१. जगद्गुरुवैभवम्
२. स्वर्गसन्देशः
३. इन्द्रविजयः
४. ब्रह्मविज्ञान
५. ब्रह्मसमन्वयः
६. ब्रह्मचतुष्पदी
७. पञ्चभूतसमीक्षा
८. यज्ञसरस्वती
९. छन्दोभ्यस्ता
१०. निरूढपशुबन्धः
११. माधवख्यातिः
१२. वर्णसमीक्षा
१३. कादम्बिनी
१४. धर्मपरीक्षापञ्जिका
१५. महर्षिकुलवैभवम्-मूलमात्रम्

श्री ओझाजी के वाङ्मय से सुपरिचित व्यक्ति सरसरी दृष्टि डालने मात्र से भलीभाँति समझ लेगा कि इन गम्भीरतम ग्रन्थों के सम्पादक तथा इनका सारांश प्रस्तुत करने वाले श्री प्रद्युम्नशर्माजी की इस वाङ्मय में कितनी गहरी पैठ रही है। स्वाभाविक भी है। इन ग्रन्थों का महत्त्व उनके द्वारा भलीभाँति समझ लिया गया था। उनके मन में बड़ी पीड़ा भी थी कि यह वाङ्मय जल्दी-जल्दी प्रकाशित क्यों नहीं हो रहा है। सन् १९४९ के अगस्त मास की घटना है, आचार्य के पाठ्यक्रम में इन्द्रविजय निर्धारित था। महाराज संस्कृत कॉलेज, जयपुर में आचार्य-प्रथम खण्ड में अध्ययन करते समय मैं यह पुस्तक लेने के लिये उनके घर गया था। उस समय इन ग्रन्थों के अभीष्ट प्रकाशन की गति न देख कर

उन्होंने अपने हृदय की गहरी व्यथा व्यक्त की। समय-समय पर उनके प्रकाशित ग्रन्थों की भूमिका में भी ,ह व्यथा व्यक्त होती रही है। ऐसे व्यक्ति के समक्ष महर्षिकुलवैभवम् का श्री महामहोपाध्यायजी की व्याख्या के साथ राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर से प्रकाशित होकर आना ही अपार प्रमोदावह होना चाहिये, निश्चित ही ऐसा हुआ भी होगा। इससे ओझाजी के ग्रन्थों के प्रकाशन का एक स्थायी जरिया मिला।

इस ग्रन्थ के शीर्षक के नीचे कोष्ठक में पूर्वार्धम् स्पष्ट मुद्रित है। प्रकाशकीय निवेदन में मुनि जिनविजयजी ने भी स्पष्ट निर्देश किया है कि—"खेद है कि यह सम्पूर्ण ग्रन्थ एक साथ में कतिपय कारणों से प्रकाशित नहीं किया जा सका है। इस समय इसका प्रथम खण्ड, राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला, के छठे पुष्प के रूप में विद्वत्समाज के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है"।

इसी भाँति श्री महामहोपाध्यायजी ने 'किमप्यावश्यकम्' शीर्षक में सुस्पष्ट रूप में इसकी भागद्वयात्मकता प्रकट की है। उनका लेख है—

"ग्रन्थोऽयमृषिनिरूपणप्रवणस्तदङ्गतया वैदिकीं सृष्टिप्रक्रियां प्रबोधयन्नतिजटिल इति भारभिमं वोढुमशक्तेनापि मया श्रीगुरुचरणकृपामेवावलम्ब्य कार्यमिदं स्वीकृतम्। तस्य ग्रन्थस्य प्रथमो भागः सृष्टिप्रक्रियाप्रबोधकोऽयं प्रथमं प्रकाश्यते, प्रत्येकमृषीणां विवरणन्तूभयविधानां वैज्ञानिकानां मनुष्यरूपाणां च द्वितीयखण्डे प्रकाशितं स्यात्।

अस्मिन् खण्डे कीदृशा महत्त्वास्पदानि विषया इति विषयतालिकामेव पठित्वा ज्ञातुं शक्येत विद्वत्प्रवरैः। श्रीपण्डितमहामागानां मन्तव्यस्य स्फुटमवबोधनाय उपोद्घातोऽपि मयात्र संयोजितः। तस्यापि प्रथम एव भागोऽत्र प्रकाश्यते। द्वितीयो भागस्तु द्वितीयेन खण्डेन सहैव प्रकाशमेष्यति। अत्र व्याख्यायायाम् 'उपाद्घाते निरूपितम्' इति यत् स्थाने स्थाने मयोक्तं तदपि प्रायेण द्वितीय एव भागे प्राप्येत पाठकमहाभागैः, न तदर्थमधैर्यमालम्बनीयम्। श्रीपण्डितानां मुद्रितामुद्रितग्रन्थपरिचयो य उपोद्घातस्यादौ प्रतिज्ञातः सोऽपि द्वितीय एव भागे समुपलभ्येत।"

ग्रन्थ की समाप्ति पर भी मूल में व्याख्या में तथा भाषाटीका में भी यह तथ्य निर्दिष्ट है—"इति सृष्टिनिरूपणं नाम द्वितीयं प्रकरणम्। समाप्तश्चायं प्रथमः खण्डः। इति 'महामहोपाध्याय' 'वाचस्पति' गिरिधर्मशर्मचतुर्वेदविरचिता महर्षिकुलवैभवस्य प्रथमखण्ड-

व्याख्या समाप्तिमगात्। इस प्रकार सृष्टिनिरूपण नाम के द्वितीय महाप्रकरण को समाप्त किया। प्रथमखण्ड समाप्त।''

इस प्रकार इस ग्रन्थ में आद्यन्त इसे स्पष्ट रूप में प्रथम खण्ड कहा गया है। प्रथम खण्ड में प्रमुख रूप से सृष्टिप्रक्रिया का ज्ञान है तथा द्वितीय खण्ड में वैज्ञानिक ऋषियों का तथा मनुष्य ऋषियों का स्वरूप बताया गया है। तदनुसार बाद में प्रकाशित महर्षिकुलवैभव वस्तुतः द्वितीयखण्डरूप है, इसमें कोई सन्देह नहीं है।

विचारणीय है कि श्री प्रद्युम्नजीशर्मा को ऐसा क्यों लगा कि श्री महामहोपाध्यायजी द्वारा सम्पादित महर्षिकुलवैभव एक प्रामाणिक ग्रन्थ नहीं है। यह भाव ग्रन्थ में अभिव्यक्त सञ्चालकीय वक्तव्य के अधोदत्त कुछ अंश से व्यक्त होता है। यह वक्तव्य श्री मुनि जिनविजयजी का है—

''श्री मधुसूदन ओझा विरचित महर्षिकुलवैभवम् के प्रथम भाग का प्रकाशन राजस्थान ग्रन्थमाला के अन्तर्गत ग्रन्थाङ्क ६ में किया जा चुका है जिसकी संस्कृत व्याख्या और हिन्दी भाषाटीका महामहोपाध्याय पं. श्री गिरधर शर्मा चतुर्वेदी ने की है।

उक्त प्रथम भाग के प्रकाशन के थोड़े समय पश्चात् स्वर्गीय ओझाजी के सुपुत्र पं. श्री प्रद्युम्नजी शर्मा हमारे पास महर्षिकुलवैभव की मूल प्रति लेकर आये और बताया कि इस ग्रन्थ की मूल पुस्तक जो उनके पिताजी ने लिखी थी उसमें और राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान से प्रकाशित पूर्व पुस्तक में कुछ क्रम-परिवर्तन हो गया है। उन्होंने यह इच्छा भी व्यक्त की कि स्वर्गीय ओझाजी की लिखी पुस्तक का यथावत् प्रकाशन उनके सम्पादन में हो। अत एव पं. श्री प्रद्युम्नजी के अनुरोध को दृष्टि में रखते हुए हमने मूल लेखक की पुस्तक को यथावत् प्रकाशित करना स्वीकार कर लिया।''

यहाँ क्रम-परिवर्तन को प्रमुख आधार मानते हुए पूर्व प्रकाशित को मूललेखक की कृति से भिन्न बताया गया है। इस ग्रन्थ की (द्विपृष्ठात्मक) भूमिका में श्री प्रद्युम्नजी शर्मा ने इस क्रमभङ्गता को कुछ स्पष्ट किया है—

''सम्भव है कि पाठकों के सौविध्य की दृष्टि से यह क्रम परिवर्तित किया गया हो। उदाहरण के लिये, व्याख्या वाले अंश के प्रारम्भ में ही—''अथ ऋषिनिर्वचनम्' शीर्षक देकर 'ऋषि शब्दस्य चतुष्टयी प्रवृत्तिः-असल्लक्षणा, रोचनालक्षणा, द्रष्टृलक्षणा,

वक्तृलक्षणा चेति''। इस प्रकार ऋषि शब्द की चार प्रकार की प्रवृत्तियाँ उल्लिखित हैं। मूल ग्रन्थ में यह ऋषिनिर्वचन वसिष्ठप्राण के अन्तर्गत लिखा गया है। मूलग्रन्थ को कश्यप प्राण से प्रारम्भ करने का हेतु भी वहीं पर दिया गया है ''कश्यपात् सकलं जगदित्याहुः। तमेतं कश्यपं व्याख्यास्यामः''। इसी प्रकार आगे का भाग भृगुअङ्गिरा प्रकरण का अंश है''।

''इस क्रम के परिवर्तन से मूल ग्रन्थ की व्याख्या न हो सकी। आधिदैविकाध्याय का जो अंश स्पष्टीकरण के लिए लिखा गया था, उसी में से एक आध की कुछ व्याख्या हो सकी और मूल ग्रन्थ सम्पूर्ण प्रकाशित न हो सका।''

श्री प्रद्युम्नजी शर्मा के इस लेख से ऐसा प्रतीत होता है कि श्री महामहोपाध्यायजी ने ओझाजी के ग्रन्थ में यथेच्छ परिवर्तन किया है तथा कुछ सामग्री आधिदैविकाध्याय से ली है। इस प्रकार श्री ओझाजी के ग्रन्थ को उनका नाम देते हुए भी एक प्रकार से अपना बना डाला। यह भी-जैसे-तैसे पाठकों के सौविध्य की दृष्टि से ग्राह्य हो जाता यदि पूरा ग्रन्थ प्रकाशित हो जाता, वे अधिक से अधिक आधिदैविक ग्रन्थ के कुछ भाग मात्र की व्याख्या दे पाये। इस प्रकार इस ग्रन्थरत्न के सम्पूर्ण रूप में प्रकाशित न हो पाने का सारा का सारा दोष श्री महामहोपाध्यायजी को जाता है।

ऐसा लगता है कि श्री प्रद्युम्न शर्मा जी का श्री चतुर्वेदी जी पर यह दोषारोपण उचित नहीं है। दोनों ग्रन्थों को साथ देखने से यह स्पष्ट हो जाता है। प्रथम ग्रन्थ में ग्रन्थकार श्री ओझा जी द्वारा ग्रन्थारम्भ के सूचक एवं विषयप्रतिपादक पद्य प्रस्तुत किये गये हैं जो निम्नलिखित हैं—

यो यज्ञो दिवि परमेष्ठिगोसवाख्यो विज्ञानं समुपदिदेश गीतया यः।
आनन्दं कलयतु शाश्वतं ममायं गोविन्दः स हि मयि संनिधानमेतु॥
यत्र प्रदर्श्या विषया पुरातना यत्र प्रकारोऽभिनवः प्रदर्शने।
यत्र प्रमाणं श्रुतयः सयुक्तयस्तद् ब्रह्मविज्ञानमिदं विमृश्यताम्॥

श्री प्रद्युम्न शर्मा जी द्वारा प्रस्तुत ग्रन्थ में ग्रन्थारम्भ के कोई चिह्न नहीं हैं। ग्रन्थारम्भ 'कश्यपात् सकलं जगत्' इत्याहुः। तमेतं कश्यपं व्याख्यास्यामः' वाक्ययोजना से होता है जो यह बताने में यथेष्ट है कि यह किसी प्रारब्ध ग्रन्थ का कोई भाग है, ग्रन्थारम्भक वाक्य

नहीं है।

सार्थ महर्षिकुलवैभव में कुल दो प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण ऋषिसामान्याधिकार का तथा द्वितीय प्रकरण वैदिकसृष्टिविषयक है। ऋषिसामान्याधिकार में ऋषि का निर्वचन है। यह निर्वचन दो रूपों में है—प्रथमनिर्वचन प्रवृत्तिचतुष्टयी के रूप में है और दूसरा निर्वचन प्रवर्तनरूप एक ही प्रवृत्ति को लेकर बताया गया है। सृष्टिप्रक्रिया का प्रतिपादक होने से द्वितीय प्रकरण कारण ब्रह्म के लक्षण से प्रारम्भ पाता है। इन दोनों प्रकरणों में यह खण्ड पूर्ण हो जाता है।

सृष्टिप्रवर्तक प्राणरूप ऋषियों के तथा वेदप्रवर्तक मनुष्यरूप ऋषियों के समान नाम वाले होने से तथा इनमें पारस्परिक घनिष्ठ सम्बन्ध होने से दोनों का साथ-साथ निरूपण अपेक्षित है, अतः प्रथम इनका सृष्टिप्रवर्तक रूप बताने के लिए सङ्क्षेप में सृष्टिप्रक्रिया का निरूपण करने जा रहे हैं, ऐसा स्पष्ट उल्लेख श्री ओझाजी ने प्रथम प्रकरण की समाप्ति में निम्नलिखित रूप में किया है—

"त एते सृष्टिप्रवर्तकाः प्राणविद्या वेदप्रवर्तकाश्च मनुष्यरूपाः समाननामत्वाद् घनिष्ठसम्बन्धाच्च सहैवात्र व्याख्येयाः। तत्रैतेषां सृष्टिप्रवर्तकत्वं व्याख्यातुं सृष्टिप्रक्रिया तावत् सङ्क्षेपेण प्रदर्श्यते।" (पृ. ८६)

यहाँ आये 'अत्र' पद का व्याख्यान श्री महामहोपाध्यायजी ने 'ग्रन्थेऽस्मिन्' किया है। यह ग्रन्थ 'महर्षिकुलवैभव' ही है जो दोनों का साथ-साथ प्रतिपादन करता है। ग्रन्थकार ने मोटे-मोटे तीन विभाग ऋषिसामान्याधिकार, सृष्टिप्रक्रिया तथा उभयविध ऋषियों में वेदप्रवर्तक ऋषियों का ऐतिह्यचरित प्राणविध ऋषियों के स्वरूप के साथ देना, किये हैं तथा तीनों मिलकर ग्रन्थ पूर्ण होता है, इसमें क्रम-परिवर्तन जैसी कोई बात नहीं है।

इन वेदप्रवर्तक ऋषियों में कतिपय की गणना श्री ओझाजी ने ऋषिसामान्याधिकार के उपान्त्य प्रघट्टक में इस रूप में की है—

"तथा च सिद्धम्—सन्ति स्म पुसकाले भृग्वङ्गिरोऽत्रिनामानः, मत्स्यवसिष्ठागस्त्य-नामानः, कश्यपकौशिकनामानश्च पारोवर्यविदो विद्वांसः। त एवैते वेदप्रवर्तका वेदाचार्या ऋषय इति।" (पृ. ८६)

यहाँ गणना का आरम्भ भृगु-अङ्गिरा से है, कश्यप इस क्रम में पर्याप्त दूर हैं।

सृष्टिप्रवर्तक और वेदप्रवर्तक ऋषियों का चरितक्रम भृगु आदि से प्रारम्भ करना था किन्तु श्री ओझाजी प्रारम्भ करते हैं कश्यप से, अतः वे—

'कश्यपात् सकलं जगद्' इत्याहुः, तमेतं कश्यपं व्याख्यास्यामः।' के रूप क्रमपरिवर्तन का औचित्य प्रतिपादित करते हैं। अतः श्री प्रद्युम्नजी शर्मा द्वारा किया गया दोषारोपण वृथा है।

विषयों के वारं वार एक ही ग्रन्थ में और ग्रन्थान्तरों में आवृत्त होने का जहाँ तक प्रश्न है, स्वयम् श्री प्रद्युम्नजी शर्मा भी स्वीकार करते हैं जैसा कि पूर्व पृष्ठों में उद्धृत उन्हीं के वाक्यों से स्पष्ट है। श्री ओझाजी की शैली इस प्रकार की आवृत्ति की रही है। भले ही प्राचीन वाङ्मय में यह विषय सर्वसामान्य में भी सुविदित रहा हो तथापि विगत ३०००-२५०० वर्षों में यह विस्मृतप्राय हो गया, अतः पुरातन होते हुए भी नवीन सा है, फलतः इसकी भूयोभूयः आवृत्ति अनिवार्य है। साथ ही श्री ओझाजी का यह विचार भी रहा है कि यथासम्भव एक ग्रन्थ का विषय उसी में पूर्ण हो जावे, अपेक्षित विषयों की जानकारी के लिए ग्रन्थान्तरों की आवश्यकता न हो, अतः वे सम्बद्ध विषय को अपेक्षित स्थल पर ही कभी विस्तार से तथा कभी सङ्क्षेप में प्रस्तुत करते हैं।

श्री ओझाजी के ग्रन्थों की संख्या विपुल है। यदि वे इस प्रकार स्थान-स्थान पर विषयावृत्ति न करते तो उनके अनेक ग्रन्थ अनुपादेय हो जाते। आज तो साधिकार यह कहा जा सकता है क्योंकि प्रकाशित से अधिक उनके अप्रकाशित ग्रन्थ अप्राप्त हैं। इनमें यदि वह विषय होता तथा ग्रन्थान्तर में आवृत्त नहीं होता तो ग्रन्थ अपूर्ण रह जाता।

आधिदैविकाध्याय की विषयसामग्री लेकर श्री महामहोपाध्यायजी ने महर्षिकुल-वैभव में रख दी है, ऐसी दबे स्वर में श्री प्रद्युम्न शर्मा जी की अभिव्यक्त मान्यता भी उचित नहीं है। यह ग्रन्थ (आधिदैविकाध्याय) यज्ञमधुसूदन महाग्रन्थ का एक भाग है। महर्षिकुलवैभव ब्रह्मविज्ञान महाविभाग के दिव्यविभूति रूप उपविभाग का एक ग्रन्थ है। अपने गुरु के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले महामहोपाध्यायजी जैसे आप्त विद्वान् ऐसा अकर्म कभी नहीं करेंगे।

वेद की प्रवृत्ति यज्ञ के लिये है ऐसी निर्विवाद मान्यता अद्यावधि सभी विद्वानों की प्राचीन वाङ्मय के आधार पर है। वेद ही प्रक्रिया रूप में आकर यज्ञ रूप में परिणत हो

जाता है। यज्ञ के लिये दैवतविज्ञान अनिवार्य है, अतः देवताज्ञान हेतु इस ग्रन्थ की रचना की गयी है। यहाँ देवता, पितर पर गम्भीर विचार कर ऋषि पर भी विचार किया गया है।

यह विषय ऋषिनिर्वचन नाम से प्रारम्भ किया गया है—प्रथम ऋषिनिर्वचन सामान्याधिकार, द्वितीय सृष्टिप्रवर्तकाधिकार है। यह २२ से ३२ तक ११ पृष्ठों में है। सर्वथा यही महर्षिकुलवैभव-प्रथम खण्ड में है। महर्षिकुलवैभव (मूल अथवा द्वितीय खण्ड) में वसिष्ठ प्रसङ्ग में भी ऋषि शब्द की चार प्रवृत्तियाँ व्याख्यात हैं।

महर्षिकुलवैभव-प्रथमखण्ड के पृष्ठ ९७ से १३४ तक का विषय द्वितीयखण्ड में ३१ से ३६ पृष्ठों तक ६ पृष्ठों में यथावत् है, समाप्ति का वाक्य भी 'सृष्टिर्भवतीति सृष्टिमात्र-साधारणो नियमः' एक ही है। द्वितीय खण्ड में यह 'भृगु-अङ्गिरा' प्रसङ्ग में है।

प्रथमखण्ड के १३५-१५३ तक १९ पृष्ठों में आया विषय यहाँ भृगु-अङ्गिरा प्रसङ्ग में ३८-३९ पृष्ठों में है, यहाँ भी अवसानवाक्य 'स एष सर्वसृष्टिसर्वसाधारणो नियमः' है। प्रथम खण्ड के १५४-५५ वें पृष्ठों पर 'प्राणस्य सप्तविभागाः' शीर्षक से सम्बद्ध विषय द्वितीय खण्ड के एक प्रघट्टक (३९ वें पृष्ठ पर) में यथावत् है। आगे का इससे ही सम्बद्ध 'आत्मनो वीर्यत्रयम्' का विवरण १५६-६० पृष्ठों में तृतीय चतुर्थ प्रघट्टक में विस्तरशः है जिसका द्वितीय खण्ड में अभाव है। प्रथम खण्ड के १६१ से २७६ तक ११६ पृष्ठों का विषय द्वितीय खण्ड में भृगु-अङ्गिरा के आरम्भ से अर्थात् ३१ वें पृष्ठ से प्रजापतेर्दशव्यूहाः अर्थात् ६३वें पृष्ठ तक अविकल रूप में है।

प्रथम खण्ड के २७७ वें पृष्ठ से 'सृष्टिप्रकरणनिष्कर्षः' प्रारम्भ होता है जो २९१ पृष्ठ तक चलता है तथा यहीं प्रथम खण्ड पूर्ण हो जाता है। यही विषय ज्यों का त्यों आधिदैविकाध्याय के 'अथ सृष्टिप्रवर्तकाधिकारः' में है जो २९ से ३२ पृष्ठ तक है।

प्रथम खण्ड का पाठ "एवमेषामधिदैवतमधिभूतमध्यात्मं च प्रतिविषयमन्येऽन्ये विलक्षणा बहवः कार्यधर्मा उपपद्यन्ते, ते चारण्यकोपनिषद्ग्रन्थेषु पुराणग्रन्थेषु च सुविशदं निरूपिताः, ते च सङ्क्षिप्याग्रे ऋषिनिरूपणे प्रदर्श्यन्ते" स्पष्ट बता रहा है कि आगे चल कर कश्यपादि ऋषियों का निरूपण किया जा रहा है, वहाँ आरण्यकादि में निरूपित अनेक विलक्षण कार्यधर्म सङ्क्षेप में बताये जावेंगे तत्तत् ऋषि के सम्बन्ध में। आधिदैविकाध्याय में ऐसा निरूपण नहीं है अतः वहाँ '...ग्रन्थेषु च सुविशदं निरूपितास्ते तेभ्य एवावधेयाः'

जैसा प्रकरणोचित वाक्यविन्यास किया गया है। इससे स्पष्ट है कि ऐसी पुनरावृत्तियाँ स्वयम् ओझाजी की ही हैं।

इसी भाँति अत्रिख्याति को लिया जा सकता है। यह इतिहास के प्राधान्य को लेकर रचित ग्रन्थ है। इसमें महर्षि अत्रि के वंश का वर्णन है जो अत्रिपुत्र चन्द्र के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसमें अत्रिप्राण तथा आकाशीय भास्वरपिण्ड चन्द्र का तथा ऐतिहासिक पुरुष महर्षि अत्रि तथा उनके पुत्र चन्द्र का विस्तृत वर्णन है। दोनों प्रकार के अत्रिचन्द्रों का २६ पृष्ठों में ३७ प्रघट्टकों में परिचय हैं। इसके पश्चात् इतिहास की दृष्टि से लगभग २७ पृष्ठों में २६ से ५५ तक चन्द्रराजचरित है। लगभग ३ पृष्ठों में चन्द्रपुत्र बुध का, तत्पश्चात् ५८ से ११३ पृष्ठ तक ६६ पृष्ठों में इलावर्णन है। यहाँ अनेक गम्भीर विषयों का इतिहास और भूगोल की दृष्टि से विवेचन है। अन्त में पुरुरवा की उत्पत्ति बताकर ग्रन्थ पूर्ण किया जाता है।

इस ग्रन्थ में महर्षिकुलवैभव (द्वितीय खण्ड) के अत्रि भाग को जो ८२-१२१=४० पृष्ठों में अक्षरशः लिया गया है। पण्डित श्री आद्यादत्तजी ठाकुर के सम्पादकत्व में अत्रिख्याति का प्रकाशन सन् १९२६ ई. में सार्थ महर्षिकुलवैभव के ३० वर्ष पूर्व तथा मूल महर्षिकुलवैभव के ३५ वर्ष पूर्व हो चुका था। इस पूर्व प्रकाशनभाव को तथा अत्रिख्याति जैसे नाम को दृष्टि में रख कर क्या यह कहना उचित होगा कि महर्षिकुलवैभव में यह चरित अत्रिख्याति से लिया गया है। यदि प्रकाशन के पौर्वापर्य को न लिया जावे तो क्या यह कहना उचित होगा कि अत्रिख्याति में यह महर्षिकुलवैभव से लिया गया है। वास्तविकता यह है कि श्री ओझाजी की बुद्धि में वैदिक वाङ्मय के स्वकल्पित ब्रह्मविज्ञान, यज्ञविज्ञान आदि सभी विभाग सदैव रहते थे, अतः विषय का ग्रथन तदनुसार करके कहाँ-कहाँ उसका सन्निवेश पूर्ण अथवा आंशिक रूप से व्यास अथवा समास रूप में करना है, निश्चित रहता था तथा तदनुसार ही उसका विभिन्न स्थलों पर उपयोग कर लेते थे।

अत्रिख्याति के आरम्भ में श्री ओझाजी का 'अत्रेरारभ्य बुधपर्यन्तस्त्रिपुरुषः प्रस्तावः प्रस्तूयते' जैसा प्रस्ताववाक्य है। इससे स्पष्ट है कि इसमें तीन मानव पीढ़ियों का प्रस्ताव है। इसे विशुद्ध ऐतिहासिक रूप में भी लिया जा सकता था किन्तु चन्द्र और बुध आकाशीय पिण्ड के रूप में प्रसिद्ध हैं तथा उस चन्द्रपिण्ड को अत्रि का पुत्र बताया जाता है। इसकी

सङ्गति कैसे? इस प्रकार की जिज्ञासाओं के समाधान के लिए वैज्ञानिक इतिवृत्त देना आवश्यक समझ कर इस इतिवृत्त ग्रन्थ में उस विषय को ले लिया गया।

यहाँ २-अत्रि, ३-चन्द्र, ४-बुध जैसा तथा बिना क्रम 'इला' का निर्देश है। यद्यपि अत्रिख्याति का इससे पूर्ववर्ती कोई भाग नहीं है जिसमें 'प्रथम' क्रम के पुरुष का निर्देश हो। यह प्रथम पुरुष ब्रह्मा ही हो सकता है जैसा कि अत्रिख्याति का "१–तत्र आदिब्रह्मणो बहुषु पुत्रेषु तृतीयोऽत्रिर्ब्रह्मा चन्द्रवंशप्रवर्तको मूलपुरुष आसीत्" यह प्रथम वाक्य बता रहा है। ब्रह्मा का चरित 'जगद्गुरुवैभवम्' में है। इन जगद्गुरु ब्रह्मा को प्रथम मानकर अत्रि आदि को द्वितीय आदि क्रम दिये गये हैं। इला बुध की पत्नी है, अतः उसे पीढी गणना में क्रम नहीं दिया गया। अत्रिख्याति का अन्तिम पद्य—

ब्रह्मादीनां बुधान्तानां न मनुष्यत्वमिष्यते।
ततोऽग्रे चन्द्रवंशोऽयमैलप्रकृतिरुच्यते॥

बता रहा है कि १. ब्रह्मा २. अत्रि ३. चन्द्र ४. बुध रूप में पुरुषक्रम है।

आज यदि वैवस्वतख्याति होती तो वहाँ १. ब्रह्मा २. मरीचि ३. कश्यप ४. विवस्वान् क्रम होता, विवस्वत्पुत्र मनु से वंशक्रम गणना होती। महर्षिकुलवैभव में पीढी गणना जैसी बात न होने से वहाँ अत्रि को कोई गणनाक्रम नहीं दिया गया।

प्रथम भाग में किसी ऋषिविशेष का उसके कुल की दृष्टि से वर्णन नहीं है अतः उसका 'महर्षिकुलवैभव' नाम उचित नहीं लगता है, इस दृष्टि से श्री प्रद्युम्नजी शर्मा द्वारा दिया गया ग्रन्थ ही 'महर्षिकुलवैभव' है, ऐसा सोचना भी उचित नहीं है। यह विचार इसलिये भी समाधेय है कि स्वयं श्री प्रद्युम्नजी शर्मा ने ऋषि-कुल के वैभव को बताने वाले ग्रन्थ को ही अन्वर्थ नाम के आधार पर महर्षिकुल माना है। वे लिखते है—

"प्रस्तुत ग्रन्थ में जिस विषय का विवेचन किया गया है वह ग्रन्थ के नाम से ही स्पष्ट है अर्थात् महर्षियों के कुल का वैभव। कश्यप, वसिष्ठ आदि जिन महर्षियों का इनमें वर्णन है, क्या वे एक ही वशिष्ठ आदि ऋषि थे, अथवा शरीरधारी मनुष्य ही थे, किं वा अन्यत्र भी उक्त नामों का प्रयोम होता था इत्यादि बातों का ऐतिहासिक अर्थात् उन उन नामों के ऋषियों एवम् उनके वंशजों का पूरा वर्णन साथ ही वैज्ञानिक, जैसे वसिष्ठ आदि तारामण्डल में भी हैं, इस प्रकार ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक दोनों प्रकारों को बड़े परिश्रम

और खोज से पूर्णरीत्या विस्पष्ट किया गया है।''

क्या कुल शब्द का एकमात्र अर्थ वंश ही है? कुल समूह भी है, फलतः महर्षियों के समूह का विभूतिभाव इसका अर्थ है। इस दृष्टि से प्राणों के अनन्त भेदों में प्रमुख १२ प्राणों के अर्थात् ऋषिजाति के सामान्य स्वरूप का विवेचन देते हुए उनकी सृष्टिसर्जना जैसी महत्ता को बताना इस नाम के अर्थ के अनुसार ही है। यही प्रथम भाग में है।

इन ऋषियों में वशिष्ठादि कतिपय ऋषियों के द्रष्टा उनके सनाम मानव ऋषियों के चरित के साथ मूल ऋषियों का वैज्ञानिक वैभव तथा द्रष्टा ऋषियों के कुल का वैभव भी इसका अर्थ है तदनुसार द्वितीय भाग की सार्थकता है। कुल शब्द को यहाँ पीढ़ी के रूप में भी तथा पर्षद् ब्रह्माओं के उत्तरोत्तर क्रम के रूप में भी एक साथ लिया जा सकता है।

श्री ओझाजी के शिष्यों में पं. आद्यादत्तजी ठाकुर इनके अनेक ग्रन्थों के सम्पादक रहे हैं, ये लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्राध्यापक थे। इनकी सुप्रसिद्ध कृति 'वेदों में भारतीय संस्कृति' श्री ओझाजी के विचारों पर आधारित है। सन् १९६७ में इसका प्रथम प्रकाशन हिन्दी-समिति उत्तरप्रदेश, लखनऊ से हुआ है। पुनः प्रकाशन राजस्थान पत्रिका से हुआ है। इस पुस्तक के पृष्ठ १४७ से १५९ तक १३ पृष्ठों में ऋषि निरूपण हुआ है। यह सम्पूर्ण निरूपण महर्षिकुलवैभव प्रथम खण्ड के अनुसार है, ऐसा लगता है कि उसका क्रमिक अक्षरानुवाद है। ऐसी स्थिति में महर्षिकुलवैभव-प्रथम खण्ड को म.म. गिरिधर शर्माजी की देन कहना सर्वथा अनुचित है।

संस्कृत रत्नाकर का संवत् १९९३ अथवा सन् १९३६ में श्रीमान् ओझाजी के ७० वें वर्ष प्रवेश पर अभिनन्दन के रूप में 'वेदाङ्क' प्रकाशित किया गया था। इसमें इनके ग्रन्थों की तालिका (बृहत् सूची) दी गयी है। यहाँ दिव्यविभूति में द्वितीय ग्रन्थ महर्षिकुलवैभवम् गिना गया तथा विषय बताया गया है '(२) महर्षिकुलवैभवम् (ऋषि-रहस्यम्–भौमार्षेयोपाख्यानम्)'। ऐसा ही 'जगद्गुरुवैभवम् (ब्रह्मरहस्यम्–भौमब्रह्मोपाख्यानम्)' 'स्वर्गसन्देशः (देवरहस्यम्–भौमदेवोपाख्यानम्)' विषयक निर्देश है। इन तीनों के परिचयात्मक विवरण को देखने से प्रत्येक ग्रन्थ के दो विभाग स्पष्ट प्रतीत होते हैं— ब्रह्मा, ऋषि तथा देवों का रहस्य तथा इनमें कतिपय का चरितात्मक आख्यान पृथक्-पृथक् निर्दिष्ट हैं। भले ही श्री ओझाजी ने दो ग्रन्थों के रूप में निर्देश न किया हो, विभाग स्पष्ट हैं। भाग रूप में सम्भव है महामहोपाध्यायजी ने विभाजन किया हो।

पण्डितवर्य श्री नवलकिशोर जी शर्मा काङ्कर का 'कृति-परिचयः' नाम का लेख है। इसमें विस्तार से 'महर्षिकुलवैभवम्' का परिचय निम्नलिखित रूप में है—

"४. महर्षिकुलवैभवम् (ऋषिरहस्यम्) विविधा हि ऋषयो भवन्ति सृष्टिप्रवर्तकाः वेदप्रवर्तकाः गोत्रप्रवर्तकाश्च। तत्र सृष्टिप्रवर्तकास्त्रिविधाः—एकर्षयः सप्तर्षयः दशर्षयश्च। अन्यैरसंसृज्यमाना एकर्षयः, सप्तसप्तैव सहकृताः सप्तर्षयः, यत्र त्रयश्चत्वारो बहवो वा यथासम्भवं मिलितास्तिष्ठन्ति ते दशर्षयः–इति। अथ 'प्राणा वा ऋषयः' इत्यादिश्रुतिसम्मतान् ऋषिप्राणान् ये ये विपश्चितः समपश्यन्, ते तेऽपि अगस्त्य-कौशिक-वसिष्ठ-प्रभृतिभि-स्तदृषिनामभिः प्रसिद्धा अभूवन्। एत एव मन्त्रद्रष्टारः सप्तर्षिप्रभृतय ऋषयस्तद्वंश्या वा विद्वांसो वेदप्रवर्तका महर्षयः। अथ च तत्तत्प्राणसंघटितात्मनां मन्त्रद्रष्टॄणां महर्षीणामपत्य-परम्परायामपि तेषां पुत्राणामात्मनस्तत्तत्प्राणैः कृतरूपा अभूवन्। अतस्त एते गोत्रप्रवर्तका ऋषयः प्रसिद्धा जाताः।

इह पुस्तके कश्यप-कौशिक-वसिष्ठागस्त्यप्रभृतयः कतिपये महर्षयः प्राणविधा मनुष्यविधाश्च सुविशदं निरूपिताः। वेदमन्त्राणां केषां कतिपयानां वा के के ऋषय इत्यप्यत्र प्रदर्शितम्। तथा च केऽमी ऋषयः, कश्चैतेषां वेदमन्त्राणां तैः सम्बन्धः, कथंकारं च ते कश्यपकौशिकादिमहर्षिप्राणान् समाप्नुवन्–इत्यादि विषयाणां वैज्ञानिकं प्रतिपादनं समुद्भावयति अनल्पमाह्लादं मनसि नवशिक्षाजुषामपि विदुषाम्।"

यहाँ भी ऋषितत्त्व का ऋषिरहस्य नाम से विस्तृत परिचय दिया गया है, इसके पश्चात् कश्यपादि मनुष्य ऋषियों के वर्णन का उल्लेख है। इससे यह प्रमाणित होता है कि महर्षिकुलवैभव में प्रथम ऋषितत्त्व व्याख्यात है तदनन्तर ऋषिविशेषों का चरित। यह वैज्ञानिक और मनुष्यविध दोनों ही प्रकार का है। इस प्रकार इस निबन्ध के १३ वर्षों की दीर्घ अवधि के पश्चात् महर्षिकुलवैभव के प्रकाशन का निर्णय लिया गया था, जो ग्रन्थ इस लेख में वर्णित ग्रन्थ से भिन्न नहीं है। महर्षिकुलवैभव के प्रकाशकीय निवेदन से यह स्पष्ट है—

"वैदिकविज्ञानमार्तण्ड विद्यावाचस्पति स्वर्गीय विद्वद्वर्य श्री मधुसूदनजी ओझा रचित 'महर्षिकुलवैभवम्' नामक ऋषितत्त्वनिरूपणात्मक ब्रह्मविज्ञानशास्त्रीय ग्रन्थरत्न को महामहोपाध्याय श्री गिरिधर जी शर्मा चतुर्वेदी के सम्पादकत्व में प्रकाशित करने का निर्णय राजस्थान सरकार द्वारा संस्थापित संस्कृतमण्डल की दिनाङ्क २८ जून १९५० की

बैठक में हुआ था। उपर्युक्त निर्णयानुसार यह कार्य राजस्थान पुरातत्त्व मन्दिर के तत्त्वावधान में उसी समय आरम्भ कर दिया गया था। श्री महामहोपाध्यायजी उस समय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में संस्कृत शिक्षा सञ्चालक के पद पर आसीन थे। अतः उनकी देख-रेख तथा सुविधा के लिए मुद्रणकार्य काशीराज मुद्रणालय, रामनगर को सौंपा गया।''

इससे इतना तो स्पष्ट है कि निर्णय पूरे ग्रन्थ के प्रकाशन का लिया गया था तथा इसका सम्पादन श्री महामहोपाध्यायजी को दिया गया तथा बनारस में ही मुद्रण की सुविधा भी उपलब्ध करा दी गयी। इतना सब कुछ होने पर भी इसके प्रकाशन में छः वर्ष लग गये तथा वह भी केवल पूर्वार्ध अथवा प्रथम खण्ड मात्र के प्रकाशन में।

ऐसा क्यों हुआ? इस विचार में प्रवृत्त होने पर ऐसा लगता है कि कार्यान्तर में अत्यन्त व्यस्त होने से श्री महामहोपाध्याय जी इस कार्य को अपेक्षित गति नहीं दे पाये तथा राजकीय नियमों के एवं संविदा के अनुसार उत्तरार्ध अथवा द्वितीय खण्ड के मुद्रण कार्य को रोक दिया गया हो। कतिपय कारणों से ग्रन्थ के एक साथ प्रकाशित न हो पाने का खेद जो श्री जिनविजयजी मुनिवर द्वारा प्रकट किया गया है, उसके पीछे यही कारण रहा हो।

श्री महामहोपाध्यायजी जैसे प्रभावी व्यक्ति पूरे ग्रन्थ को प्रकाशित करवाने में सफल न हो पाये, उन्होंने अपनी विवशताओं को देख कर चुप रहना ही उचित समझा हो। एक यह भी सम्भावना हो सकती है कि ग्रन्थ का शेष भाग वे व्याख्या और अनुवाद के साथ तैय्यार ही न कर पाये हों। कारण कुछ भी रहा हो, ग्रन्थ के शेष भाग का यहाँ से प्रकाशन तो खटाई में पड़ ही गया।

इस स्थिति का बोध होने पर श्री प्रद्युम्नजी शर्मा ने अपने प्रयासों से प्रतिष्ठान द्वारा ही ग्रन्थ के प्रकाशित हो जाने का विचार किया हो। इस विचार के कार्यान्वयन के लिये उन्हें यह मार्ग लेना पड़ा हो। यदि श्री ओझाजी का मूल ग्रन्थ ही प्रकाशित न हुआ हो तथा उनके नाम पर कोई अन्य ग्रन्थ प्रकाशित हो गया हो तो संस्कृतमण्डल का प्रस्ताव तथा प्रतिष्ठान का सम्पूर्ण प्रयास ही अकिञ्चित् कर हो जाना है, इस आधार पर उनका पुनः इस ग्रन्थ के प्रकाशन का आग्रह रहा हो।

इस मूल संस्करण के 'सञ्चालकीय वक्तव्य' के कुछ भागों से यह अनुमान पुष्ट

होता है। इसका कुछ भाग पूर्व पृष्ठों में दिया जा चुका है, कुछ निम्नलिखित है—

"प्रस्तुत पुस्तक के इस आवृत्ति प्रकाशन से यह प्रयत्न आपाततः अनवीकृत-सा प्रतीत होता है किन्तु वास्तविक स्थिति इस सम्भावना से विपरीत है क्यों कि इस सम्पादन में पण्डितवर श्री प्रद्युम्नजी ओझा ने पुस्तक के मूल लेखक के अपत्याधिकार से जो निसर्गवैशिष्ट्य अर्जित कर उसका भावनात्मक सम्पुट देते हुए इस दुरूह वैदिक विषय को सारांशरूपेण हिन्दी में उपन्यस्त कर दिया है, इससे यह प्रयास पुनर्नवीकृत ही हो उठा है।"

क्या महामहोपाध्याय जी द्वारा व्याख्यात एवम् अनूदित शेष भाग भी प्रकाशित किया जाता तो यह अनवीकृत होता अथवा नवीकृत? क्या श्री प्रद्युम्नजी द्वारा सारांश प्रस्तुत कर देने मात्र से यह प्रयास नवीकृत हो गया है? संस्कृत-मण्डल द्वारा सिफारिश तो समान रूप से ही थी फिर अपत्याधिकार को विशिष्ट आधार बनाने की आवश्यकता क्या थी? क्या इस मूलग्रन्थ को श्री महामहोपाध्याय जी द्वारा प्रदत्त प्रति से मिला लिया गया था? यदि दोनों में साम्य हो तो क्रमपरिवर्तन का प्रश्न कहाँ उठता है?

इस दृष्टि से निर्णयात्मक कथन के लिये प्रतिष्ठान एवं पण्डित श्री देवीदत्तजी शर्मा, जिनके द्वारा प्रथम खण्ड का अनुवाद किया गया था, के साथ सम्पर्क करना इस समय अत्यल्प अवधि में सम्भव नहीं है। यह भविष्य का विषय है किन्तु पूर्व विवेचन से स्पष्ट है कि दोनों मिलकर पूर्ण महर्षिकुलवैभव है। आशा है मनीषी जन इस पर विचार करेंगे। इति शम्।

10-02-2005

अनन्त शर्मा
सदस्य
परामर्शदातृमण्डल
पण्डित मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
तथा
निदेशक
गोदावरी आर्यकन्या शिक्षण समिति, ब्यावर

❑❑❑

अनुक्रमणिका

Preface	:	Dr. G. L. Suthar	**i**
किमप्यावश्यकम्	:	पण्डित अनन्त शर्मा	**v**
1. 'महर्षिकुलवैभवम्'—मूलग्रन्थ-विनिर्णय	:	श्री अश्विनी कुमार	**1**
2. वेद का पौरुषेयापौरुषेयत्व-विचार	:	डॉ. गणेशीलाल सुथार	**8**
3. वर्णव्यवस्था-विज्ञान—पण्डित श्री ओझाजी की दृष्टि में	:	डॉ. सत्यप्रकाश दुबे	**16**
4. ऋतु-निरूपण	:	डॉ. भल्लूराम खीचड़	**27**
5. वैराज पुरुष 'मनु'	:	डॉ. मङ्गलाराम विश्नोई	**34**
6. ऋषि शब्द का निर्वचन	:	डॉ. ठाकुरदत्त जोशी	**40**
7. षोडशकल-पुरुष	:	डॉ. दयानन्द भार्गव	**44**
8. महर्षिकुलवैभवम्—पूर्वार्द्धम् (प्रथमप्रवृत्तिपर्यन्ता हिन्दी-व्याख्या)	:	प्रद्युम्न कुमार शास्त्री	**51**

'महर्षिकुलवैभवम्'—मूलग्रन्थ-विनिर्णय

(रा.प्रा.वि.प्र., जोधपुर द्वारा प्रकाशित)
(ग्रन्थाङ्क ६ और ग्रन्थाङ्क ५९ की तुलना के आधार पर)

✍ श्री अश्विनी कुमार
जयपुर

अभी हाल ही में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में वेदवाचस्पति पं. मधुसूदन ओझा विज्ञान-कार्यशाला के पक्ष भर चले सत्र में कुछ विद्वानों में ग्रन्थाङ्क ६ और ग्रन्थाङ्क ५९ अर्थात् महामहोपाध्याय पं. गिरिधर शर्मा जी चतुर्वेदी द्वारा व्याख्यात व हिन्दी में अनुवादित तथा सम्पादित ग्रन्थाङ्क ६ और ओझा जी के सुपुत्र स्व. प्रद्युम्न जी द्वारा संपादित मूलमात्र (हिन्दी उपोद्घात सहित) ग्रन्थाङ्क ५९ में विषयवस्तु-भेद के बारे में प्रश्न उठाए थे। जोधपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. दयानन्द भार्गव ने ग्रन्थाङ्क ६ को स्वतंत्र ग्रन्थ ही माना था, जबकि अन्य कुछ विद्वानों का मत था कि यद्यपि ग्रन्थाङ्क ६ अधूरा तो अवश्य है पर पाठ का जहाँ तक प्रश्न है वह समान है। डॉ. दयानन्द भार्गव के स्तर के मूर्धन्य विद्वान् ने जब ग्रन्थाङ्क ६ को लगभग स्वतंत्र ग्रन्थ कहा तब मुझे लगा इस समस्या पर गम्भीरता से विचार होना चाहिए। मानवाश्रम के सौजन्य से तथा जोधपुर विश्वविद्यालय के एक मित्र के सौजन्य से मुझे दोनों ग्रन्थ हाल ही में उपलब्ध हो सके। इन दो ग्रन्थों—मैं इन्हें संस्करण कहना नहीं चाहूँगा—के तुलनात्मक अध्ययन के निष्कर्ष में इस विद्वत्परिषद् के समक्ष विचारार्थ समुपस्थित करने की अनुज्ञा चाहता हूँ।

मुनि श्री जिनविजयजी, सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,जोधपुर ने

ग्रन्थाङ्क ५९ के सञ्चालकीय वक्तव्य में लिखा है—''ओझा जी के सुपुत्र पं. श्री प्रद्युम्न जी शर्म्मा हमारे पास 'महर्षिकुलवैभवम्' की मूल प्रति लेकर आए और बताया कि इस ग्रन्थ की मूल पुस्तक जो उनके पिता जी ने लिखी थी उसमें और राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान से प्रकाशित पूर्व पुस्तक में कुछ क्रम परिवर्तन हो गया है... ।'' श्री प्रद्युम्न शर्मा ने भूमिका में भी लिखा है—''मेरी दृष्टि में लेखक के भावों की रक्षा के लिए उसी क्रम का निर्वाह करना समुचित प्रतीत होता है। फलतः सम्पूर्ण मूल ग्रन्थ को अक्षुण्ण रखते हुए यथावत् सम्पादन और प्रकाशन की आवश्यकता प्रतीत हुई।''

उपर्युक्त से एक बात सुनिश्चित है कि मूल ग्रन्थ से काफी हट कर म.म. गिरिधरजी ने ओझा जी के ग्रन्थों से सामग्री लेकर लगभग स्वतंत्र सामग्री को 'महर्षिकुलवैभवम्' का नाम देकर व्याख्या सहित प्रकाशित किया जो उनके पुत्र को अनुचित प्रतीत हुआ और आगे विद्वानों में मूल ग्रन्थ के बारे में भ्रम की निवृत्ति के लिये उन्होंने मूल ग्रन्थ को दुबारा यथावत् अविकल प्रकाशित करवाया। अतः मूल ग्रंथ ग्रन्थाङ्क ५९ ही है, ग्रन्थाङ्क ६ नहीं।

भूमिका में स्व. प्रद्युम्न जी ने थोड़ी क्रमभेद की तुलना लगभग सात पंक्तियों में की है और अपने सङ्केत को विद्वानों को संप्रेषित करने का प्रयास इन शब्दों में किया है—''सम्भव है कि पाठकों के सौविध्य की दृष्टि से यह क्रम परिवर्तित किया गया हो।''

विचारणीय यह है कि ग्रन्थाङ्क ६ में और ग्रन्थाङ्क ५९ में कितना, कैसा अन्तर है और उससे ग्रन्थकार ओझा जी के मूल वक्तव्य को क्रमपरिवर्तन, पाठपरिवर्तन से क्या बल मिला है ?

मङ्गलाचरण—ग्रन्थाङ्क ५९ में पाठ है—

(1) कश्यपात् सकलं जगदित्याहुः। तमेतं कश्यपं व्याख्यास्यामः—

अर्थात् वे अन्य ग्रन्थों की तरह यहाँ कोई औपचारिक मङ्गलाचरण नहीं रच कर 'कश्यपात् सकलं जगदित्याहुः' में सकल जगत् की कश्यप से रचना मानकर 'कश्यप' पद में ही माङ्गलिक भाव देख रहे हैं।

जबकि ग्रन्थाङ्क ६ में म.म. पं. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी ''यो यज्ञो दिवि परमेष्ठिगोसवाख्यो विज्ञानं समुपदिदेश गीतया यः। आनन्दं कलयतु शाश्वतं ममायं गोविन्दः स हि मयि संनिधानमेतु।'' ''यत्र प्रदर्श्या विषयाः पुरातना यत्र प्रकारोऽभिनवः प्रदर्शने। यत्र प्रमाणं श्रुतयः सयुक्तयस्तद् ब्रह्मविज्ञानमिदं विमृश्यताम्।''—इन पद्यों को उनके अन्य

ग्रन्थ से लेकर 'महर्षिकुलवैभवम्' पर आरोपित कर रहे हैं जो मूलग्रन्थ में नहीं हैं। संभवतः ग्रन्थ को सृष्टि-विद्या का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ घोषित करने की दृष्टि से आचार्यप्रवर ने वैसा किया होगा।

ग्रन्थारम्भ—ग्रन्थाङ्क ६ की कंडिका १ से लेकर कंडिका ४ की सामग्री आधिदैविकाध्याय के पृष्ठ २२ पर से उठाई गई है। पुनश्च ग्रन्थाङ्क ६ की कंडिका ५ से ११ की सामग्री उसी ग्रन्थ ५९ 'महर्षिकुलवैभवम्' मूलमात्र के पृष्ठ १७ पर मिलती है। कारिका १२ की सामग्री पुनः 'आधिदैविकाध्याय' के पृष्ठ २२ की छठी व सातवीं पंक्ति "प्राणा एव देवाः, प्राणा एव ऋषयः, किन्तु न देवा ऋषयो न ऋषयो देवाः"—से ली गई है। कारिका १५ तक की सारी सामग्री उसी ग्रन्थ के "इति प्रथमा प्रवृत्तिः ॥१॥" तक की है।

सम्पूर्ण द्वितीया प्रवृत्तिः की कंडिका १ से कंडिका ५ में, आधिदैविकाध्यायः के पृष्ठ २२-२३ "अथ या एता रोचन्ते रोचना दिविः" से लेकर चायमृषिशब्दोपचारो दृश्यते"। से उठाई गई सामग्री है।

कंडिका (६) "आसु सप्तसु तारासु" से लेकर कंडिका (९) "एवमन्येऽप्युत्तरस्यां दिशि"... तक का स्रोत पुनः ग्रन्थाङ्क ५९ का पृष्ठ १८ "तत्र चत्वारश्चतुरस्रक्षेत्रकोणस्थाः, से लेकर एवमन्येऽप्युत्तरस्यां दिशि मार्कण्डेयकश्यपादयो मध्याकाशे बृहस्पति-मत्स्यादयोऽवाच्यामगस्त्यादयस्ताराविशेषा ऋषित्वेनेष्यन्ते।" है। कंडिका ११—अत्र मतम्...इत्यादि पुनः 'आधिदैविकाध्याय' के पृष्ठ २३ की निम्न सामग्री "अथ मतम्। सूर्य्यरश्मिप्रतिष्ठाः, सर्वे प्राणा देवाः। चन्द्रांशुप्रतिष्ठाः, सर्वे प्राणाः पितरः। ऋक्षरोचना प्रतिष्ठाः, सर्वे प्राणा ऋषयः इति॥ इति द्वितीया आवृत्तिः ॥२॥ शब्दशः यथावत् उठा ली गई है।

पुनः ग्रन्थाङ्क ६ पृष्ठ २५ "अथ तृतीया प्रवृत्तिः" के अधीन कंडिका १ से लेकर कंडिका ५ सिद्धम् तक आधिदैविकाध्याय पृष्ठ २३ से पूरी की पूरी यथावत् उठाई गई है। पुनः कंडिका ६ से लेकर कंडिका १० केनचिद् विशिष्यते की सामग्री 'आधिदैविकाध्यायः' अथ वेदप्रवर्तकाधिकारः तत्र ॥ वेदर्षिरहस्यम्॥ पृष्ठ ३३ के प्रथम सम्पूर्ण अनुच्छेद में दी गई सामग्री है।

पुनः कंडिका (११) तथा चैषामृषीणां से लेकर कंडिका २५ की सामग्री म.म. गिरिधर जी ने 'आधिदैविकाध्यायः' के पृष्ठ २४ के प्रारंभ "तथा चैषामृषीणां"—से

लेकर पृष्ठ २५ के दूसरे अनुच्छेद से उठाई है। २६ वीं व २७ वीं कारिका सम्भवतः उनकी अपनी है। पुनश्च कारिका २८ से कारिका ३६ और चतुर्थी प्रवृत्तिः की कारिका १ से लेकर कारिका १५ के अन्त तक की पूरी सामग्री उसी 'आधिदैविकाध्यायः' के पृष्ठ २५ 'युगान्तेऽन्तर्हितान्' से लेकर पृष्ठ २८ के अन्त "इति चतुर्थी प्रवृत्तिः" तक की शब्दशः उठाई गई है।

"अथ द्वितीयं निर्वचनम्" पृष्ठ ८५ की कंडिका

१. अपर आह—एकमेवेदं प्रवर्त्तकत्वं नाम ऋषित्वमास्थेयम् वाली सम्पूर्ण कारिका उसी 'आधिदैविकाध्याय' के पृष्ठ २९ "अथ सृष्टिप्रवर्त्तकाधिकारः" की यथावत् प्रथम अनुच्छेद है।

उसके पश्चात् की कंडिका २ से कंडिका १५ तक की सामग्री ओझाजी के किसी अन्य ग्रन्थ से ली गई प्रतीत होती है।

पृष्ठ ९७ पर "अथ द्वितीयं प्रकरणम् उक्थं, प्रतिष्ठा सामेति कारणब्रह्मलक्षणम्।"

ग्रन्थाङ्क ६, पृष्ठ ३१ "उक्थं प्रतिष्ठा सामेति कारणब्रह्मलक्षणम्" से दोनों ग्रन्थों की सामग्री (ग्रन्थाङ्क ६ व ग्रन्थाङ्क ५९) की मिलना प्रारंभ होती है। संपादकाधिकार से मूल में वे थोड़ा परिवर्तन/परिवर्धन करते मिलते हैं।

- पृष्ठ ११४ (ग्रन्थाङ्क ६) और पृष्ठ ३३ (ग्रन्थाङ्क ५९) मिलाने पर "विष्ठानं संस्थानं व्याप्तिसीमा" म.म. गिरिधर शर्म्मा जी जोड़ते मिलते हैं।
- पृष्ठ ११८ (ग्रन्थाङ्क ६) व पृष्ठ ३४ (ग्रन्थाङ्क ५९) मिलान करने पर ज्ञात होता है कि 'तत्पूर्णं रूपम्'। यत्पूर्णं तदुक्थम्, स आत्मा। के बीच में (ग्रन्थाङ्क ५९) में 'विस्रसासंभारितानां मनसि प्राणवाचां साम्येनात्मनो विश्लिाङ्गपरिपूर्तेः संभवात्।' अंश अधिक मिलता है जो ग्रन्थाङ्क-६ में नहीं है।
- पुनश्च ग्रन्थाङ्क ५९ के पृष्ठ १२० व ग्रन्थाङ्क ६ के ३४ का मिलान करने पर "तत एव चाशितिर्नास्ति। (ग्रन्थाङ्क ५९) के बाद ग्रन्थाङ्क ६ में विराम न होकर "अशनग्रहणस्यापेक्षितस्य बहिर्यामप्राणस्य विज्ञानाल्पत्वेन कर्म्मदोषेण चानुपार्जितत्वात्" हेतुवाक्य मिलता है।
- पृष्ठ १२० के बाद ग्रन्थाङ्क ६ में १२१ पर जहाँ नई कंडिका (१०) यदपूर्णं से प्रारंभ होती है वहाँ ग्रन्थाङ्क ५९ में "यावानस्य मनसोऽन्तर्य्यामप्राणः। यावती

चास्येच्छा विषयभूता बुद्धिमयीवावन् तदुभयसाम्येनाशितिलाभो नास्तीति वैषम्यात्। तदिदमुदरमन्तरं कुरुते तस्माद् वैषम्यं सर्वत्र दुःखाय कल्पते। आतश्चेयं सवासनेच्छा दुःखमयी भवत्यल्पप्राणस्य।''अधिक पाठ मिलता है।

- पृष्ठ १२६ ग्रन्थाङ्क ६ और पृष्ठ ३५ ग्रन्थाङ्क ५९ में 'यदोपहन्यते' 'यदेवोपहन्यते' पाठभेद है।
- पुनश्च ग्रन्थाङ्क ६ पृष्ठ १२८ पर—''दिव्यैर्दैवैः संश्लेषयति, तदात्मावदानं यज्ञः।'' पाठ है वहाँ ग्रन्थाङ्क ५९ में ''आत्मा वितायमानो यत्राधिदैविकैर्दैवैः संयोज्यते। के पश्चात् ''मानुषे आत्मन्नि दैवमात्मानमुत्पाद्य यत्रैनं दैवमात्मानं दिव्यैर्दैवैः संश्लेषयति तदात्मावदानं यज्ञः।'' पाठ है।
- पृष्ठ १३२ ग्रन्थाङ्क ६ पर के 'स्वस्यां' के स्थान पर ग्रन्थाङ्क ५९ पृष्ठ ३६ पर 'स्वस्मिन्' पाठ 'वाक्' को पुल्लिङ्ग मान कर है।
- पृष्ठ १३४ व पृष्ठ १३५ ''प्राजापत्यं कुरुक्षेत्रम्'' शीर्षान्तर्गत के बीच ग्रन्थाङ्क ६ में ८ पूरी-पूरी कंडिकाएँ 'ब्रह्म' की परिभाषा में दी गई हैं जो ग्रन्थाङ्क ५९ में नहीं हैं। किस कारण से म. म. गिरिधर जी ने हटाया है, वे सङ्केत नहीं करते।
- पृष्ठ १४० ग्रन्थाङ्क ६ में...सदुच्यते। पर अनुच्छेद समाप्त हो रहा है जबकि ग्रन्थाङ्क ५९ के पृष्ठ ३८ पर सदुच्यते के बाद विराम न होकर...''स यत्पुराऽस्मात्सर्वस्मादिदमिच्छन् श्रमेण तपसारिषत् तस्माद् ऋषिर्नाम।'' महत्त्वपूर्ण पंक्ति मिलती है।
- पुनः ग्रन्थाङ्क ६ के पृष्ठ १४० पर के...प्राणा वा ऋषयः पाठ के पश्चात् 'ते यत्पुरास्मात्' पाठ के स्थान में ग्रन्थाङ्क ५९ पृष्ठ ३८ में ''प्राणा वा ऋषयः'' इति हि वाजिश्रुतिः श्रूयते (६।१।१) प्राणा वा ऋषयो दैव्यासस्तनूपावानस्तन्वस्तपोजाः'' (ऐ.ब्रा. ९ अ. ३ ख.) इत्यैतरेयश्रुतिश्च। पाठ मिलता है। म.म. गिरिधर जी ने वाजिसनेयि श्रुति से...ते यत्पुरारस्मात् सर्वस्मादिदमिच्छन्तः श्रमेण तपसारिषन् तस्मादृषयः बढ़ा कर पाठ को और श्रेष्ठ किया है, सम्पूर्ण किया है।
- पृष्ठ १५५ (ग्रन्थाङ्क ६) पर ''ब्रह्म क्षत्रं विडिति वीर्याणि'' तक ग्रन्थाङ्क ६ व ग्रन्थाङ्क ५९ का पाठ लगभग समान है। पर उसके आगे ग्रन्थाङ्क ५९ पृष्ठ ३९ पर (पृष्ठ १।८२।१६) तत्र ब्रह्मवीर्य्यत्वे दिव्यभावोपपन्नोऽयमात्मा प्रशान्तवृत्तिर्धीमान्

शान्तिप्रधानो ज्ञानशीलः संपद्यते।...आदि से पाठभेद प्रारम्भ होकर ग्रन्थाङ्क ६ की कंडिका ३ और ४ में पूरा-पूरा पाठभेद है। सम्भवतः उन्हें मूल ग्रन्थ नहीं मिला था। अपने अध्ययन-काल में जितना जैसा वे कॉपी कर पाए थे उस सामग्री का उपयोग करते हुए गुरु के ग्रन्थ-विनिर्माण का उनका प्रयास दीखता है।

- ग्रन्थाङ्क ६ पृष्ठ २१९ पर "तत्र चतुर्थी गौः पार्थिवं तेजः" के पश्चात् पृष्ठ २२० पर "वाग्-गौः-द्यौः आदि से पाठ प्रारम्भ होता है, जबकि ग्रन्थाङ्क ५९ के पृष्ठ ५० पर "तत्र चतुर्थी गौः पार्थिवं तेजः।" के पश्चात् चार्ट दिया हुआ है।
- इसके पश्चात् ग्रन्थाङ्क ६ के पृष्ठ २७६ तक की सामग्री व ग्रन्थाङ्क ५९ के पृष्ठ ६३ पर "इत्थमेतं त्रिवृत्कृतमात्मानं विद्यात्" तक की सामग्री मेल खा रही है। पर ग्रन्थाङ्क ६ में उसके पश्चात् "प्रजापतेः स्थानानि" कर एक बड़ा चार्ट दिया गया है जो ग्रन्थाङ्क ६ में नहीं है।
- "सृष्टिप्रकरणनिष्कर्षः" ग्रन्थाङ्क ६ पृष्ठ २७७ से लेकर पृ. २८१ की सामग्री पुनः 'आधिदैविकाध्यायः' के पृष्ठ २९ पर "अथ सृष्टिप्रवर्तकाधिकारः" शीर्षान्तर्गत दूसरे अनुच्छेद "अस्ति हीदं हिरण्यमण्डलं शरीरमिव।" से प्रारम्भ होकर उपर्युक्त ग्रन्थ के इस "सृष्टिप्रवर्त्तकाधिकारः" के अन्त तक की यथावत् गृहीत की गई सामग्री है।

सम्भवतः वि.सं. २०१३ में ही ग्रन्थाङ्क ६ के प्रकाशित होने के पश्चात् तुरन्त मूल हस्तलिपि से इतना व्यापक भेद होने, पिताश्री के मूल ग्रन्थ के स्थान पर कल्पित मिश्रित सामग्री वाले ग्रन्थ के निकलने पर स्व. प्रद्युम्न ओझा जी की आकुलता बढ़ी होगी। उन्होंने संवत् २०१३ में ही पुरातत्त्वाचार्य जिन विजय मुनि को अपना शान्त विरोध प्रकट किया होगा। यह भी सम्भव है कि जिनविजय मुनि ने म. म. गिरिधर शर्म्मा जी चतुर्वेदी को इस विरोध के बारे में बताया हो। परिणामतः म.म. गिरिधर जी ने दूसरे खण्ड के प्रकाशन की योजना से मनोविराम ले लिया हो। स्व. प्रद्युम्न ओझा जी ने भी भूमिका में जब संवत् २०१८ में ग्रन्थ प्रकाशित हुआ, महामहोपाध्याय जी के प्रति पूर्ण आदर व्यक्त करते हुए अत्यन्त शालीन शब्दों में कैसे 'महर्षिकुलवैभवम्' में छः वर्ष पूर्व संवत् २००७ में प्रकाशित 'आधिदैविकाध्यायः' की पर्याप्त सामग्री का उपयोग किया गया;

इसका मात्र सङ्केत भर किया है।

वस्तुस्थिति यह है कि 'आधिदैविकाध्याय' के पृष्ठ २३ से पृ. ३२ की लगभग सारी की सारी ही सामग्री स्थान-स्थान पर ग्रन्थाङ्क ६ वाले "महर्षिकुलवैभवम्" में अत्यन्त चातुर्य के साथ बुद्धिमत्तापूर्वक इस्तेमाल की गई है। राजस्थान प्राच्यविद्याप्रतिष्ठान के ग्रन्थाङ्क ५९ वाले मूल ग्रन्थ "महर्षिकुलवैभवम्" के १३२ पृष्ठों में से "भृगुः अङ्गिराः" वाले प्रकरण में पृष्ठ ३१ पर कंडिका (३) "उक्थं प्रतिष्ठा सामेति कारणब्रह्मलक्षणम्" से लेकर पृष्ठ ६३ के "इत्थमेतं त्रिवृत्कृतमात्मानं विद्यात्।" तक ३१ पृष्ठ व तीन पंक्तियों की सामग्री ही ग्रन्थाङ्क ६ वाले "महर्षिकुलवैभवम्" में अन्तर्भुक्त हो पाई। महामहोपाध्याय जी दूसरे खण्ड में शेष १०० पृष्ठों की सामग्री का सम्भवतः अपने ढङ्ग से इस्तेमाल करने जा रहे थे।

मैं अत्यन्त विनय के साथ कहना चाहूँगा कि इन दो संस्करणों के तुलनात्मक अध्ययन का मेरा उद्देश्य इतना भर ही रहा है कि जब आज श्रद्धेय कुलिश जी के अथक प्रयासों से महर्षि वेद व्यास के पश्चात् के महानतम आचार्य्यों में अग्रगण्य स्व. ओझा जी के ग्रन्थों का अध्ययन करने, विश्लेषण करने और उनकी पाण्डुलिपियों को ग्रन्थरूप में प्रकाशित करने का मन हम बना रहे हैं तब यह देखना और आवश्यक हो जाता है कि उनके ग्रन्थों के क्रम के साथ तो बहुत छेड़छाड़ नहीं होती है, किसी अन्य का ग्रन्थ तो उनके नाम पर प्रचारित, प्रकाशित नहीं होता है। मुझे लगता है महामहोपाध्याय ने गुरु की सामग्री का पं. मोतीलाल जी शास्त्री की तरह स्वतंत्र उपयोग कर सृष्टिविद्या पर या सृष्टिप्रवर्तक ऋषियों पर स्वतंत्र ग्रन्थ लिखा होता तो हम परवर्तियों का कहीं अधिक उपकार हुआ होता बजाय ओझा जी के दो या तीन स्वतंत्र ग्रन्थों की सामग्री को अपने तरीके से पुनर्ग्रथित कर गुरु के नाम में ही उनके ही एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ 'महर्षिकुलवैभवम्' को पाठकों के समक्ष समुपस्थित करके। वैसा हो जाने से इन दो एक ही नाम के ग्रन्थ के संस्करणों को लेकर सामान्य पाठक तो क्या, विज्ञजनों में भी शङ्काओं ने स्थान ग्रहण किया है।

क्रमपरिवर्तन, पाठपरिवर्तन से ओझा जी के कथ्य पर, मन्तव्य पर पुनश्च कभी 'स्वतन्त्र लेख' यह मन्दबुद्धि देने का प्रयास करेगा।

❑❑❑

वेद का पौरुषेयापौरुषेयत्व-विचार

✍ डॉ. गणेशीलाल सुथार*

नमामि सद्गुरुं शान्तं स्वामिसुरजनं सदा।
यत्कृपालवलेशेन सत्तर्कस्फुरणं मम॥

भारतीय दर्शनप्रस्थानों के मूलस्रोत वेद के पौरुषेयत्व और अपौरुषेयत्व की समस्या दर्शनशास्त्र की जटिलतम समस्याओं में से एक है। प्रायः सभी दर्शनप्रस्थानों में इस विषय पर गहन चिन्तन किया गया है जिसके फलस्वरूप विभिन्न मतवाद प्रचलित हैं। एतद्विषयक विप्रतिपत्ति को सम्प्रतिपत्ति में परिणत करना दार्शनिकों के लिये एक बहुत बड़ी चुनौती है। स्वतन्त्रप्रज्ञ पुरुष तो इस विषय में चिन्तन कर किसी निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं, परन्तु परतन्त्रप्रज्ञ सामान्य जन इन परस्पर विरोधी मतों के प्रवृत्त होने से यह विचिकित्सा करते हैं कि ग्रन्थात्मक वेद अपौरुषेय और नित्य है अथवा पुरुषकृत और अनित्य।

आलस्यजाज्ञानतमोझरेणातिवाहितं ब्राह्मणवेदतत्त्वम्।
मनःसमुद्रे प्रतलावगाहादन्वेषितुं तत् क्रियते प्रयत्नः॥[1]

इस उद्घोष के साथ वैदिक विज्ञान के आविष्कार में प्रवृत्त समीक्षाचक्रवर्ती विद्यावाचस्पति पं. मधुसूदन ओझा जैसे अलौकिक प्रतिभा से सम्पन्न और स्वतन्त्रप्रज्ञ वैदिक दार्शनिक के द्वारा वेद के पौरुषेयत्व और अपौरुषेयत्व की समस्या के समाधानार्थ मौलिक चिन्तन करना सर्वथा स्वाभाविक ही था। महर्षिकुलवैभव, शारीरकविमर्श तथा जगद्गुरुवैभव आदि ब्रह्मविज्ञानसम्बन्धी ग्रन्थों में उन्होंने परम्पराप्राप्त विप्रतिपत्तियों का

---

* निदेशक, पण्डित मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

1. ब्रह्मसिद्धान्त, श्लोक 5

निवारण करते हुए इस समस्या के समाधान के लिये समन्वयपरक दृष्टि से प्रशंसनीय प्रयास किया है। शारीरकविमर्श में तो उन्होंने पौरुषेयापौरुषेयत्व-सम्बन्धी स्वमत के अतिरिक्त आस्तिक और नास्तिक दर्शनप्रस्थानों, इतिहासविदों तथा वैदेशिक विद्वानों के ४२ मतों का भी सङ्क्षिप्त, परन्तु सुस्पष्ट परिचय दिया है। उन महान् आचार्य के योग्यतम शिष्य पं. मोतीलाल शास्त्री ने सांस्कृतिक-व्याख्यानपञ्चक, उपनिषद्विज्ञानभाष्यभूमिका के प्रथम तथा द्वितीय खण्ड में वेद का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसके पौरुषेयत्व तथा अपौरुषेयत्व की समस्या के समाधान के लिये पं. ओझा के मत का स्थूणानिखननन्याय से युक्तिदृष्टान्तपूर्वक विशद निरूपण किया है। वेद के पौरुषेयापौरुषेयत्व के बारे में दार्शनिकों की महती विप्रतिपत्ति और अनपेक्षित तर्कवितर्क के कारण खिन्न हो कर शास्त्रीजी को यह कहना पड़ा––"पौरुषेयत्वापौरुषेयत्व जैसे निस्तत्त्व, निरर्थक, शुष्क कलह में पड़ कर अपनी कल्पित, भ्रान्त आस्तिकता के मोह में पड़ कर जिस क्षण से भारतीयों ने वेदशास्त्र को इतिहासमर्य्यादा से पृथक् किया है, उसी क्षण से हमारा गौरवपूर्ण अतीत इतिवृत्त स्मृतिगर्भ में विलीन हो गया है। हमारा अपना तो यह निश्चित दृष्टिकोण है कि यदि हमें अपने अतीत का वास्तविक स्वरूपज्ञान प्राप्त करने की जिज्ञासा है, तो हमें वैदिक इतिहास को ही अपना प्रधान लक्ष्य बनाना पड़ेगा।"[2]

महर्षिकुलवैभव (पूर्वार्द्ध)[3] की तृतीय प्रवृत्ति में पं. ओझा ने विद्या, ब्रह्म तथा वेद शब्दों की व्यवहारतः भिन्नता तथा परमार्थतः अभिन्नार्थकता, वेद के स्वरूप, ऋषियों के मन्त्रद्रष्टृत्व, मन्त्रकर्तृत्व, वेद के पौरुषेयापौरुषेयत्व आदि विषयों का विवेचन किया है। पौरुषेयापौरुषेयत्व की मीमांसा से पहले यह जानना आवश्यक है कि पं. ओझा के अनुसार वेद का स्वरूप क्या है? विज्ञानरूप वेद, जिसको उन्होंने ब्रह्मवेद, तात्त्विक वेद, मौलिक वेद आदि शब्दों से भी व्यवहृत किया है, अन्य है और ग्रन्थात्मक वेद अन्य। ग्रन्थवेद के लिये उन्होंने शास्त्रवेद तथा मन्त्रवेद शब्दों का भी प्रयोग किया है। ज्ञानात्मक वेद अपौरुषेय और नित्य है तथा शब्दात्मक वेद पौरुषेय और कृतक। पं. ओझा ने महर्षिकुलवैभव में यह प्रतिपादित किया है कि श्रुतिग्रन्थों में विद्या, ब्रह्म तथा वेद शब्द परमार्थतः एक ही विज्ञान के लिये पर्याय के रूप में प्रयुक्त देखे जाते हैं, परन्तु उपाधिकृत भेद के कारण

2. उपनिषद्विज्ञानभाष्यभूमिका (द्वितीय खण्ड), राजस्थानवैदिकतत्त्वशोधसंस्थान, जयपुर, पृ. 372
3. राजस्थान प्राच्यविद्या-प्रतिष्ठान, जोधपुर द्वारा प्रकाशित ग्रन्थाङ्क-6

भिन्नार्थक भी होते हैं। प्राणों, देवों, पञ्चभूतों और भौतिक अर्थों का नियत कार्यकारणभाव विद्या है। जो नियत, सत्य और वास्तविक है, वही विद्या है, वही ब्रह्म है और वही वेद।[4] शुद्ध एकरूप विज्ञान भी विषयभेद से त्रिविध स्वरूप धारण कर लेता है। पं. ओझा के अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए पं. मोतीलाल शास्त्री ने कहा है कि सर्वज्ञ, सर्ववित्, सर्वशक्ति, अव्ययक्षरानुगृहीत अक्षर प्रजापति विषय, संस्कार और शब्द, इन उपाधियों के भेद से ब्रह्म, विद्या और वेद भावों में परिणत हो रहा है।[5] ब्रह्म, विद्या और वेद के "गृह्यमाणधर्मेणाऽभिनीयमाना नियतिर्ब्रह्म, गृहीतपूर्वाहितसंस्कारेणाभिनीयमाना नियतिर्विद्या, वाचाभिनीयमाना नियतिर्वेदः"[6] इन उपाधिप्रयुक्त लक्षणों का स्पष्टीकरण यह होगा कि 'बिभर्ति विषयं तद् ब्रह्म' इस व्युत्पत्ति से विषयावच्छिन्न ज्ञान (अन्तःकरणवृत्ति) ब्रह्म कहलाता है, संस्कारावच्छिन्न ज्ञान विद्या कहलाता है और शब्दावच्छिन्न ज्ञान वेद। धर्म (विषय), संस्कार और वाक् (शब्द), इन उपाधियों की अपेक्षा न करते हुए तीनों को एक तत्त्व मान कर ही पूर्व आचार्यों ने 'त्रयो वेदाः' (शत. १०/४/२/२५), 'सैषा त्रयीविद्या· यज्ञः' (शत. १/१/४/३) और 'त्रयं ब्रह्म सनातनम्' (मनु. १/२३) ऐसा व्यवहार किया है।[7] यहाँ शङ्का होती है कि विषयावच्छिन्न ज्ञान को ब्रह्म शब्द से कैसे अभिहित किया है; ब्रह्म तो कूटस्थ नित्य तत्त्व होता है। वेद को शब्दाकाराकारित अन्तःकरणवृत्ति क्यों कहा है? महर्षिकुलवैभवम् की पं. गिरिधर शर्मा द्वारा रचित टीका में इसका समाधान प्राप्त नहीं होता है। पं. मोतीलाल शास्त्री ने इसका वैज्ञानिक रहस्य बतलाते हुए कहा है कि कारणभूत ब्रह्म के कार्यरूप ब्रह्म, वेद, विद्या—इन तीनों के कार्यत्व का अपलाप कर देने से दृश्यमान प्रपञ्च आत्मरूप ही है। कार्यकारणभाव को लक्ष्य में रखते हुए हम वेद को साक्षात् परमेश्वर कह सकते हैं।[8] उनके द्वारा किया गया विवेचन विस्तृत है, अतः उपनिषद्विज्ञानभाष्यभूमिका (प्रथम खण्ड) में ही द्रष्टव्य है।

ब्रह्म, वेद और विद्या शब्दों की भिन्नार्थकता और अभिन्नार्थकता का इस प्रकार निर्देश करने के पश्चात् पं. ओझा ने वेद और मन्त्र की परिभाषा देते हुए कहा है कि शब्द

4. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 26
5. उपनिषद्विज्ञानभाष्यभूमिका (द्वितीय खण्ड), पृ. 86
6. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 26
7. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 26-27
8. उपनिषद्विज्ञानभाष्यभूमिका (प्रथम खण्ड), पृ. 61-62

द्वारा प्रतिपादित देवताविज्ञान वेद है और देवताविज्ञान का प्रतिपादक शब्द मन्त्र।[9] इस प्रकार विज्ञानवेद और मन्त्रवेद की भिन्नता होने पर भी संज्ञा (वाचक) और संज्ञी (वाच्य) में तादात्म्य के उपचार से विज्ञानवेद और मन्त्रवेद में सङ्कीर्ण व्यवहार किया जाता है। पं. ओझा जी ने शब्द (शास्त्रवेद) के अभिप्राय से वेद शब्द का प्रयोग तथा विज्ञानरूप वेद के अभिप्राय से मन्त्र शब्द का प्रयोग उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया है। वैकल्पिक व्यवस्था देते हुए पं. ओझा ने कहा है कि मन्त्र शब्द को ही शब्द और अर्थ दोनों का वाचक माना जा सकता है। तत्त्व और शब्द दोनों में व्यासज्य वृत्ति से प्रतिष्ठित रहने वाला मन्त्र शब्द "समुदाये दृष्टाः शब्दा अवयवेष्वपि वर्तन्ते" इस न्याय के अनुसार शब्दोपदिष्ट विज्ञान में निरूढ मन्त्र शब्द शब्दराशि के लिये भी प्रयुक्त हो सकता है और शब्दराशि द्वारा प्रतिपादित विज्ञान के लिये भी है। 'ब्रह्म वै मन्त्रः' (शत. ७/१/१/५) के अनुसार मन्त्र के समान अर्थ वाला ब्रह्म शब्द भी है, जो कि इसी तरह उभयार्थक है।

पं. ओझा ने विविध आधिदैविक अतीन्द्रिय पदार्थों के आधार पर तात्त्विक वेद को यज्ञविज्ञान, दैवतविज्ञान, सूर्यवेद, धर्मवेद, प्रजापतिवेद और ब्रह्मवेद शब्द से व्यवहृत किया है तथा इन सबके लिये साधारण रूप से सर्ववेद शब्द का भी प्रयोग किया है, क्योंकि वेद की विज्ञानस्वरूपता सबमें अनुगत है। इस प्रकार महर्षिकुलवैभव के अनुसार अतीन्द्रिय पदार्थों का विज्ञान तात्त्विक वेदों का स्वरूप है। वह पुरुषप्रयत्न से साध्य नहीं है, अतीन्द्रिय, अनादि और अपौरुषेय होने के कारण।[10] विज्ञानस्वरूप वेद ईश्वररूप ही है, जैसा कि शारीरकविमर्श के 'विज्ञानमीश्वररूपं वेदः।'[11] इस वाक्य से स्पष्ट है। ईश्वरानुग्रह और योगज सामर्थ्य से उन-उन तत्त्वों का साक्षात्कार करने वाले ऋषियों द्वारा उपदिष्ट विज्ञानरूप तात्त्विक वेद अपौरुषेय है और वे ऋषि मन्त्रद्रष्टा कहलाते हैं। उस विज्ञान की अभिव्यक्ति के लिये शब्दरचना के कर्ता होने से ऋषि मन्त्रकृत् या मन्त्रकर्त्ता भी कहलाते हैं, जैसा कि पण्डित ओझा के निम्नलिखित कथन से स्पष्ट है—"तथा चैषामृषीणां शब्दरचनाकर्तृत्वाभिप्रायेण मन्त्रकर्तृत्वम्, देवतादिविज्ञानसाक्षात्कर्तृत्वाभिप्रायेण

---

9. शब्दोपपादितं देवताविज्ञानं वेदः, देवताविज्ञानोपपादकशब्दो मन्त्रः।
—महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्ध), पृ. 27

10. ये त्वतीन्द्रियार्थविज्ञानात्मका वेदाः, न चैते शक्या उत्पादयितुमनीश्वरैः, अतीन्द्रियत्वादनादित्वादपौरुषेयत्वाच्च।—महर्षिकुलवैभव (पूर्वार्द्ध), पृ. 41-43

11. शारीरकविमर्श, पृ. 19

तु मन्त्रद्रष्टृत्वमित्युभयं समञ्जसं भवति।''[12] अतीन्द्रियार्थविज्ञानरूप वेद की अपौरुषेयता की स्थापना करते म.म. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी ने कहा है कि वह इन्द्रियग्राह्य नहीं है, स्वतःप्रकाश होने के कारण। और न वह पुरुष के प्रयत्न से साध्य है, श्रुतियों में ज्ञान के नित्यत्व का निर्देश होने से। पञ्चदशी आदि वेदान्तग्रन्थों में युक्तिपूर्वक इस विषय का प्रतिपादन किया गया है। विज्ञानरूप वेद के करण, अकरण और अन्यथाकरण में पुरुष का सामर्थ्य नहीं है, अतः वह अपौरुषेय ही है। वृत्त्यात्मक ज्ञान (इन्द्रियादि के व्यापार से जन्य ज्ञान) वृत्त्यंश में पुरुषप्रयत्न की अपेक्षा रखता है, परन्तु परमेश्वर के प्रसाद से जन्य ज्ञान में उसकी अपेक्षा नहीं होती। विज्ञान में अनादिता भी स्वतः सिद्ध है, वृत्त्यंश में तो प्रवाहनित्यता से उपपादन करना चाहिये।[13]

ग्रन्थात्मक अर्थात् शास्त्रात्मक वेद ऋषियों द्वारा रचित होने से पौरुषेय है, जैसा कि ओझा जी के निम्नलिखित वचन से स्पष्ट है—''युक्तं चैतत्, न ह्येषा वाक्यरचना स्वतः संभवति, शरीरबुद्धीन्द्रियोपपाद्यत्वात्।''[14] मीमांसक 'अस्मर्यमाणकर्तृकत्व' हेतु के आधार पर ग्रन्थात्मक वेद की भी अपौरुषेयता स्थापित करने का प्रयत्न करते हैं, परन्तु पं. ओझा के अनुसार वह उचित नहीं है। 'जगद्गुरुवैभवम्' में मीमांसकमत का निरास करते हुए उन्होंने कहा है—

मीमांसकः प्राक् शबरस्तु वेदग्रन्थचतुःसंहितमेतमेव।
अपौरुषेयं निजगाद मन्ये स प्रौढिवादोऽस्य च साहसं तत्॥
पद्यं च गद्यं च यदस्ति गेयं प्रयत्नसाध्यं पुरुषस्य तत् स्यात्।
घटादिवत्तेन तदस्त्यनित्यं स पौरुषेयो हि निबन्धवेदः॥[15]

यह उल्लेखनीय है कि मन्त्रवेद (शास्त्रवेद) की पौरुषेयता (कृतकता) की सिद्धि के लिये पं. ओझा ने महर्षि कणाद के वैशेषिकसूत्र से ''बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे''(वै. सू. ६/१/१), ''ब्राह्मणे संज्ञाकर्म सिद्धिलिङ्गम्'' (वै. सू. ६/१/२) ये दो सूत्र उद्धृत किये हैं। वस्तुतः पण्डित जी का वैशेषिक दर्शन के प्रति आदर है। उन्होंने 'ब्रह्मसिद्धान्त' में सांख्य

12. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 32
13. महर्षिकुलवैभवम्—पूर्वार्द्धम् (टीकासहितम्), पृ. 42-43
14. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 35
15. जगद्गुरुवैभवम्, राजस्थानपत्रिका लि., जयपुर, पृ. 38

के साथ वैशेषिक को भी दर्शन माना है—

वैशेषिकं च सांख्यं दर्शनमेतद् द्वयं मन्ये।
तत्र जगत्कारणताऽणूनां प्रकृतेश्च दर्श्यते स्वैरम्॥[16]

इतना ही नहीं, ब्रह्मसिद्धान्त के 'विक्षेपाधिकरण' में वैशेषिक की कर्मप्रक्रिया का विशद निरूपण करते हुए उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टि से यथोचित परिष्कार भी किया है। उनका पौरुषेयापौरुषेयत्व-सम्बन्धी मत[17] वैशेषिकमत का अविसंवादी है। वैशेषिकों के अनुसार ईश्वरीय ज्ञानरूप वेद अपौरुषेय और नित्य है तथा ग्रन्थात्मक वेद पौरुषेय और कृतक। पं. मोतीलाल शास्त्री ने भी वैशेषिकमत को स्वीकार्य मानते हुए कहा है—"यही मत सर्वमान्य कहा जा सकता है।"[18]

शब्दात्मक वेद का कृतकत्व (पौरुषेयत्व) स्थापित करने के बाद स्थूणानिखनन-न्याय से पं. ओझाजी ने "नित्या वागुत्सृष्टा स्वयंभुवा"[19] इस श्रुति तथा "अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयंभुवा। आदौ वेदमयी दिव्या यतः सर्वाः प्रवृत्तयः"[20] इत्यादि स्मृति के अभिप्राय का सम्यक्तया अवधारण करने में असमर्थ दार्शनिकों की शङ्का उद्भावित करते हुए कहा है कि वागात्मक अर्थात् शब्दात्मक वेद की अकृतकता (अपौरुषेयता) का उपदेश दिया गया है, अतः उसे कृतक मानना कहाँ तक उचित है? पं. ओझा ने इस शङ्का के निरासार्थ "यदि वै प्रजापतेः परमस्ति वागेव तत्" (शत. ५/१/३११), "वागेवेदं सर्वम्" इत्यादि अनेक प्रबल श्रुतियों को प्रमाण के रूप में उद्धृत कर कहा है कि शब्दात्मक वेद के लिये वाक् शब्द के प्रयोग का भ्रम नहीं करना चाहिये। शब्दात्मक वेद की अपौरुषेयता की सिद्ध्यर्थ प्रतिपक्षी द्वारा उद्धृत वचनों में सर्वलोकात्मक, त्रैलोक्यात्मक, सूर्यात्मक और सर्वात्मक वाक् तत्त्व का निर्देश किया गया है, अनित्य वाक् का नहीं।[21] शारीरकविमर्श में पं. ओझा ने उस सत्य वाक् के बारे में कहा है—"मनःप्राणगर्भितायाः

---

16. ब्रह्मसिद्धान्त, श्लोक 5
17. वाक्यस्य तद्वद् रचनापि नूनं स्याद् बुद्धिपूर्वैव न तु स्वतः सा।
    तस्मान्निबन्धा अपि वाङ्मया ये भवेयुरेतेऽपि च पौरुषेयाः॥ —जगद्गुरुवैभवम्, पृ. 41
18. उपनिषद्विज्ञानभाष्यभूमिका (प्रथम खण्ड), IV ग, पृ. 107
19. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 43
20. वही
21. वही, पृ. 44-49

सत्याया वाचो विवर्ता हीमे वेदा आत्मनो महिमानो भवन्ति।.....तस्य महिमा वेदो वाङ्मयः।''[22] महर्षिकुलवैभवम् में भी प्रतिपादित किया है कि ये नित्य वाक् प्रजापति के निःश्वास के रूप में आविर्भूत होती हैं।[23] तात्पर्य यह है कि नित्य वाक् अपौरुषेय विज्ञानात्मक वेद है।

महर्षिकुलवैभव में पं. ओझा ने वेद के पौरुषेयापौरुषेयत्व के बारे में तीन प्रसिद्ध मतों का निर्देश किया है। वेद ईश्वररूप है, ईश्वर का निःश्वासरूप है अथवा ईश्वर द्वारा रचित है—ये तीन मत प्रचलित हैं। तपस्या के प्रभाव से शुद्ध अन्तःकरण वाले, हृदय में आविर्भूत ईश्वरीय प्रकाश वाले तथा अतीन्द्रिय अर्थों के दर्शन में समर्थ ऋषियों के हृदय में विज्ञानात्मक वेदरूपी नित्यसिद्ध अर्थ का स्वयं आविर्भाव होता है और समय-समय पर उसका ग्रहण किया जाता है। पं. ओझा के पौरुषेयापौरुषेयत्व-सम्बन्धी मत का विशेष अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि उन्होंने शीरीरकविमर्श में विज्ञानवेद की पौरुषेयता का भी सङ्केत दिया है। वे कहते हैं कि ईश्वर के पुरुष होने से वेद उसके द्वारा कृत है और यदि इस आधार पर विज्ञानवेद का पौरुषेयत्व स्वीकार किया जाता है, तो उसका वे खण्डन नहीं करते। हाँ, यदि विज्ञानवेद को ईश्वरशरीर के रूप में माना जाता है, तो ऐसी स्थिति में उसकी पौरुषेयता उपपन्न नहीं हो सकती—यह सम्यक् चिन्तन कर लेना चाहिये।[24] यह विचारणीय है कि पं. ओझा ने विज्ञानवेद के अपौरुषेयत्व की दृढतापूर्वक स्थापना कर देने पर भी नित्यसिद्ध विज्ञानरूप अर्थ को ईश्वररूपी पुरुष द्वारा निर्मित होने से पौरुषेय क्यों माना है। यह बात वे पहले ही कह चुके हैं कि विज्ञानवेद ईश्वरस्वरूप है, फिर उसे ईश्वरकर्तृक और पौरुषेय मानने की क्या आवश्यकता है? औपनिषद दृष्टि से विज्ञान की नित्यता उचित ही है। विज्ञानवेद को ईश्वर का शरीर मानने पर उसकी पौरुषेयता की अनुपपत्ति भी दर्शायी है। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने स्वमत में विज्ञानवेद का अपौरुषेयत्व स्वीकार्य होने पर भी ईश्वर को पुरुष मान कर उसके द्वारा निर्मित होने से वेद

---

22. शारीरकविमर्श, पृ. 18

23. नित्यानामप्यासां वाचां प्रजापतेर्निःश्वासरूपेण प्रादुर्भावात्। एता एव तिस्रो वाग्विधा स्वयम्भूः।
—महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 49

24. ईश्वरस्य पुरुषतया तत्कर्तृकत्वात्तु पौरुषेयत्वं विज्ञानवेदस्यापि न प्रत्याख्यायते। अथ विज्ञानवेदस्येश्वरशरीरत्वाभ्युपपत्तौ पुनरेतस्य पौरुषेयत्वं नोपपद्यते—इति निपुणं भाव्यम्।
—शारीरकविमर्श, पृ. 25

को पौरुषेय मानने वाले दार्शनिकों के मत को अभ्युपगमवाद की दृष्टि से स्थान दिया है। यह तथ्य उनके योग्यतम शिष्य पं. मोतीलाल शास्त्री के निम्नलिखित कथन से समर्थित भी हो जाता है—"ईश्वर को पुरुष मान कर थोड़ी देर के लिये तत्कृतिसाध्यता का समादर करते हुए वेद को पौरुषेय भी मान लें, तब भी कोई क्षति नहीं है। 'शास्त्रयोनित्वात्' (ब्र. सू. १/१/३) इत्यादि वेदान्तसूत्र ऐसा मानने में कोई आपत्ति नहीं समझते।"[25] इस विषय के विवेचन का अधिक विस्तार न कर अन्त में पं. मोतीलाल शास्त्री का निम्नलिखित उद्बोधक वक्तव्य उद्धृत करना उचित समझता हूँ—"इतर शास्त्रों की अपेक्षा वेद अपौरुषेय है—क्या केवल इस श्रद्धा पर ही वेद का महत्त्व अवलम्बित है? क्या एकमात्र अपौरुषेयता ही वेद की अलौकिता में प्रमाण है? यदि आप का यही विश्वास है तो हमें कहना पड़ेगा कि आप भूल कर रहे हैं। वेद में जिन अलौकिक तत्त्वों का निरूपण हुआ है, वेद जिन अपूर्व गुणों का आविष्कारक है, वे वैदिकतत्त्व, किं वा गुण ही वेद की अपौरुषेयता के सूचक हैं। अपनी इन लोकोत्तर वैज्ञानिक विभूतियों के कारण ही वेद ने अपौरुषेयता की उपाधि प्राप्त की है। दूसरे शब्दों में यों समझिए कि वेद अपौरुषेय है, इसलिये वह आदरणीय, किं वा श्रद्धा का भाजन नहीं है, अपितु वेद गहनतम विज्ञान का कोश है, इसलिये वह हमारा श्रद्धेय है, एवं इसीलिये वह अपौरुषेय कहलाता है।"[26]

❑❑❑

25. उपनिषद्विज्ञानभाष्यभूमिका (प्रथम खण्ड), IV घ (12), पृ. 62
26. उपनिषद्विज्ञानभाष्यभूमिका (प्रथम खण्ड), IV क, पृ. 16

वर्णव्यवस्था का वैज्ञानिक स्वरूप

✍ डॉ. सत्यप्रकाश दुबे*

भारतीय संस्कृति के प्राणरूप वेदों, उपनिषदों तथा श्रीमद्भगवद्गीता सदृश महनीय ग्रन्थों में ज्ञान के साथ-साथ विज्ञान के स्वरूप, लक्षण तथा भेदों के सम्बन्ध में विस्तृत विवेचन किया गया है। यथा—"विज्ञानमानन्दं ब्रह्म"[1], "विज्ञानसारथिर्यस्तु मनः प्रग्रहवान् नरः"[2], "विज्ञानं प्रज्ञानम्"[3], "विज्ञानेन वा ऋग्वेदं विजानाति"[4], "विज्ञानं निर्मलं सूक्ष्मं निर्विकल्पं यदव्ययम्"[5]। इन सभी श्रुतिवचनों से यह स्पष्ट बोध होता है कि आत्मतत्त्व का अवबोधक प्रपञ्चादिरहित नित्य शुद्ध ज्ञान ही विज्ञान है। "**ज्ञान तेऽहं सविज्ञानमिदं वक्ष्याम्यशेषतः**"[6] तथा "**ज्ञानं विज्ञानसहितं यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्**"[7]— भगवद्गीतोक्त ये वचन भी अनुभवगम्य ज्ञान को ही विज्ञान की सञ्ज्ञा देते हैं जिनके व्याख्यान के रूप में आचार्यशङ्कर "विज्ञानसहितं स्वानुभवसंयुक्तम्" कथन करते हैं। जहाँ

---

* वरिष्ठ सहायक आचार्य, संस्कृतविभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

1. बृहदारण्यकोपनिषद्
2. कठोपनिषद् 1/3/9
3. ऐतरेय आरण्यक
4. छान्दोग्योपनिषद्
5. कूर्मपुराण
6. श्रीमद्भगवद्गीता 7/2
7. श्रीमद्भगवद्गीता 9/1

अमरकोश में **"मोक्षे धीर्ज्ञानमित्याहुर्विज्ञानं शिल्पशास्त्रयोः"**[8]—वचन द्वारा व्यवहारोपयोगी ज्ञान की दृष्टि से 'विज्ञान' शब्द का तथा मोक्षोपयोगी ज्ञान के लिए 'ज्ञान' शब्द का प्रयोग प्रसिद्ध हो गया है। जहाँ व्यवहारोपयोगी ज्ञान के अन्तर्गत वर्तमान शिल्पविद्या तथा पाश्चात्य 'साईन्स' के ज्ञान को मुख्यतः विज्ञान नाम दिया गया है वहाँ वैदिक एवं दार्शनिक ग्रन्थों में ज्ञान को तटस्थ एवं स्वरूप भेद से दो प्रकार का स्वीकार किया गया है। इनमें तटस्थ ज्ञान वह है जिसमें ज्ञाता, ज्ञान तथा ज्ञेय रूपी त्रिपुटी विद्यमान रहती है तथा स्वरूपज्ञान वह है जिसमें सत्-चित्-आनन्दमय अद्वैतभावापन्न आत्मा में ज्ञान की अवस्थिति होती है। इन दोनों में तटस्थ ज्ञान को उसके स्तरभेद से अनेक प्रकार का वर्णित किया गया है तथापि मुख्यरूप से इसे दो रूपों में वर्गीकृत किया जा सकता है—एक बहिर्जगत् से सम्बन्ध रखने वाला तथा दूसरा अन्तर्जगत् से सम्बन्ध रखने वाला। इनमें भी बहिर्जगत् से सम्बन्धित ज्ञान दो दशाओं में परिणमित होता है। प्रथम दशा में वह शिल्पविद्या के साथ तथा द्वितीय दशा में पदार्थविद्या के साथ। इसी प्रकार अन्तर्जगत् सम्बन्धी ज्ञान भी प्रथम दशा में दर्शनशास्त्र-विषयक तत्त्वज्ञान के साथ तथा द्वितीय दशा में मोक्षविषयक आत्मज्ञान के साथ सम्बन्ध रखता है। इस प्रकार इन स्थूल तथा सूक्ष्म दोनों की उन्नत अवस्थाओं का ज्ञान ही विज्ञान है—यह सिद्ध होता है।

विद्यावाचस्पति पण्डित मधुसूदन ओझा ने अपने गुरु के आदेश एवं उपदेश से वेदों में निहित वैज्ञानिक पक्ष के उपस्थापन के लिए जिन शताधिक ग्रन्थों की रचना की है उनमें उन्होंने ज्ञान-विज्ञान के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा है कि—

"विभिन्नं वस्तुजातमक्षिलक्ष्यीकृत्य मूलान्वेषणक्रमेणैकतत्त्वपर्यन्तं गतिर्ज्ञानम्। एकं तत्त्वं निरूढं मत्त्वा क्रमेण तस्यानन्तरूपताप्रतिपत्तिर्विज्ञानम्। विशिष्य ज्ञानं विविधं ज्ञानं विभेदेन वा ज्ञानं विज्ञानमिति।[9]

इसे सूत्ररूप में इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि—**"एकस्मादनेकस्मिन्नवतरणं विज्ञानम्, अनेकस्मादेकस्मिन्नारोहणं ज्ञानम्।"** इसे ज्ञान और कर्म (यज्ञ) की दृष्टि से समझा जाय तो एकत्वप्रधान होने से ब्रह्मविद्या ज्ञान है तथा इसके अतिरिक्त अनेकत्वप्रधान होने से यज्ञविद्या विज्ञान है। चूँकि ब्रह्माण्ड की रचना यज्ञरूप ही है अतः इस सृष्टिज्ञान को भी विज्ञान कहना अनुचित नहीं होगा।

---

8. अमरकोशप्रथमकाण्ड धीवर्ग-6
9. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्) उपोद्घातः

ऋग्वेदसंहिता के दशम मण्डल के पुरुषसूक्त में वर्णव्यवस्था का विवेचन प्राप्त होता है। वहाँ यह कहा गया है कि—

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत॥[10]

अर्थात् ब्राह्मण उस विराट् पुरुष का मुख है, क्षत्रिय बाहु है, वैश्य ऊरु है और शूद्र चरण है। इस मन्त्र से यह स्पष्ट होता है कि यह वर्णव्यवस्था मानवकृत न होकर प्रकृति में विद्यमान सत्त्व, रज एवं तम नामक गुणत्रय के स्वभाव से उत्पन्न होने के कारण नैसर्गिक है। चूँकि ब्रह्माण्ड प्रकृति की गति सत्त्वगुण से तमोगुण की ओर होती है अतः सृष्टि की प्रारम्भ की अवस्था में सत्त्वगुणसम्पन्न ब्राह्मणों की ही उत्पत्ति हुई थी, तदनन्तर अन्य गुणों से प्रभावित होने से अन्य वर्णों की भी उत्पत्ति हुई, जैसा कि श्रुति भी कहती है—

"ब्रह्म वा इदमग्र आसीदेकमेव, तदेकं सन्न व्यभवत्। तच्छ्रेयोरूपमन्वसृजत् क्षत्रं यान्येतानि देवत्रा क्षत्राणीन्द्रो वरुणः सोमो रुद्रः पर्जन्यो यमो मृत्युरीशान इति...स नैव व्यभवत् स विशमसृजत् यान्येतानिदेवजातानि गणश आख्यायन्ते वसवो रुद्रा आदित्या विश्वेदेवा मरुत इति। स नैव व्यभवत् स शौद्रं वर्णमसृजत् पूषणमिमं वै पूषेयं हीदं सर्वं पुष्यति यदिदं किञ्च।"[11]

महाभारत का शान्तिपर्व भी पूर्वोक्त श्रुतिवचन का अनुमोदन करते हुए कहता है कि—

असृजद् ब्राह्मणानेव पूर्वं ब्रह्मा प्रजापतीन्।
आत्मतेजोऽभिनिर्वृत्तान् भास्कराग्निसमप्रभान्॥

न विशेषोऽस्ति वर्णानां सर्वं ब्राह्ममिदं जगत्।
ब्रह्मणा पूर्वसृष्टं हि कर्मभिर्वर्णताङ्गतम्॥

कामभोगप्रियास्तीक्ष्णाः क्रोधनाः प्रियसाहसाः।
त्यक्तस्वधर्मारक्ताङ्गास्ते द्विजाः क्षत्रतां गताः॥

---

10. ऋग्वेद–पुरुषसूक्त
11. बृहदारण्यकोपनिषद्

गोभ्यो वृत्तिं समास्थाय पीताः कृष्युपजीविनः।
स्वधर्मान्नानुतिष्ठन्ति ते द्विजाः वैश्यतां गताः॥
हिंसानृतप्रियाः लुब्धाः सर्वकर्मोपजीविनः।
कृष्णाः शौचपरिभ्रष्टास्ते द्विजाः शूद्रतां गताः॥[12]

सृष्टिप्रक्रिया में क्रिया की मुख्यता होने से तथा क्रिया के प्राणाश्रित होने से मन तथा वाक् की अपेक्षा प्राण का प्राधान्य होता है—"**मनःप्राणवाक्षु हि प्राण एव प्रधानम्। वाङ्मनसोरक्रिययोः प्राणाधीनवृत्तिकत्वात्। प्राणो बलम्। बलाश्रिते हि ते वृत्तिं लभेते। न च ते प्राणेन कदाचित् वियुक्ते भवतः।**"[13]

विद्यावाचस्पति पण्डितश्री ओझाजी ने इस वर्णव्यवस्था पर और भी गम्भीर एवं वैज्ञानिक दृष्टि से चिन्तन करते हुए सृष्टिप्रक्रिया के अन्तर्गत निर्विशेष, परात्पर, पुरुष तथा सत्य प्रजापति भेद से चतुष्पाद ब्रह्म का निरूपण किया है जिनमें उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि उपर्युक्त चारों पादों में से पुरुष अव्यय, अक्षर एवं क्षर भेद से तीन प्रकार का होता है। इन तीनों में प्रत्येक की पाँच-पाँच कलायें तथा एक परात्पर की कला, इस प्रकार इन सभी के मिलने पर षोडशकलात्मक पुरुष होता है जिसे षोडशी पुरुष भी कहा जाता है। इनमें अव्यय पुरुष की आनन्द, विज्ञान, मन, प्राण एवं वाक् भेद से पाँच कलायें होती हैं जिनमें आनन्द, विज्ञान एवं मन नामक तीन कलायें मुक्ति की साक्षी हैं तथा मन, प्राण एवं वाक् नामक तीन कलायें सृष्टि की साक्षी हैं। इनमें मन का दोनों से ही सम्बन्ध जुड़ता है। इनमें भी मन ज्ञानशक्तिसम्पन्न प्राण क्रियाशक्तिमान् तथा वाक् अर्थशक्ति से सम्बन्धित होती है। इस प्रकार यह सृष्टि भी ज्ञान, क्रिया एवं अर्थरूप है। इन मन, प्राण तथा वाक् में से प्राणतत्त्व का अनेक अर्थों में प्रयोग उपलब्ध होता है जिनमें से एक अर्थ ऋषि रूप भी है—

"नानाजातीयाश्चैते प्राणाः...। असद् वा इदमग्र आसीत् किं तदसदासीत्। ऋषयो वाऽव तेऽग्रे तदसदासीत्। के ते ऋषयः। प्राणा वा ऋषयः।"[14]

यह ऋषि प्राण स्वभावतः मण्डलरूप होता है जो अभय, सामन्त एवं पारावत

---

12. महाभारत—शान्तिपर्व
13. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 135
14. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 8

भेद से तीन प्रकार का होता है। इन्हें ही उक्थ, प्रतिष्ठा तथा साम नाम से भी जाना जाता है। इनमें अभयप्राण मध्य नाभि अर्थात् केन्द्र में विद्यमान रहता है जैसा कि श्रुतिवचन है—"मध्यं वै नाभिः मध्यमभयम्"।[15] यह मध्य में विद्यमान अभयप्राण सवीर्य एवं निर्वीर्य रूप से दो प्रकार का होता है। यहाँ यह ध्यातव्य है कि अक्षरपुरुष की पञ्चम कला सोम का ही परिणत रूप वीर्य है—"तत्र सोमस्य विवर्ता ये धर्माः त एव वीर्याणीत्युच्यन्ते। तानि यत्र नभ्यप्राणे प्राचुर्येण समवयन्ति स सवीर्यः यत्र तु अत्यल्पं समवयन्ति स निर्वीर्य इति।"[16] ये वीर्य ब्रह्म, क्षत्र तथा विट् भेद से तीन प्रकार के हैं। इस वीर्यविषयक अधिक जिज्ञासा होने पर यह कहा जा सकता है कि ज्ञान, क्रिया और अर्थ की उत्पत्ति में सहायक तत्त्व वीर्य कहलाता है। चूँकि मन समस्त ज्ञानों का, प्राण समस्त क्रियाओं का तथा वाक् समस्त पदार्थों का उत्पादक है अतः मनोमय, प्राणमय तथा वाङ्मय रूप आत्मा में ज्ञान, क्रिया एवं अर्थों की उत्पत्ति में प्रतिबन्धक तत्त्वों को दूर करके जो बलरूप धर्म ज्ञान, क्रिया एवं अर्थों की उत्पत्ति में सहायक बनते हैं वे वीर्य कहे जाते हैं। इनमें ब्रह्मवीर्य का सम्बन्ध दिव्यभाव अर्थात् दिव्यत्वप्राप्ति की योग्यता से है। इसके द्वारा आत्मा में दिव्यता का विकास होता है। जिस किसी में इस वीर्य की प्रचुरता रहती है उसमें ब्रह्मवर्चस् नामक तेज तदनुकूल विलक्षण आकृति-प्रकृति तप, विद्या, बुद्धि आदि की उत्पत्ति होती है। इसी प्रकार क्षत्र, वीर्य का सम्बन्ध वीरभाव अर्थात् वीरव्यवहारयोग्यता से है। तात्पर्य यह है कि आत्मा के प्राणभाग में होने वाले क्रियारूप परिणाम को विकास प्रदान करने वाला क्षत्र वीर्य है। इसकी प्रधानता से ओज, वाज नामक तेज, विलक्षण आकृति एवं प्रकृति बनती है। इसी प्रकार विट् वीर्य से पशुभाव की क्षमता अर्थात् पशुसङ्ग्रह योग्यता का विकास होता है। यहाँ पशुपद से सुवर्णरत्न आदि का ग्रहण किया जाता है। इस प्रकार इस विट्वीर्य की प्रधानता से द्युम्न नामक तेज, तदनुरूप आकृति, वाणिज्य धन आदि की प्राप्ति होती है।

जहाँ आत्मा के उपर्युक्त तीनों बलों (वीर्यों) में से किसी की भी प्रधानता नहीं होती अपितु शरीरमात्र बल होता है उस निर्वीर्य प्राण को 'शूद्र' रूप कहा जाता है। इस शारीरिक वीर्य (बल) से सम्बद्ध आत्मा आशु=अतिशीघ्र द्रुत हो जाता है अर्थात् दृढ नहीं रहता है, क्लेश का अनुभव करता है, निद्रा-तन्द्रा से युक्त होकर किंकर्तव्यविमूढ रहता

15. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 155
16. महर्षिकुलवैभवम्–संस्कृतव्याख्या, पृ. 155

है, इसलिए वह शूद्र कहलाता है–"अथ यत्र शारीरबलमात्रमुपपद्यते, नात्मबलानामन्यतम-सिद्धिः तद् वीर्यं शूद्ररूपम्। ततो हि स आत्मा आशु शीघ्रमुत्कर्षेण द्रवति—क्लिन्नो भवति विषीदति, अपि चातितरां निद्रातिशेते, निष्कर्मालस्यं च धत्ते। तेनायं शूद्रो नाम।"[17]

इस प्रकार पण्डित ओझा ने इन विवेचनों के आधार पर यह सिद्ध किया है कि ये ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि भेद शरीर के न होकर आत्मा के हैं। यद्यपि सभी आत्मा मनोमय, प्राणमय तथा वाङ्मय हैं, अतः इन मन, प्राण तथा वाक् के तीनों वीर्य भी सभी में विद्यमान रहते हैं तथापि जिस वीर्य की जिसमें प्रधानता होती है वह आत्मा उसी के नाम से कहा जाने लगता है।

यहाँ पण्डित श्री ओझा ने वर्णव्यवस्थाविषयक इस प्रश्न का भी उपस्थापन किया है कि यह ब्राह्मणत्व आदि धर्म शरीर से सम्बन्धित माना जाय या आत्मा से सम्बन्धित। शरीर को ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि मानने पर इस शरीर के द्वारा किये गये संस्कारों का दूसरे जन्म में फल प्राप्त नहीं हो सकेगा क्योंकि यह शरीर तो यहीं शान्त हो जाता है, जबकि शास्त्र पूर्व जन्म के संस्कारों की जन्मान्तर में अनुवृत्ति मानता है। इतना ही नहीं, शरीर को ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि मानने पर यह भी आपत्ति होती है कि अवस्थाभेद से शरीर के परिवर्तित होते रहने से शरीर से सम्बद्ध वर्ण भी उस-उस अवस्था में परिवर्तित होते जायेंगे तो इस दशा में एक ही शरीर अवस्थाभेद से सभी वर्णों का अभिमानी हो जायगा। इसी प्रकार चूँकि सभी शरीर पाञ्चभौतिक होते हैं इस स्थिति में ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि भेद न होकर सभी एक वर्ण के ही होने लगेंगे। इसके अतिरिक्त वज्रसूचिकोपनिषद् में यह दोष भी बताया गया है कि शरीर को ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि मानने पर मृत पिता के शरीर का दाह संस्कार करने पर पुत्र को ब्रह्महत्या का पाप लग जायेगा। अतः शरीर को ब्राह्मणत्व आदि धर्म वाला मानना कथमपि उचित नहीं हैं। किन्तु यदि इन्हें आत्मा का धर्म माना जायगा तो आत्मा के सदा नित्य एवं एक ही स्वरूप में विद्यमान रहने से ब्राह्मण प्रत्येक जन्म में ब्राह्मण ही रहेगा। इस दशा में छान्दोग्योपनिषद् की वह पञ्चाग्निविद्या निर्मूल सिद्ध हो जायेगी जिसमें यह कहा गया है कि "जो प्राणी यहाँ उत्तम कर्मों का अनुष्ठान करते हैं वे जन्मान्तर में ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि उत्तम योनियों में जन्म लेते हैं तथा दुराचरण में प्रवृत्त लोग श्वान, सूकर, चाण्डाल आदि अधम योनि प्राप्त करते हैं"—"यथा हि रमणीयाचरणा

17. महर्षिकुलवैभवम्, पृ. 158

अभ्याशो ह यत्ते रमणीयां योनिमापद्येरन् ब्राह्मणयोनिं वा क्षत्रिययोनिं वा वैश्ययोनिं वाथ य इह कपूयचरणा अभ्यासो ह यत्ते कपूयां योनिमापद्येरन् श्वयोनिं वा सूकरयोनिं वा चाण्डालयोनिं वा।"[18]

इसी के साथ यहाँ यह भी समझना चाहिये कि आत्मा के सर्वथा निर्धर्मक होने से उसमें ब्राह्मणत्व आदि धर्म कैसे रह सकते हैं? इस प्रकार आत्मा भी ब्राह्मणत्व आदि धर्मों वाला नहीं हो सकता है। इसका समाधान प्रस्तुत करते हुए ओझा जी के अन्यतम शिष्य महामहोपाध्याय गिरिधरशर्मा चतुर्वेदी ने यह कहा है कि चूँकि श्रुतियों में निर्विशेष आत्मा को ही निर्धर्मक बताया गया है अतः उससे भिन्न इन्द्रप्राणरूप व्यावहारिक आत्मा के निर्धर्मक न होने से उसी में ब्राह्मणत्व आदि धर्मों की स्थिति मानना उचित है। यह इन्द्र आत्मा शरीर के साथ नष्ट नहीं होता है अतः उत्तम आचरण करने वाले को जन्मान्तर में उत्तम लोक में उत्तम वर्ण की प्राप्ति तथा दुराचरण करने वाले का जन्मान्तर में पतन होना सिद्ध हो जाता है।[19]

पण्डित श्री ओझा जी ने यहाँ एक अन्य वैज्ञानिक पक्ष को उद्घाटित करते हुए कहा है कि चन्द्रमण्डल का आत्मा अर्थात् चन्द्रमण्डल के केन्द्र में स्थित मध्यप्राण ब्राह्मण है, इसीलिए चन्द्रमा का प्रकाश शान्त एवं आह्लादक होता है। तेजोमय सूर्यमण्डल का आत्मा क्षत्रिय है इसीलिए सूर्य के प्रकाश में प्रखरता है। इसी प्रकार सभी के आधाररूप पृथिवीमण्डल का आत्मा वैश्य है इसीलिए अन्नादिरूप सम्पत्ति प्रकाशरहित पृथिवी में विशेष रूप से उत्पन्न होती है तथा इन तीनों से उत्पन्न हुए तृण, औषध आदि का आत्मा शूद्र होता है—"चन्द्रस्यात्मा ब्राह्मणः, सूर्यस्य क्षत्रियः, पृथिव्याः वैश्यः एतेषु सतां पशूनां त्वात्मा शूद्रः।"[20]

यह वैज्ञानिक वर्णविभाग सृष्टि के समस्त पदार्थों में, सोमलता आदि लताओं में, रत्न धातु आदि अचल पदार्थों में, पशु पक्षियों में नक्षत्रों में, यहाँ तक कि देव, पितर आदि सभी में दिखाई पड़ता है। यथा—

---

18. छान्दोग्योपनिषद् 5-10-7

19. महर्षिकुलवैभवम्, हिन्दी व्याख्या, पृ. 166

20. महर्षिकुलवैभवम्, पृ. 167

ब्राह्मणो मनुष्याणाम् अजः पशूनाम्
राजन्यो मनुष्याणाम् अविः पशूनाम्
वैश्यो मनुष्याणाम् गावः पशूनाम्
शूद्रो मनुष्याणाम् अश्वः पशूनाम्[21]

इसी प्रकार वृक्षायुर्वेद नामक ग्रन्थ में काष्ठ आदि के भी चार वर्णों का उल्लेख किया गया है। यथा—

लघु यत्कोमलं काष्ठं सुघटं ब्रह्मजाति तत्।
दृढाङ्गं लघु यत्काष्ठमघटं क्षत्रजाति तत्॥
कोमलं गुरु यत्काष्ठं वैश्यजाति तदुच्यते।
दृढाङ्गं गुरु यत्काष्ठं शूद्रजाति तदुच्यते॥[22]

इसी प्रकार मानव से उच्च योनियों में भी यह वर्णव्यवस्था स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। यथा—

"अग्निर्देवता अन्वसृज्यन्त, इन्द्रो देवता अन्वसृज्यन्त विश्वेदेवा देवता अन्वसृज्यन्त, भूयिष्ठा हि देवता अन्वसृज्यन्त।"[23]

इस प्रकार पण्डित ओझा जी ने उपर्युक्त रीति से चिन्तन करके यह स्पष्ट किया है कि इस त्रिगुणमयी प्रकृति में सर्वत्र तीनों गुणों के मुख्यामुख्य भेद से चार वर्ण कहीं स्पष्ट रूप से तो कहीं अस्पष्ट रूप से विद्यमान हैं। इतना ही नहीं, मनुष्य के स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण शरीर भी त्रिगुणमयी प्रकृति की ही देन हैं। इस प्रकार इस वर्णधर्म का सम्बन्ध तीनों शरीरों तथा अध्यात्म, अधिभूत और अधिदैव नामक तीनों भावों के भी साथ है। जन्म का सम्बन्ध स्थूल शरीर के साथ, कर्म का सम्बन्ध सूक्ष्म शरीर के साथ और ज्ञान का सम्बन्ध कारण शरीर के साथ है। इसी प्रकार जन्म का सम्बन्ध आधिभौतिक, कर्म का सम्बन्ध आधिदैविक और ज्ञान का सम्बन्ध आध्यात्मिक है। अतः कोई भी वर्ण जब तक जन्म, कर्म तथा ज्ञान से पूर्ण नहीं होगा तब तक वह पूर्ण वर्ण नहीं कहा जा सकता है, जैसा कि महाभारतकार का कथन है—

---

21. धर्मविज्ञान, प्रथमखण्ड, श्री भारतधर्ममहामण्डल, जगतगंज बनारस, पृ. 305 पर उद्धृत
22. धर्मविज्ञान, प्रथमखण्ड, पृ. 305 पर उद्धृत
23. तैत्तिरीय संहिता

तपः श्रुतञ्च योनिश्चाप्येतद्ब्राह्मणकारणम्।
त्रिभिः गुणैः समुदितस्ततो भवति वै द्विजः।।[24]

महर्षि पतञ्जलि ने तो इसे और भी आगे बढ़ाते हुए यह स्पष्ट किया है कि—

तपः श्रुतञ्च योनिश्चेत्येतद् ब्राह्मणकारणम्।
तपः श्रुताभ्यां यो हीनो जातिब्राह्मण एव सः।।

त्रीणि यस्यावदातानि विद्या योनिश्च कर्म च।
एतच्छिवं विजानीहि ब्राह्मणाग्रयस्य लक्षणम्।।[25]

इसीलिए स्मृतिकार मनु ने कर्म तथा ज्ञान से विरहित विप्र की निन्दा करते हुए यह कहा है कि—

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः।
यश्च विप्रोऽनधीयानस्त्रयस्ते नाम बिभ्रति।।

यथा षण्डोऽफलः स्त्रीषु यथा गौर्गवि चाफला।
यथा चाज्ञेऽफलं दानं तथा विप्रोऽनृचोऽफलः।।[26]

यहाँ एक बात और भी महत्त्वपूर्ण है कि जन्म, कर्म एवं ज्ञान इन तीनों से वर्णधर्म का सम्बन्ध होने पर भी जन्म के साथ वर्णधर्म का साक्षात् तथा अतिघनिष्ठ सम्बन्ध है क्योंकि पूर्व जन्म के कर्म के अनुसार ही मानव ब्राह्मण आदि वर्णों में जन्म लेता है, जैसा कि योगदर्शनकार महर्षि पतञ्जलि की स्पष्ट प्रतिपत्ति है—

''सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः।''[27] अर्थात् प्रारब्ध कर्म के मूल में रहने पर उसके परिणामस्वरूप जीव को जाति, आयु और भोग प्राप्त होते हैं। इसीलिए श्रीमद्भगवद्गीता का स्पष्ट वचन है—**चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।**[28]

यहाँ गीताकार के अनुसार वर्ण का आधार गुण एवं कर्म है। पण्डित ओझा ने

---

24. महाभारत-अनुशासन पर्व
25. व्याकरणमहाभाष्य 2/2/6, 4/1/48
26. मनुस्मृति 2/157-158
27. पातञ्जलयोगदर्शन
28. श्रीमद्भगवद्गीता 4/13

इस दृष्टि से भी चिन्तन किया है। उनके अनुसार गुणों की दृष्टि से विद्याशक्तिप्रधान ब्राह्मण, पराक्रमशक्तिप्रधान क्षत्रिय, अर्थशक्तिप्रधान वैश्य एवं शरीरबलमात्रप्रधान शूद्र वर्ण होते हैं। इसको स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि विद्याशक्ति के सत्त्वगुणप्रधान होने से इसमें औपचारिक रूप से शुक्लता रहती है, पराक्रम के रजोगुणप्रधान होने से इसमें औपचारिक रूप से रक्तता रहती है। धन के अन्तर्मिश्रित गुणप्रधान होने से उसमें औपचारिक रूप से पीतत्व रहता है तथा शारीरिक बल के तमःप्रधान होने से उसमें औपचारिक रूप से कृष्णत्व रहता है।[29]

कर्म की दृष्टि से उनका कहना है कि यज्ञप्रधानकर्मशील मनुष्य ब्राह्मण, तपःप्रधान कर्मशील मनुष्य क्षत्रिय तथा दानप्रधान कर्मशील मनुष्य वैश्य है। शूद्र के सम्बन्ध में उनका कहना है कि शूद्र दूसरों से प्रेरित होकर ही किसी कार्य में प्रवृत्त होता है।[30]

यह सब कह देने के पश्चात् पण्डित ओझा के समक्ष यह प्रश्न उपस्थित हुआ कि यदि कोई ब्राह्मण स्वधर्म का परित्याग कर देता है तो वह ब्राह्मण रहेगा या नहीं—इस प्रश्न के समीचीन एवं सटीक उत्तर के रूप में ओझा जी ने महर्षि अत्रि के वचन को उद्धृत किया है जिसमें दस प्रकार के ब्राह्मण का विभाजन करके निम्न कर्म में प्रवृत्त पाँच प्रकार के ब्राह्मणों के साथ सम्बन्ध का निषेध किया है। उनका कहना है कि—

देवो मुनिर्द्विजो राजा वैश्यः शूद्रो निषादकः।
पशुर्म्लेच्छोऽपि चाण्डालो विप्राः दशविधाः स्मृताः॥
सन्ध्या स्नानं जपं होमं देवतानित्यपूजनम्।
अतिथिं वैश्वदेवञ्च देवब्राह्मण उच्यते॥
शाके पत्रे फले मूले वनवासे सदा रतः।
निरतोऽहरहः श्राद्धे स विप्रो मुनिरुच्यते॥
वेदान्तं पठते नित्यं सर्वसङ्गं परित्यजेत्।
सांख्ययोगविचारस्थः स विप्रो द्विज उच्यते॥
अस्त्राहताश्च धन्वानः संग्रामे सर्वसम्मुखे।
आरम्भे निर्जिता येन स विप्रः क्षत्र उच्यते॥

---

29. वेदधर्मव्याख्यानम्, पृ. 54
30. वेदधर्मव्याख्यानम्, पृ. 53

कृषिकर्मरतो यश्च गवां च प्रतिपालकः।
वाणिज्यव्यवसायश्च स विप्रो वैश्य उच्यते॥

लाक्षालवणसम्मिश्रकुसुम्भक्षीरसर्पिषाम्।
विक्रेता मधुमांसानां स विप्रः शूद्र उच्यते॥

चौरश्च तस्करश्चैव सूचको दंशकस्तथा।
मत्स्यमांसे सदा लुब्धो विप्रो निषाद उच्यते॥

ब्रह्मतत्त्वं न जानाति ब्रह्मसूत्रेण गर्वितः।
तेनैव च स पापेन विप्रः पशुरुदाहृतः॥

वापीकूपतडागानामारामस्य सरःसु च।
निःशङ्कं रोधकश्चैव स विप्रो म्लेच्छ उच्यते॥

क्रियाहीनश्च मूर्खश्च सर्वधर्मविवर्जितः।
निर्दयः सर्वभूतेषु विप्रश्चाण्डाल उच्यते॥[31]

इस प्रकार उपर्युक्त वर्णव्यवस्थाविषयक वैज्ञानिक विवेचन को ध्यान में रखकर आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में चिन्तन करने पर यही निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्येक समाज की शान्तिमयी व्यवस्था हेतु हमेशा चार वस्तुओं की अपेक्षा रहती है—

१. आत्मा की उन्नति हेतु ज्ञान एवं उच्च चिन्तन।

२. समाज की बाह्य तथा आन्तरिक शान्ति हेतु स्थूल बल तथा शासनशक्ति।

३. शरीर की रक्षा के लिए अन्न, अर्थ तथा ऐश्वर्यसङ्ग्रह।

४. लौकिक सुख हेतु सेवाशुश्रूषा।

पूर्वोक्त चारों स्थितियों को सुचारु प्रकार से चलाने के लिए चारों वर्णों में परस्पर सौमनस्य के साथ अपनी प्रकृति एवं प्रवृत्ति के अनुसार साधिकार कर्तव्यकर्म का पालन करते रहने पर समाज में चिरशान्ति एवं आध्यात्मिक उन्नति के साथ राष्ट्र का एक सन्तुलित विकास हो सकता है। इस तरह व्यष्टि और समष्टि के सम्बन्ध से सम्पूर्ण विश्व का आधार परमेश्वर सन्तुष्ट होता है, ऐसी हम आर्यजन की भावना है।

❑❑❑

---

31. वेदधर्मव्याख्यानम्, पृ. 53

ऋतु-निरूपण

✍ डॉ. भल्लूराम खीचड़*

आज सर्वत्र शान्ति के लिए वेद हमें मूल मन्त्र का उपदेश कर रहा है—

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति॥[1]
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे।
मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे॥[2]

अर्थात् तुम सब एक ही प्रयोजन से, एक ही दिल से, एक ही इरादे पर खड़े हो जाओ। इस तरह आपस में एक दिल रखो जिससे तुम सब एक साथ सुख से रह सको। ऐसा सोचो कि दोस्ती की निगाह से तमाम दुनिया मुझे देखे और दोस्ती की निगाह से मैं भी तमाम दुनिया को देखूँ। इन्हीं उपदेशों को लेकर समीक्षाचक्रवर्ती विद्यावाचस्पति पं. मधुसूदन ओझा ने वैदिक विज्ञान का विवेचन किया। आधुनिक विज्ञान मात्र यहाँ तक जानता है कि पृथ्वी और सूर्य दोनों घूमते हैं। परन्तु क्यों घूमते है ? यह वेद से ज्ञात होता है। माता के गर्भ में स्वल्पमात्रा के रेतोबिन्दु से नाना प्रकार के अङ्ग-प्रत्यङ्ग के साथ शरीर नियम से उत्पन्न होता है। शिर के बाल गुलाबी उत्पन्न होते हैं, फिर काले, बाद में श्वेत

---

* प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुड़ा विश्नोईयान (जोधपुर)

1. ऋग्वेद 10/191/4
2. यजुर्वेद 36/18

होकर सौ वर्ष पश्चात् पीले होते हैं, ऐसा क्यों? इन प्रश्नों के उत्तर वेद-विज्ञान में प्राप्त होते हैं। एक ऐसा ही प्रश्न ऋतुओं के सम्बन्ध में भी है। 'महर्षिकुलवैभवम्' में विराट् या यज्ञ के दस अक्षरभाग बताये गये हैं। यथा—

प्राणाश्चदेवा ऋषयो ग्रहाश्च स्तोमाश्च पृष्ठान्यृतवो दिशश्च।
छन्दांसि सामानि दशाक्षरैषा विराट् प्रतिष्ठां लभतेऽधियज्ञम्॥[3]

अभिप्राय यह है कि यज्ञ में प्राण, देवता, ऋषि, गृह, स्तोम, पृष्ठ, ऋतु, दिशा, छन्द और साम ये दस भाग होते हैं। इनका समुदाय ही यज्ञ है। इन दस भागों में ऋतु का अपना विशिष्ट स्थान है। यथा—

प्रवर्धतेऽग्निः क्रमतोऽथ सोमः प्रवर्धतेऽग्नेः क्रमतो निरोधात्।
तथा च सोमस्थितितारतम्यादग्नेरवस्था ऋतवः प्रसिद्धाः॥[4]

तात्पर्य यह है कि पहले अग्नि क्रम से बढ़ता है तब सोम को दबा देता है। आगे अग्नि का ह्रास होने पर सोम क्रम से बढ़ता है। इस प्रकार सोम की न्यूनता और अधिकता से, उसके सम्बन्ध के कारण अग्नि की जो भिन्न-भिन्न अवस्थाएँ होती हैं वे ही ऋतु नाम से कही जाती हैं। सूर्यमण्डल से हर समय निकल-निकल कर जो अग्नि पृथ्वी पर व्यापक रूप से आता रहता है वह ऋत अग्नि या संवत्सर अग्नि नाम से जाना जाता है। संवत्सर में ज्योतिश्चक्रात्मक खगोलीय वृत्त के ३६० अंशों में से उत्तर दक्षिण ध्रुवप्रदेशात्मक अर्द्ध खगोल परिणाम षड्भान्तर माना गया है, अर्थात् १८०^{0} अंशात्मक, इसके मध्य में जो बृहती छन्द पूर्वापर वृत्त है, जिसे ज्योतिष में विषुवत् वृत्त कहा है। इसके ठीक ९० अंश पर उत्तर में उत्तरी ध्रुव है, दक्षिण में ९०^{0} अंश पर दक्षिणी ध्रुव है। मध्यस्थ विषुवत् रेखा से २४ अंश उत्तर तथा १४ अंश दक्षिण में फैला हुआ परिसरात्मक जो मण्डल है उसी का नाम संवत्सर है। यह ४८ अंश के परिसर में है। विषुवत् रेखा से २४ अंश उत्तर में फैले हुए भाग को कर्क रेखा तथा दक्षिणी ध्रुव की तरफ फैले भाग को मकर रेखा के नाम से व्यवहृत किया जाता है।

---

3. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृष्ठ 227
4. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृष्ठ 232



संवत्सर के वयोनाध तथा वयरूप दो स्वरूप माने गये हैं। छन्दोरूप संवत्सर वयोनाध संवत्सर है, यही भातिसिद्ध कलात्मक संवत्सर है। इसी छन्द से छन्दित (सीमित स्वरूपात्मक संवत्सर वय है, यही सत्तासिद्ध अग्न्यात्मक संवत्सर है। ४८वें अंश की परिधि से समन्वित वृत्त ही वह क्रान्तिवृत्त है जिस पर भूपिण्ड घूम रहा है। वह संवत्सर की संक्षिप्तस्वरूप दिशा है। इसी आधार पर हमें अग्न्यात्मक सत्तासिद्ध संवत्सर का समन्वय करना है और उसके द्वारा अग्निसोम भावों का समन्वय करना है। सत्याग्नि तथा सत्य सोम से सृष्टि नहीं होती क्योंकि यह तो स्रष्टा का ब्रह्मौदन बना रहता है। सूर्य, भूपिण्ड आदि सत्याग्नि पिण्ड है और चन्द्रमा, शुक्र आदि सत्यसोम पिण्ड है। इनसे प्रवर्ग्य रूप से पृथक् होने वाले अग्नि सोम ही ऋतु कहलाये और 'उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वम्' इस अथर्व-सिद्धान्त के अनुसार ऋताग्नि सोम से ही प्रजोत्पत्ति होती है। कालात्मक खगोलीय संवत्सरमण्डल के उत्तर भाग में ऋतसोम प्रतिष्ठित है जो निरन्तर दक्षिण की ओर जा रहा है उसी प्रकार दक्षिण भाग में ऋताग्नि प्रतिष्ठित है जो निरन्तर उत्तर की ओर आ रहा है। इस गमनागमन-प्रक्रिया के द्वारा निरन्तर आहुति होती रहती है। इस आहुति कर्म का नाम यज्ञ है जो संवत्सर यज्ञ कहलाता है। यही पार्थिव प्रजासर्ग का उपादान करता है, अत एव संवत्सर यज्ञ को प्रजापति कहा जाता है। ऋताग्नि का आगमन दक्षिण से होता है अत

एव कृष्यन्न का परिपाक दक्षिण से ही प्रारम्भ होता है, भारतीय कृषक परिपक्व अन्न को दक्षिण से ही काटना प्रारम्भ करता है।

ऋताग्नि में ऋतसोम की आहुति होने से जो एक अग्नीषोमात्मक सांयौगिक अपूर्व भाव उत्पन्न होता है, उसे ही ऋतु कहा जाता है। लोकानुबन्ध से संवत्सर में छः ऋतुएँ मानी जाती हैं, प्रत्येक ऋतु ६०-६० दिन की होती है। वैज्ञानिक यज्ञानुबन्ध से पाँच ही ऋतुएँ हैं इसलिए संवत्सर यज्ञ 'पाङ्क्त' अर्थात् पञ्चायवयव कहलाया। पञ्चभूत, पञ्च कर्मेन्द्रियाँ, पञ्चाङ्गुलि आदि समस्त पञ्चभाव संवत्सर यज्ञ की पञ्चावयवा ऋतु से ही अनुप्रमाणित हैं। 'हेमन्तशिशिरयोः समासेन' रूप से हेमन्त और शिशिर दोनों को एक ही शीतर्तु मानकर पाँच ऋतुएँ मानी जाती हैं। प्रत्येक ऋतु ७२-७२ दिनों में विभक्त है। लोक में भी राजस्थान की प्रान्तीय भाषा में 'पून्यूं पड़वा टाले तो दिन बहत्तर गाले' इस आभाणक से वैदिक पञ्चर्तुस्वरूप सुपरिचित हुआ हैं। १६-४०-१६ इस विभाजन से ७२ दिन की प्रत्येक ऋतु प्रातः सवन, माध्यन्दिन सवन, सायं सवन रूपा तीन यज्ञप्रक्रियाओं से क्रमशः बाल्यावस्था, युवावस्था, वृद्धावस्था इन तीनों अवस्थाओं में भोग करती है। संवत्सर यज्ञस्वरूपसम्पादिका वसन्तादि ऋतुओं का रहस्य इस प्रकार है—

मान लीजिए, अभी अत्यन्त शीत का प्रकोप है, संवत्सर अग्नि से विहीन बन रहा है, सोमात्मक शीततत्त्व के चरम विकास के अनन्तर अग्नि का जन्म हो पड़ता है। सद्यःप्रसूत अग्निकण शीतभावापन्न सोमपटल पर बरसने लगते हैं, यही पहली वसन्त ऋतु है जिसका निर्वचन इस प्रकार है—'चैत्रवैशाखयोः वसन्तः'। "यस्मिन् काले अग्निकणाः पदार्थेषु वसन्तो-निवसन्तो भवन्ति स कालः वसन्तः"।[5] 'अग्नयोऽत्र वसन्तः क्रमेण सर्वत्र व्याप्नुवानाः सन्ति स कालो वसन्त इत्याख्यायते'।[6]

आगे चलकर अग्नि द्वारा अधिक बल से पदार्थों का ग्रहण किया जाता है, "यस्मिन् काले अग्निकणाः पदार्थान् गृह्णन्ति स कालः ग्रीष्मः"[7] निर्वचन से ही वही काल ग्रीष्म कहलाया। 'यदा तु सोऽग्निः सर्वान् अर्थान् गृह्णानः—आत्मासात्कुर्वाणोऽस्ति, स कालो ग्रीष्म ग्रहधातोः परोक्षवृत्त्या निष्पन्नत्वाद् अस्य शब्दस्य'।[8]

5. सांस्कृतिक व्याख्यानपञ्चक, पृ. 39
6. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 232-33
7. सांस्कृतिक व्याख्यानपञ्चक, पृ. 39
8. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृष्ठ 233

अग्नि और प्रवृद्ध हुआ निःसीम बना मानो पदार्थों को जलाने ही लग पड़ा, यही 'नितरां दहत्यग्निः पदार्थान्' इस निर्वचन से निदाघ भी कहलाने लग पड़ा। निदाघ की चरमावस्था में अग्निकाल को परावर्तित कर दिया, सङ्कोचावस्था प्रारम्भ होने लगी। यही सङ्कोचावस्था वर्षा कहलायी। 'यदा तेऽग्नयः प्रवृद्धा भवन्ति तदा वर्षा वृधधातुनिष्पन्नोऽयं शब्दः'।[9] 'अतिशयेन उरु अग्निः यस्मिन् काले' निर्वचन से अग्नि का उरुभाव ही वर्षा कहलाया। पाणिनीय व्याकरण ने उरु को वर्ष आदेश कर दिया और इस प्रकार उरु शब्द वर्षरूप में परिणत हो गया। इस भाँति अग्नि ही अपने क्रमिक उद्ग्राभ चढ़ाव से वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा इन तीनों ऋतुओं में परिणत हो गया जिसमें वर्षा बना अग्नि का उपक्रमकाल, ग्रीष्म बना मध्यकाल, वर्षा बना उपसंहारकाल। उपक्रम ही आधानकाल था शान्त अग्नि का, मध्य प्रचण्ड काल तथा उग्र अग्नि का अवसान ही गुप्तकाल था अन्तर्मुख अग्नि का। इसी आधार पर शान्त, उग्र, अन्तर्मुख-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य के लिए वैध यज्ञ में वसन्त, ग्रीष्म एवं वर्षानुगतशरत् अग्न्याधानकाल माने गये हैं। 'वसन्ते ब्राह्मणः ग्रीष्मे राजन्यः शरदि वैश्य अग्नीनादधीत''।[10] अग्नि की तीसरी वर्षा ऋतु को संवत्सरवाचक वर्ष शब्द से क्यों व्यवहृत किया गया ? उत्तर यह है कि जब पुरवाई हवा चलती है तो वर्षाऋतु वसन्त की छटा से, उष्मा के वेग से ग्रीष्म की छटा से, पानी बरसने के अनन्तर शीत की छटा से युक्त हो जाती है और वर्षा ऋतु तो खुद है ही। इस प्रकार 'वर्षा त्वेते सर्वऋतवः' रूप से इस ऋतु में सभी ऋतुओं का भोग हो रहा है, इसलिए संवत्सरवाचक वर्ष नाम से यह ऋतु प्रसिद्ध हो गई। यह भी विदित है कि यदि वर्षा ऋतु में वर्षा नहीं हो तो कृष्यन्न के अभाव में सम्पूर्ण वर्ष ही निस्तत्त्व बन जाये। वर्ष का वर्षत्व वर्षा ऋतु पर ही आधारित है। इसलिए इस ऋतु को वर्षा नाम से व्यवहृत करना प्रकृति सिद्ध है, क्योंकि वर्षा ऋतुओं में सम्पूर्ण ऋतुओं का भोग है। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय शास्त्रीय सङ्गीताचार्यों ने वर्षा ऋतु में सम्पूर्ण ऋतुओं के रागों का गान उचित मान लिया।

जिस अनुपात से वसन्त से अग्निकण उपक्रान्त बने थे उसी अनुपात से अब

9. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृष्ठ 233
10. सांस्कृतिक व्याख्यानपञ्चक

अग्निकण शीर्ण होने लगे। जैसे—'यस्मिन् काले अग्निकणाः शीर्णाः भवन्ति स कालः शरत्'[11] अथवा 'अथ परां वृद्धिं प्राप्य यदा क्षयं गन्तुमारभन्तेऽग्नयः तदा शरत्कालः।'[12]

अग्निकण और हीन बने तथा सर्दी बढ़ी, सोमत्व का भी क्रमिक विकास हुआ, वह हेमन्त है। यथा—'यस्मिन् काले अग्निकणाः हीनतां गता भवन्ति सः कालः हेमन्तः अर्थात् 'हीनता में हेमन्त कहलाया।'[13]

अन्त में अग्निकण सर्वथा शीर्ण हो गये—"पुनः पुनरतिशयेन शीर्णाः अग्निकणाः स कालः"।[14] शीतप्रवर्तक सोम का प्राधान्य रह गया वह काल शिशिर कहलाया। यथा—'पुनः पुनरतिशयेन शीर्णाः अग्निकणाः स कालः शिशिर इति'।[15]

इस प्रकार वसन्त में अग्नि का जन्म, शरत् में सोम का जन्म, वर्षा में अग्नि की समाप्ति और शिशिर में सोम की समाप्ति होती है। अग्नि की चरम विकासावस्था की ही सोम में परिणति होती है और सोम की सङ्कोचावस्था की अग्नि में परिणति होती है। अग्नि व सोम के परिवर्तन से ही ऋतुओं का जन्म होता है।

महावैयाकरण आचार्य भर्तृहरि ने भी शब्दब्रह्म की कालशक्ति को स्पष्ट करते हुए कहा है—

अध्याहितकलां यस्य कालशक्तिमुपाश्रिताः।
जन्मादयो विकाराः षड् भावभेदस्य योनयः ॥[16]

निरुक्तकार यास्क ने 'षड् भावविकारा भवन्तीति वार्ष्यायणिः—जायते, अस्ति, विपरिणमते, वर्धते, अपक्षीयते विनश्यति इति'।[17] अर्थात् षड्भाव विकारों से ही छः ऋतुएँ बनी हैं जो निम्न तालिका द्वारा स्पष्ट की जा सकती हैं—

---

11. सांस्कृतिक व्याख्यानपञ्चक, पृ. 40
12. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृष्ठ 233
13. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृष्ठ 233
14. सांस्कृतिक व्याख्यानपञ्चक, पृ. 40
15. महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृष्ठ 233
16. वाक्यपदीयम् , 1/3
17. निरुक्त, 1/1

षड् ऋतुएँ	ऋतुओं का समय	षड् भावविकार	दोनों का साम्य
१. वसन्त	चैत्र–वैशाख	जायते	अग्नि का जन्म
२. ग्रीष्म	ज्येष्ठ–आषाढ	अस्ति	अग्नि द्वारा अपनी सत्ता धारण करना, अग्नि का मध्यकाल
३. वर्षा	श्रावण-भाद्रपद	विपरिणमते	अग्नि का उपसंहार काल, अग्नि की सङ्कोचावस्था
४. शरद्	आश्विन-कार्तिक	वर्धते	अग्निकणों का परिवर्तित होना न रुकना, सोम का जन्म
५. हेमन्त	मार्गशीर्ष–पौष	अपक्षीयते	अग्निकणों का ओर अधिक हीन होना तथा सर्दी का बढ़ना
६. शिशिर	माघ-फाल्गुन	विनश्यति	अग्निकणों का सर्वथा शीर्ण होना तथा सोम का प्राधान्य होना

इस प्रकार चैत्र से भाद्रपद मास तक सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध में भ्रमण करने के कारण हमारे देश के समीप होता है अर्थात् कर्क रेखा जो भारत के बीचोबीच से गुजरती है उस पर चमकता है तब तक अग्नि बढ़ता है। आश्विन से फाल्गुन मास तक दक्षिण दिशा में सूर्य दूर चला जाता है तो अग्नि का ह्रास होने लगता है और सोम बढ़ता रहता है। सोम की न्यूनाधिकता के कारण ऋतुएँ बदलती रहती हैं। अग्नि हमें सूर्यमण्डल से प्राप्त होता है और सोम चन्द्रमण्डल से। इन दोनों का प्रभाव अग्नि पर पड़ने से पार्थिव अग्नि भिन्न-भिन्न पदार्थों के उत्पादन में समर्थ होता है। इसीलिए सूर्य, चन्द्रमा और पार्थिव अग्नि इन तीनों को जगह-जगह पर ऋतुओं का उत्पादक कहा है। ऋग्वेदसंहिता के प्रथममन्त्र में भी ऋतुओं के अनुसार यज्ञ सम्पादित करने का आह्वान किया गया है—

अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्।
होतारं रत्नधातमम्॥ —ऋग्वेद, १/१/१

❑❑❑

वैराज पुरुष 'मनु'

✍ डॉ. मङ्गलाराम विश्नोई *

"ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च"[1]—इस भाष्यवचन से वेदों का अध्ययन और ज्ञान मनुष्य के लिए एक स्वाभाविक कर्म होना चाहिये। अपनी प्रातिभ चक्षु के सहारे साक्षात्कृतधर्मा ऋषियों के द्वारा अनुभूत अध्यात्मशास्त्र के तत्त्वों की विशाल विमल शब्दराशि का नाम ही 'वेद' है। वेद का वेदत्व इसी में है कि वह प्रत्यक्ष या अनुमान के द्वारा दुर्बोध तथा अज्ञेय उपाय का ज्ञान स्वयं कराता है। वस्तुतः वेद के सम्बन्ध में शतपथश्रुति कितना स्पष्ट कह रही है कि धन से परिपूर्ण पृथिवी के दान करने से जितना फल होता है, वेदों के अध्ययन से भी उतना ही फल मिलता है। उतना ही नहीं, प्रत्युत उससे भी बढ़कर अविनाशी अक्षय्य लोक को मनुष्य प्राप्त करता है। अतः वेदों का स्वाध्याय करना अत्यन्त आवश्यक है।[2]

द्विज का द्विजत्व इसी में है कि वह गुरु के पास वेद का अध्ययन करे, वैदिक धर्म एवं भारतीय संस्कृति के विशुद्ध रूप को समझे। सामान्य ग्रन्थों के समान वेद भी ग्रन्थ ही हैं। फलतः जो ऋषि उसके मन्त्रविशेष से सम्बद्ध हैं वे वस्तुतः उसके रचयिता है।[3] वेदमन्त्रद्रष्टा ऋषियों को अलौकिक सामर्थ्य प्राप्त था तथा दैवी प्रतिभा के बल से

---

* वरिष्ठ सहायक आचार्य, संस्कृतविभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

1. व्याकरणमहाभाष्य, पस्पशाह्निक, पृष्ठ 5-6
2. यावन्तं ह वै इमां पृथिवीं वित्तेन पूर्णां ददत् लोकं जयति त्रिभिस्तावन्तं जयति; भूयांसं चाक्षय्यं च य एवं विद्वान् अहरहः स्वाध्यायमधीते, तस्मात्स्वाध्यायोऽध्येतव्यः।—शतपथ ब्राह्मण, 11.5.6.1
3. ब्रह्मकृण्वन्तो हरिवो वसिष्ठाः। —ऋग्वेद 7.37.4

उन्होंने अपनी प्रातिभ चक्षु के द्वारा मन्त्रों का दर्शन किया।[4]

वैदिक तत्त्वों में आधुनिक विज्ञान से भी उदात्ततर वैज्ञानिक सिद्धान्तों का प्रतिपादन है। आधुनिक विज्ञान का मुख्य आधार विद्युत्शक्ति है। वैदिकविज्ञान का मुख्य आधार प्राणशक्ति है। यह प्राणशक्ति विद्युत् शक्ति की अपेक्षा बहुत व्यापक है। विद्युत् शक्ति भी प्राणशक्तिं का ही भेद है, किन्तु इस प्रकार के अनन्त भेदों का समावेश प्राणशक्ति में हो जाता है। प्राण के ही भेद ऋषि, पितृ, देवता, गन्धर्व, असुर इत्यादि हैं। वे ही देवता, ऋषि, पितृ आदि यज्ञ के परिचालक हैं। जगत् के समस्त पदार्थों में जो लेने देने की प्रक्रिया चल रही है वह यज्ञ ही है। यज्ञ के परिचालक देवता हैं अग्नि तथा सोम। इस अग्निसोमात्मक जगत् में सोमाहुति के कारण निरन्तर अग्निप्रक्रिया समस्त पदार्थों में बराबर चल रही है।

इस जगत् में विद्यमान समस्त यौगिकों को वेदविज्ञान में विराट् कहा जाता है। जो वस्तु इन्द्रियों से अथवा यन्त्रों से जानी जा सकती है, वह एक-एक विराट् है। विराट् का उत्पादक यज्ञ है। अत एव यज्ञ ही समस्त पदार्थों का अन्तरात्मा है। मूलभूत यज्ञ को उत्पन्न करने वाला 'पुरुष' कहलाता है जो क्षराक्षराव्ययात्मक है।

अर्धात्मा रूप से इन्द्रप्राण प्रत्येक जीवधारी के शरीरों में विराजमान रहता हुआ मनु कहलाता है।[5] मनु कहीं चार, कहीं सात और कहीं चौदह कहे गए हैं। 'महर्षयः सप्त पूर्वे चत्वारो मनवस्तथा'[6] इस प्रकार गीता मनु के चार प्रकार बतलाती हैं। मनुस्मृति में स्वायम्भुव इत्यादि सात मनुओं एवं पुराणों में चौदह मनुओं का वर्णन हैं। इसका कारण यह है कि ब्रह्मामण्डल, सूर्यमण्डल, चन्द्रमण्डल और पृथिवीमण्डल इस प्रकार ये चार मण्डल मुख्य रूप से हमारे ब्रह्माण्ड में वर्तमान हैं। इन सबमें जो पशु उत्पन्न होते हैं, उनके शरीर में रहने वाले प्राण का नाम मनु है। इन्हीं चार मण्डलों की भिन्नता के कारण चार मनु हुए। यदि यह विचार किया जाय कि भूः, भुवः, स्वः आदि सात लोक हैं। सभी लोकों में पशु होते हैं। अन्तरिक्ष भी पशुशून्य नहीं है। बहुत से जीव अन्तरिक्ष में भी रहते

4. यज्ञेन वाचः पदवीयमायन् तामन्वविन्दन् ऋषिषु प्रविष्टाम्। —ऋग्वेद 10.71.3

5. प्रशासितारं सर्वेषामणीयांसमणोरपि। रुक्माभं स्वप्नधीगम्यं विद्यात्तं पुरुषं परम्॥
एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम्। इन्द्रमेके परे प्राणमपरे ब्रह्म शाश्वतम्॥
—मनुस्मृति, 12.122-123

6. गीता-10.6

हैं, उनके प्राण भी मनु हैं, अतः सात लोकों के विभाग से मनु सात हो जायेंगे। अतल, वितल आदि सात पृथिवी पुट रूप नीचे के लोकों को भी जोड़ कर चतुर्दशभुवन माने जायँ और उन सबमें ही पशु तथा पशुप्राणरूप मनुष्यों का सङ्कलन किया जाय, तो मनु चौदह कहलायेंगे। इस प्रकार मनुओं की संख्या वक्ता की इच्छा पर निर्भर होने से मनुसंख्याविषयक विरोध समाप्त हो जाता है।

मैत्रायणी संहिता मनु की उत्पत्ति सूर्यरस से बतलाती है[7], अतः मनु सूर्यपुत्र सिद्ध होता है। सूर्य के भी ज्योति, गौ और आयु ये तीन रस कारण हैं। अन्य शब्दों में उक्त तीन रस सूर्यमण्डल से निकलते हैं। उनमें से आयु नामक रस से ही मनु की उत्पत्ति मानी गई है।[8]

जिन तत्त्वों से जो मण्डल बनता है, वे उस मण्डल के धातु अथवा मनोता कहे जाते हैं। जिस मण्डल में जो रस या तत्त्व होता है, वही उससे निकलता है। उस मण्डल को बनाने के कारण वह उस मण्डल का धातु और उससे निकलने के कारण मनोता कहा जाता है। सूर्य, चन्द्र, पृथिवी आदि पाँच मण्डलों के तीन-तीन धातु अथवा मनोता होते हैं। इनमें सूर्यमण्डल के धातु अथवा मनोता ज्योति, गौ और आयु हैं। यहाँ शङ्का यह हो सकती है कि सूर्यमण्डल के एक रस से उत्पन्न मनु को सब लोकों में अनेकधा व्याप्त कैसे बताया जाता है? तो इसका समाधान यह है कि मैत्रायणी श्रुति में विवस्वान् से मनु की उत्पत्ति बतलाई गई है, किन्तु अन्यत्र मनु नहीं होता, यह तो नहीं कहा। अतः अन्य स्वयम्भू आदि मण्डलों में भी जो पशु अपने कारण से उत्पन्न होते हैं उनमें भी तुल्यन्याय से पशुप्राणरूप मनु मानना ही पड़ेगा। अत एव पुराणों में न केवल वैवस्वत ही मनु कहा गया है, प्रत्युत स्वायम्भुव आदि मनु भी बताए गए हैं। यहाँ श्रुतिविरोध नहीं है। यदि श्रुति स्वायम्भुव आदि का निषेध करती, तो विरोध होता।

मण्डलों में रहने वाले इन्द्रप्राणों के एक ओर के भाग होने के कारण ये सभी मनु अर्द्धेन्द्र हैं। प्रश्न उठ सकता है कि कौषीतकि श्रुति में तो 'मनुः सर्वः' कहकर मनु की सर्वव्यापकता तथा सर्वरूपता स्पष्ट की है, अतः वह अर्धरूप कैसे हो सकता है? तो इसका उत्तर यह है कि 'मनुः सर्वः' इस श्रुति का अभिप्राय यह है कि संसार में जितने पदार्थ हैं, उन सबमें मनु रहता है। यह अर्थ नहीं है कि मनु सर्व अर्थात् पूर्ण रस रूप होता

7. स वाव विवस्वानादित्यो यस्य मनुश्च वैवस्वतो यमश्च। मनुरेवास्मिन् लोके यमोऽमुष्मिन्निति।
—मैत्रायणी संहिता, 1.6.12

8. मनुः सर्वः। आयुर्वै मनुः। —कौषीतकि 26.17

है। उत्पादक का सम्पूर्ण रस पशु में नहीं आ सकता।

मनु वैराज पुरुष है। सूर्य, चन्द्र, पृथिवी आदि मण्डल के आत्मा रूप प्राण जिस प्रकार विराट् को बनाते हैं और उस विराट् के साथ सदा सम्बद्ध रहते हैं, उसी प्रकार से यह पशुओं का अर्द्धेन्द्र आत्मा भी विराट् को उत्पन्न करता है। इस अर्द्धेन्द्र आत्मा के विराट् से निकलते हुए प्राणरूप अमृत रस से जो प्राण उत्पन्न होता है, वह विराट् से उत्पन्न होने के कारण वैराजपुरुष अथवा मनु कहलाता है।[9] जिस प्रकार पूर्ण प्रजापति से विराट् की उत्पत्ति होती है उसी प्रकार अर्ध प्रजापति (अर्धेन्द्र आत्मा) से भी विराट् की उत्पत्ति होती है।

वैराजपुरुष मनु से भृगु, अङ्गिरा, अत्रि, वसिष्ठ आदि ऋषिप्राण उत्पन्न होते हैं और इसी मनु से वेद निकलते हैं। मैत्रायणी शाखा में जो 'मनोर्ऋचो भवन्ति'[10] यह कहा गया है, वहाँ 'ऋक्' पद का अर्थ समस्त वेदों (ऋक्, यजुः, साम तथा अथर्व) का सङ्केत करने वाला है। ये इन्द्र से उत्पन्न भृगु इत्यादि ऋषि तथा ऋक् इत्यादि वेद अमृतप्राण हैं। मर्त्य के रस से उठे हुए प्रत्येक पदार्थ के श्रीभाग में रहने वाले अमृतप्राण कहलाते हैं। श्रीरूप प्राण और ऋषिरूप प्राणों का परस्पर सम्बन्ध होता है।

अमृताग्नि (चितेनिधेयश्री), मर्त्याग्नि (चित्यपिण्डा) और पाशुकाग्नि (मण्डलजन्य पदार्थप्राण) ये तीनों मिलकर 'विराट्' कहे जाते हैं। इन तीनों अग्नियों के सङ्घटित रूप विराट् के तीन पाद हैं। उनमें पृथिवी नामक पहला पाद है। दूसरा पाद अन्तरिक्ष तथा तीसरा पाद द्यु है। इन तीनों पादों में प्रत्येक में अमृत-मर्त्य तथा इन अमृत-मर्त्य दोनों से सम्मिलित रूप से उत्पन्न 'पशु' में इन तीनों तत्त्वों का योग रहता है।

शङ्का यह हो सकती है कि 'पशवो वै विराट्'[11] इस मैत्रायणी श्रुति में मात्र पशु को ही विराट् कहा गया है। फिर यहाँ अमृत-मर्त्य-पशु इन तीनों को विराट् कैसे बताया जा रहा है? इसका समाधान यह है कि जिस शब्द का समुदाय में प्रयोग प्रसिद्ध होता है उसका उसके एक अवयव में भी प्रयोग हो जाया करता है, यह लोकप्रसिद्ध न्याय है। इस न्यायानुसार ही मैत्रायणी श्रुति ने तीनों में प्रसिद्ध 'विराट्' शब्द का केवल पशु के लिए भी

9. द्विधा कृत्वात्मनो देहमर्द्धेन पुरुषोऽभवत्।
अर्द्धेन नारी तस्यां स विराजमसृजत्प्रभुः॥
तपस्तप्त्वाऽसृजद्यं तु स स्वयं पुरुषो विराट्।
तं मां वित्तास्य सर्वस्य स्रष्टारं द्विजसत्तमाः॥ —मनुस्मृति 1.32-33

10. मैत्रायणी संहिता 2.1.5

11. मैत्रायणी संहिता, 1.6.6

प्रयोग कर दिया है। इससे अन्य दोनों को विराट् कहने में कोई बाधा नहीं है, क्योंकि चित्य और चितेनिधेय जो मर्त्य और अमृत अथवा अन्न और प्राण रूप से प्रसिद्ध हैं, उन्हें भी अन्य श्रुतियों में विराट् कहा गया है।[12] अतः इन्द्र के भोग के लिए जो उपकरण आवश्यक है, उनका साधक जो अन्नकोश है, वह विराट् कहलाता है। यही प्राणरूप विराट् बाहर से अन्न संग्रह करके अपने मध्यवर्ती इन्द्र को देता है। इस संग्रह में साक्षात् सम्बद्ध होने के कारण अन्न को भी विराट् कहते हैं।

यहाँ अब द्वितीय प्रश्न यह होता है कि 'एतद्वै विराजो रूपं यद्गौः' यह सामवेद श्रुति है। गो शब्द रश्मि अर्थात् किरणों का वाचक प्रसिद्ध है। इससे सिद्ध हुआ कि यहाँ किरणों को विराट् कहा गया है, अन्न को विराट् नहीं बताया गया। अतः अन्न को विराट् कहना उचित नहीं। तो इस प्रश्न का उत्तर यह है कि 'गो' सर्वत्र रश्मि का ही वाचक नहीं है। 'विरश्मिभिः ससृजे सूर्यो गाः'[13] इस कौषीतकि श्रुति से रश्मि से भिन्न गोपदार्थ का ज्ञान होता है। यदि रश्मि ही गो होती, तो रश्मियों से गौओं का मिलाना कैसे कहा जाता ? अपने से आप कैसे मिलाया जाय। अतः सामवेद श्रुति में गो शब्द का अर्थ अन्न ही है, क्योंकि 'यज्ञो ह्येवेयम्, नो ऋते गोर्यज्ञस्तायते, अन्नं ह्येवेयम्, यद्धि किञ्चान्नं गौरेव तदिति'[14] इस वाजसनेयी श्रुति में गो शब्द का अर्थ अन्न ही बतलाया गया है। या फिर इसको इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि गो शब्द का प्रयोग पाँच स्थानों में होता है—वाक्, विराट्, प्रसिद्ध पशु, इडा और सब कुछ।[15] यहाँ चतुर्थ स्थान पर जो गौ को 'इडा' बताया गया है, वह पार्थिव तेज का नाम है।

पृथिवी के रसों के वाक्, गौ और द्यौ नाम से तीन विभाग हैं। इनमें द्वितीय गौ रस पृथिवी से उठ कर द्युलोक तक व्याप्त रहता है और यही सब अन्नों की उत्पत्ति का उपादान कारण है। यही गौ कहलाता है, जैसाकि मैत्रायणी श्रुति के ही कथन से ज्ञात होता है। वहाँ "यो वा इडां धेनुं वेद" इत्यादि वाक्य से आरम्भ करके आगे बताया गया है कि "तस्या वेयमेव पादः, अन्तरिक्षं पादः, द्यौः पादः, कृषिः पादः" यह कह कर इडा की शरीरस्थिति का रूपक इस प्रकार कहा है कि "असावादित्यः शिरोऽग्निरास्यम्, वातः प्राणो गायत्र्यभिधानी", 'गायत्री' पद से यहाँ पृथिवी कही गई है।

---

12. अन्नं विराट्, अन्नाद्यं श्रियः। —कौषीतकि संहिता-17.3
13. कौषीतकि संहिता-25.3
14. वाजसनेयी संहिता-2.2.2
15. गौर्वै वाक्। गौर्विराट्। गौः खल्वेव गौः। गौरिडा। गौरिदं सर्वम्।
—मैत्रायणी संहिता, खिलकाण्ड, 2 प्रपाठक

मैत्रायणी श्रुति में गो शब्द के पञ्चम अर्थ में समस्त भोगों का निर्देश किया है। भोगों को ही अन्न भी कहते हैं।

प्रत्येक उपादान कारण के लिए गो शब्द प्रयुक्त होता है, यह भी श्रुतिसिद्ध है।[16] गौ अन्न में रस देती है, इस कारण गौ अन्न का भी नाम है। ज्योति, गौ, आयु ये तीनों सूर्य के रस हैं। इन तीनों में गौ नामक रस से सभी रस और सभी अन्न पृथिवी में उत्पन्न होते हैं तथा इन सभी अन्नों व रसों का भोग इन्द्र करता है।

यह विराट्, अन्न, ऊर्क् और प्राणरूप है, अतः विराट् ही यज्ञ कहलाता है। यज्ञ की परिभाषा यही है कि जो अन्न प्राप्त हो, वह ऊर्क् रूप होता हुआ प्राणरूप हो जाय। अन्न और प्राण की मध्य अवस्था को ऊर्क् कहा जाता है। यज्ञ इन्द्र के ही आश्रित है और इन्द्र के लिए ही किया जाता है, ऐसा शतपथ ब्राह्मण में भी कहा गया है।[17]

'यज्ञो वै विष्णुः' यह भी श्रुतियों में अनेक स्थानों में कहा जाता है। अतः विराट् शब्द से विष्णु का भी बोध होता है। विष्णु इन्द्र के साथ सर्वदा ही रहता है, इसलिए उसे उपेन्द्र कहते हैं।[18]

प्राणमय कोश के अन्तर्गत बहुत से प्राणों को भी विराट् कहा जाता है। 'दशाक्षरा विराट्' 'दश दशिनो विराट्'[19] इत्यादि श्रुतियों से इस प्राणमय विराट् के दश अवयव निश्चित होते हैं।[20]

इस प्रकार भिन्न-भिन्न प्रकार के दस तत्त्व जहाँ एकत्रित हों उसे वैदिक परिभाषा में 'विराट्' कहा जाता है। यज्ञ में प्राण, देवता, ऋषि, ग्रह, स्तोम, पृष्ठ, ऋतु, दिशा, छन्द और साम ये दस अक्षर होते हैं। इनका समुदाय ही यज्ञ है। इसलिए यज्ञ में विराट् प्रतिष्ठित है।

❑❑❑

---

16. ततो या योनिरुदशिष्यत सा गौरभवत्। गोनिर्वा नामैषः। —मैत्रायणी संहिता
17. (i) सर्वो वै यज्ञ इन्द्रस्यैव। सेन्द्रो यज्ञः। —शतपथ ब्राह्मण–11.1.3.4
    (ii) इन्द्रो वै यज्ञस्य देवता। —शतपथ ब्राह्मण–2.3.2.38
18. (i) इन्द्रस्य युज्यः सखा। —ऋग्वेद–1.22.19
    (ii) अन्नं वै व्रतम्। —वाजसनेयी संहिता
19. कौषीतकि संहिता–17.3
20. 'दश वा एताग्निंश्चिनुते–अष्टौ धिष्ण्यान्। आहवनीयं च गार्हपत्यं च। तस्मादाहुर्विराडग्निरिति।' 'एतस्य ह्यैवैतानि सर्वाणि रूपाणि।' —शतपथ ब्राह्मण–10.3.2.21

ऋषिशब्द-निर्वचन

✍ डॉ. ठाकुरदत्त जोशी*

प्राणमूलक वैदिक विज्ञान में ऋषिप्राण सबका मूलतत्त्व है। ऋषि शब्द और ऋषिविशेषवाचक कश्यप, अत्रि, वसिष्ठादि शब्द केवल उस मूलतत्त्व के बोधक हों—ऐसा भी नहीं, अपितु ये शब्द कहीं ताराविशेष एवं व्यक्तिविशेष के भी बोधक हैं। ऋषि शब्द के चार प्रकार के अर्थ प्रसिद्ध हैं—असद्‌रूप, रोचनारूप, द्रष्टारूप और वक्तारूप।[1]

फोर्स या एनर्जी हमारी प्राणशक्ति है। यह प्राणशक्ति ही वैदिक विज्ञान का आधारस्तम्भ है। इसी के ऋषि, पितृ, देव आदि भेद हैं। ये प्राण अनेक प्रकार के हैं। प्राणों के समूह को पुरुष कहते हैं। नानाजातीय प्राणसमुदाय को देव कहते हैं और एकजातीय प्राण समुदाय को ऋषि।[2]

कुछ मन्त्रों में ऋतुओं का ऋषि शब्द से व्यवहार किया गया है। देवता प्राणरूप हैं, ऋषि भी प्राणरूप हैं, किन्तु देव ऋषि नहीं होता और न ऋषि देवता होता है। एक ही धातु से निर्मित विभिन्न स्वर्णाभूषणों के भेद के समान ही देव और ऋषि में परस्पर भेद समझना चाहिए। मन्त्रों में कई जगह इन्द्र आदि देवों को वक्ता माना गया है अतः ये

* पूर्व सह आचार्य, संस्कृतविभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

1. अथ ऋषिशब्दनिर्वचनम्—ऋषिशब्दस्य चतुष्टयी प्रवृत्तिः—असल्लक्षणा, रोचनालक्षणा, द्रष्टृत्वलक्षणा, वक्तृलक्षणा चेति। —महर्षिकुलवैभवम्-पूर्वार्द्धम् (ग्रन्थाङ्क-6), पं. मधुसूदन ओझा, प्रका. सञ्चालक, पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर, 1956 ई., पृ. 3

2. नानाजातीयाश्चैते प्राणाः। तेषां घने पुरुषशब्दो रूढः। स च द्विविधः.....तत्राद्ये देवशब्दो द्वितीये त्वेष ऋषिशब्दो रुढः। —वही, पृ. 8

चतुर्थ प्रकार (वक्तृत्वलक्षणरूप) के ऋषि सिद्ध होते है।[3]

ऋषि शब्द का द्वितीय अर्थ—आकाशमण्डल में चमकने वाले ऋक्ष, नक्षत्र, तारा आदि नाम से प्रसिद्ध बिम्बों में पूर्व महर्षियों ने ऋषि शब्द से व्यवहार किया है।[4] ध्रुव तथा उसके समीप सात ताराओं में और इतर ताराभाग में भी ऋषि शब्द का व्यवहार श्रुति में देखा जाता है।[5]

उत्तर दिशा में और भी मार्कण्डेय, कश्यप आदि, मध्य आकाश में वृहस्पति आदि एवं दक्षिण दिशा में अगस्त्य आदि विशिष्ट तारागण ऋषिरूप में माने जाते हैं।[6] यहाँ एक मत यह भी है कि प्राणरूप ऋषि तारारूप ऋषि से सर्वथा भिन्न नहीं हैं। वस्तुतः प्राणतत्त्व ही ऋषि है, सूर्य की किरणों में रहने वाले सम्पूर्ण प्राण देव, चन्द्रमा की किरणों में रहने वाले सब प्राण पितर और ऋक्षरूप वाले चमकते नक्षत्रों में रहने वाले सभी प्राण ऋषि कहलाते हैं, जिस-जिस नक्षत्र में जिस-जिस ऋषिप्राण की प्रधानता है, उस-उस नक्षत्र का उस ऋषि नाम से व्यवहार किया गया है।[7]

ऋषि शब्द का तीसरा अर्थ—ऋषिशब्द का अर्थ तत्त्वद्रष्टा रूप में भी पाया जाता है। ऋषि वस्तुतत्त्वद्रष्टा है और वह तत्त्वज्ञान ही दूसरों को देते हैं। ओझाजी ने वेद के आचार्य ऋषियों को मन्त्रकर्ता और मन्त्रद्रष्टा दोनों रूपों में स्वीकार किया है।[8] 'अजान् ह वै' आदि मन्त्र का अर्थ है कि तपस्या करते हुए 'अज' और 'पृश्नि' ऋषियों के हृदय

---

3. प्राणा एव देवाः, प्राणा एव ऋषयः। किन्तु न देवा ऋषयः, न ऋषयो देवाः। यत्र तु देवानामिन्द्रादीनामृषित्वं क्वचिदुपचर्यते, तत्र वक्तृत्वलक्षणं तत्स्याद्, नत्वसल्लक्षणमिति विवेक्तव्यम्। —महर्षिकुलवैभवम् (पूर्वार्द्धम्), पृ. 15-16

4. अथ या एताः 'रोचन्ते रोचना दिवि' यासु ऋक्षनक्षत्रतारकादयः शब्दाः प्रसिद्ध्यन्ति, तास्वेतमृषिशब्दमुपचरन्ति स्म पूर्वे महर्षयः। —वही, पृ. 18

5. असूर्त्ते सूर्त्ते रजसि निषत्ते ये भूतानि समकृण्वन्निमानि इत्यादिषु मन्त्रेषु ध्रुवतारायाम्, तदासन्नसप्ततारासु तदन्यतारकासु चायमृषिशब्दोपचारो दृश्यते। —वही, पृ. 22-23

6. एवंमन्येऽप्युत्तरस्यां दिशि मार्कण्डेयकश्यपादयः, मध्याकाशे वृहस्यतिमत्स्यादयः, अवाच्यामगस्त्या-दयस्ताराविशेषा ऋषित्वेनेष्यन्ते। —वही, पृ. 24

7. अत्र मतम्—सूर्यरश्मिप्रतिष्ठाः सर्वे प्राणा देवाः। चन्द्रांशुप्रतिष्ठाः सर्वे प्राणाः पितरः। ऋक्षरोचनाप्रतिष्ठाः सर्वे प्राणा ऋषय इति। सेयं द्वितीया प्रवृत्तिः। —वही, पृ. 25

8. तथा चैषामृषीणां शब्दरचनाकर्तृत्वाभिप्रायेण मन्त्रकर्तृत्वम्, देवतादिविज्ञानसाक्षात्कर्तृत्वामिप्रायेण तु मन्त्रदृष्टृत्वमित्युभयम्। —वही, पृ. 32

में स्वयम्प्रादुर्भूत ब्रह्मज्ञान प्राप्त हुआ और नित्यज्ञान को प्राप्त करने के कारण ही उन पुरुषों में ऋषिशब्द का व्यवहार हुआ।[9]

ग्रन्थकार की मान्यतानुसार दैविक और अतीन्द्रिय अर्थ को देखने वाले आप्तजन भी ऋषिशब्द से व्यवहृत होते हैं।[10] ऋषियों ने जिस ज्ञान का साक्षात्कार किया, वह वेदरूपात्मक है। ऋक्, यजुः और साम शब्द क्रमेण गद्य, पद्य और गेय तीन प्रकार की विभिन्न रचनाओं के बोधक हैं और जिस संहिता में जिस (गद्य, पद्य, गेय) रचना की प्रधानता रही, वह संहिता उस नाम से प्रसिद्ध हो गई।

ऋषि शब्द का चतुर्थ अर्थः—उपर्युक्त ऋषियों से भिन्न, मन्त्रों में वक्ता रूप में माने गये,एक प्रकार के ऋषि और होते हैं जिनका कि मन्त्रों में वक्तृत्वरूप से उल्लेख है। निरुक्तसर्वानुक्रमणी, वृहद्देवता के अनुसार जिस वाक्य का जो वक्ता होता है, वह उस वाक्य का ऋषि कहलाता है और उस वाक्य में जिसका वर्णन रहता है अथवा वाक्य द्वारा जो सम्बोधित होता है, वह उसका देवता कहा जाता है।[11] कहीं-कहीं द्रष्टा ऋषि अपने आपको वक्ता रूप में प्रकट न कर किसी अन्य को वक्ता बना देता है। वहाँ से वक्ता रूप में विवक्षित व्यक्ति चौथे प्रकार के ऋषि माने जाते हैं, किन्तु इन चौथे प्रकार के व्यक्तियों में ऋषित्व गौण रहता है।[12] वृहद्देवता में इस सन्दर्भ में ऋषियों के अनेक समूह वर्णित हैं। मुख्यतः ऋषियों को त्रिधा विभाजित किया गया है—एक सृष्टिप्रवर्तक ऋषि, दूसरे वेदप्रवर्तक ऋषि और तीसरे गोत्रप्रवर्तक ऋषि। सृष्टि के आदि रचयिता ऋषिप्राण हैं, जिनका प्रत्यक्ष लौकिक इन्द्रियों से नहीं होता।[13] भृगु, अङ्गिरा, अत्रि, वसिष्ठ, अगस्त्य आदि नामों से प्रसिद्ध पारदर्शी विद्वान् अतीत हो चुके हैं, वे ही हमारे वेदों के प्रवर्तक अथवा वेदों के आचार्य माने जाते हैं। ऋषि विविध स्वरूप के हैं, ये अङ्गिरा के पुत्र हैं,

---

9. अजान् ह वै पृश्नीन् तपस्यमानान् ब्रह्म स्वयम्भु अभ्यानर्षत्। त ऋषयोऽभवन्। तदृषीणामृषित्वम्। (तै. आ. 2/9) इति। —वही, पृ. 53-54
10. ये तु दैविकेष्वतीन्द्रियेषु चार्थेषु द्रष्टारस्तेष्वयमृषिशब्दः प्रवर्तते। —वही, पृ. 61
11. 'यस्य वाक्यं स ऋषिः, या वाक्येनोच्यते, सा देवता' इति परिभाषितत्वात्। —वही, पृ. 70
12. क्वचित्पुनरनृषयोऽप्येषामृषयो निर्दिश्यन्ते, वक्तृत्वेन विवक्षणात्, तेषु चेदमृषित्वं गौणं द्रष्टव्यम्, काल्पनिकत्वात्। —वही, पृ. 75
13. सृष्टिप्रवर्तकाः प्राणात्मका ऋषयोऽप्रत्यक्षाः। —वही, पृ. 86

ये अग्नि से प्रकट हुए हैं इत्यादि श्रुतियाँ प्राणों की अनन्तता को बतलाती हैं। प्राणों को ही ऋषि कहते हैं। इस प्रकार प्राणों के अनन्त खण्ड हो जाते हैं।[14] ऐतरेय श्रुति में कहा गया है कि प्राण ही दिव्य ऋषिशरीर को पवित्र करने वाले हैं। ये तप द्वारा दूसरे पदार्थों की रचना करते हैं। अतः तपोजा कहलाते हैं। भृगु और अङ्गिरा, ये मूलभूत ऋषि (प्राण) हैं। यह सम्पूर्ण जगत् भृगु और अङ्गिरा से व्याप्त है। इन्हीं के अन्दर चारों वेद भी रहते हैं।

मनु का भी कथन है कि मैंने सृष्टि के उत्पादन की इच्छा से तपस्या की तथा प्रजाओं के स्वामी ऋषि को उत्पन्न किया, जो प्रजापति कहलाते हैं। यथा—

अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।
पतीन् प्रजामसृजं महर्षिनादितो दश॥

(मनुस्मृति १/३७)

इस प्रकार ओझाजी ने वैदिक ग्रन्थों की मान्यता के आलोक में ऋषि शब्द के अनेक रूप प्रदर्शित किये। वे हैं—कश्यपादि ऋषिरूप, तारारूप, प्राणरूप, ऋतुरूप, पितृरूप, इन्द्ररूप।

❑❑❑

---

14. प्राणजातय एव त्वनन्तविधास्तद्भेदहेतुः।
"विरूपास इदृषयस्त इद् गम्भीरवेपसः।
ते अङ्गिरसः सूनवस्ते अग्नेः परिजज्ञिरे॥" (ऋ.सं. 10/62/5) इत्यादाः श्रुतयः प्राणजातीनामनन्तविधत्वे प्रमाणम्। —वही, पृ. 139-140

षोडशकल-पुरुष

✍ डॉ. दयानन्द भार्गव*

कौषीतकी ब्राह्मण में जिस षोडशकल पुरुष का उल्लेख है, वह पूरी सृष्टि-विद्या का मूल है। ऋग्वेद में तीन प्रश्न सृष्टि के बारे में उठाये गये कि यह सृष्टि—(१) किस वन से (२) किस वृक्ष से तथा (३) किस काष्ठ-खण्ड से बनी।[1] तैत्तिरीय ब्राह्मण में इन तीनों ही प्रश्नों का उत्तर ब्रह्म दिया गया है।[2] अन्यत्र ऋग्वेद में सृष्टि का (१) अधिष्ठान, (२) निमित्त तथा (३) उपादान पूछे गये हैं।[3] इस प्रश्नत्रयी के समाधान में क्रमशः (१) अव्यय, (२) अक्षर तथा (३) क्षर पुरुषत्रयी की अवधारणा आती है, जिसमें प्रत्येक की पाँच-पाँच कलायें होने से १५ कलायें परात्पर के साथ मिल कर षोडशकल पुरुष सम्पन्न होता है।

परात्पर, पुर एवं पुरुष—

रस और बल कभी एक दूसरे के बिना नहीं रहते; इन दोनों में अयुत सम्बन्ध है। केवल भावना के आधार पर से जिस बलशून्य रस की हम कल्पना कर लेते हैं, वह सत्तासिद्ध तो है नहीं, केवल भातिसिद्ध है; उसे हम निर्विशेष नाम से कहते हैं किन्तु सत्तासिद्ध तो बल से नित्ययुक्त रस ही है। यह बलयुक्त रस ही परात्पर है, जिसे वेद

* आचार्य तथा अध्यक्ष (सेवानिवृत्त), संस्कृतविभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

1. ऋग्वेद 10.81.4
2. तैत्तिरीय ब्राह्मण 2/8/9/7
3. ऋग्वेद 10.81.4

"आनीदवातं स्वधया तदेकम्" अथवा "तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत्"[4] आदि वाक्यों द्वारा कह रहा है, जहाँ 'आनीत्' अथवा 'तुच्छ' क्रियारूप बल को तथा 'अवातं' अथवा 'आयु' निष्क्रिय सर्वव्यापक रस को बतला रहे हैं। इस बलयुक्त रस में ही माया बल द्वारा सीमा बन जाने पर इसका केन्द्र बन जाता है। सीमित ब्रह्म ही पुर है तथा उस पुर में प्रविष्ट ब्रह्म ही पुरुष है। पुर की सीमा में सीमित पुरुष अब मानों असीम-भाव की जागृति से सीमित भाव की शयनस्थिति में आ गया। इसीलिये पुरुष की व्युत्पत्ति "सोऽयं पुरि शेते" दी गयी है।[5] ब्रह्म ही पुर बन कर पुर में प्रविष्ट होता है—"तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्'।

पुरुष तथा प्रकृति—

माया बल से पुर की उत्पत्ति होते ही उसका हृदय अथवा केन्द्र उत्पन्न हो जाता है। इस हृदय में जब रस मुख्य तथा बल गौण होता है तो अक्षर का जन्म होता है, जिसका दूसरा नाम परा प्रकृति अथवा अव्यक्त प्रकृति भी है। इसी हृदय में बल मुख्य तथा रस गौण होने पर क्षर का जन्म होता है, जिसे अपरा प्रकृति अथवा व्यक्त प्रकृति भी कहते हैं। यह परा प्रकृति चेतना कहलाती है, क्योंकि यह चिति अर्थात् सृष्टि करती है. यहाँ चेतना को चित् से भिन्न समझना चाहिये, क्योंकि चेतना चिति करती है, जबकि चित् वह तत्त्व है जिसकी चिति होती है। परात्पर मनःशून्य निष्काम था, सीमा बनते ही वह समनस्क सकाम हो गया जिसकी कामना थी—एकोऽहं बहु स्याम्।

त्रिविध संसर्ग से पुरुष-त्रैविध्य—

अव्यय, अक्षर तथा क्षर पुरुष रस से बल के संसर्ग के आधार पर विभक्त होते हैं।[6] यह संसर्ग द्विविध है—स्वरूपसंसर्ग तथा वृत्तिसंसर्ग। ये दोनों भी तीन-तीन प्रकार के हैं जिनके कारण पुरुष का त्रैविध्य बनता है। स्वरूपसंसर्ग के तीन भेद हैं—विभूति, योग तथा बन्ध। विभूतियोग में दो सम्बद्ध पदार्थों में एक असम्पृक्त रहने से स्वतन्त्र तथा बलवान् रहता है, दूसरा सम्पृक्त होकर गौण हो जाता है। यथा—ईंट की मिट्टी को सूत्रात्मा वायु ने जोड़ा है। यहाँ वायु स्वतन्त्र है किन्तु मिट्टी परतन्त्र। इसी प्रकार रस तथा बल में जब विभूति सम्बन्ध होता है तो रस स्वतन्त्र रहता है, अतः वह मुख्य रहता है।

4. ऋग्वेद, 10.129.2-3
5. शतपथब्राह्मण 13/6/2/1 तथा गोपथब्राह्मण 1/39
6. गीता 15.16-17

यह स्थिति अव्यय पुरुष की है। योग सम्बन्ध में दो सम्बद्ध पदार्थ समानबल रहते हैं, क्योंकि कोई किसी के अधीन नहीं होता। यथा—पक्षी की गति तथा पक्षी के पंखों की गति का सम्बन्ध। रस तथा बल का ऐसा सम्बन्ध होने पर अक्षर पुरुष बनता है, क्योंकि उसमें दोनों समानबल होते हैं। बन्ध सम्बन्ध में एक दूसरे को अभिभूत कर लेता है, यथा—फेन में पानी वायु को। इसी प्रकार जब बल रस को अभिभूत कर लेता है तब क्षर पुरुष बनता है।

पुरुष-त्रैविध्य को वृत्तिसंसर्ग की त्रिविधता से भी समझा जा सकता है। वृत्तिसंसर्ग उदार, समवाय तथा आसक्ति रूप होते हैं। उदारसंसर्ग में आधार आधेय से निर्लिप्त रहता है, यथा—आकाश वायु से। अव्ययपुरुष जगत् से इसी प्रकार निर्लिप्त है। समवाय सम्बन्ध में आधार आधेय में अयुतसिद्धता रहती है, यथा—गुण-गुणी में। अक्षर पुरुष में जगत् इसी प्रकार रहता है। आसक्ति में आधार को आधेय अभिभूत कर लेता है, जैसे—लेप पाषाण को। क्षर-पुरुष इसी प्रकार जगत् को अभिभूत किये है।

अव्यय पुरुष की पाँच कलायें

रस बलरूप मन की कामना भी रसरूप तथा बलरूप होती है। रसकामना मुमुक्षा तथा बलकामना सिसृक्षा है। रस असङ्ग होने के कारण मोक्षोन्मुखता है, बल ससङ्ग है अतः वह सृजनोन्मुखता है। रसचिति अन्तश्चिति है तथा बलचिति बहिश्चिति। रसचिति क्रमशः विज्ञान तथा आनन्द को एवं बलचिति क्रमशः प्राण एवं बल को जन्म देती है। इस प्रकार मन द्वारा विज्ञान-आनन्द एवं प्राण-बल का विकास करके अव्यय-पुरुष पञ्चकल हो जाता है। यह कलाओं का विकास बल का ही तारतम्य है; रस तो सर्वथा तारतम्य-रहित है। रस की दृष्टि से यह पुरुष अव्यय कहलाता है क्योंकि—

सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम्।[7]

का नियम इसी पर लागू होता है, इसमें जो कलाओं का विकास होता है वह बल का निमित्त पा कर अक्षर प्रकृति के आधार पर। प्रकृति पुरुष से अथवा बल रस से कभी पृथक् नहीं होता, अतः अक्षर-क्षर के प्रकृति होने पर भी उन्हें पुरुष कह दिया जाता है। अव्यय पुरुष प्राण के अनुग्रह से अक्षर तथा वाक् के अनुग्रह से क्षर को जन्म देता है।

7. गोपथब्राह्मण—1.27

मन के चार प्रकार—

सृष्टि का मूल बीज अव्यय मन है जो अव्यय पुरुष की मुख्यतम कला है तथा काम जिसका प्रथम लक्षण है—'कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।[8] परात्पर असीम है। उसमें जब तक मायाबल से सीमा न बने उसका केन्द्र नहीं बनता तथा बिना केन्द्र के मन अथवा मन की कामना भी नहीं, तो फिर काममूलक कर्म भी नहीं और कर्म के बिना सृष्टि नहीं।

मन शब्द का प्रयोग अनेक अर्थों में होता है अतः अव्यय पुरुष की कलायें समझते समय मन का अर्थ स्पष्ट रहना चाहिये। विश्वातीत परात्पर में पुर की उत्पत्ति के साथ ही रस बल रूप मन उत्पन्न होता है। यह मन 'श्वः'=प्रतिदिन 'वसीयस्'='भूमा' रूप होने के कारण श्वोवसीयस् कहलाता है—तदेतत् श्वोवस्य संनाम ब्रह्म,[9] इसके विपरीत सङ्कल्प-विकल्पात्मक मन इन्द्रियरूप है। एक तीसरा मन सभी इन्द्रियों में प्रतिकूल-अनुकूल भाव का बोध कराने वाला सर्वेन्द्रिय कहलाता है। सुषुप्ति में यह अपना कार्य बन्द कर देता है अतः इन्द्रियव्यापार भी बन्द हो जाता है। इन्द्रियमन का सम्बन्ध पार्थिव भास्वर सोम से है तथा सर्वेन्द्रियमन का सम्बन्ध चान्द्र सोम से है। इस सर्वेन्द्रिय मन पर ही वासनात्मक संस्कार अङ्कित रहते हैं। एक चौथा मन सत्त्व मन है जिसके कारण इन्द्रियव्यापार विरुद्ध हो जाने पर सुषुप्ति में भी श्वासप्रश्वास रक्तसञ्चारादि होते रहते हैं। सर्वेन्द्रिय मन की इच्छा जीवेच्छा है किन्तु सत्त्व मन, जिसे महन्मन भी कहते हैं, ईश्वरेच्छा से जुड़ा है। सर्वेन्द्रिय मन चान्द्र है तो यह सत्त्व मन पारमेष्ठ्य सोम से जुड़ा है। अव्यय मन इस महन्मन से भी सूक्ष्म है।

इस अव्यय मन में जब अविद्या का उच्छेद हो जाता है, किन्तु विद्या का आवरण बना रहता है तब विज्ञान कला का उदय होता है जबकि सभी प्रकार के आवरणों के हटने पर आनन्दकला का उदय होता है। ये दोनों विद्या की अन्तश्चिति के परिणाम हैं। अविद्या की बहिश्चिति में रस के गौण तथा बल के प्रधान होने पर प्राण कला तथा बल द्वारा रस के अभिभूत कर लिये जाने पर वाक्कला का उदय होता है। मुमुक्षा में विज्ञान तथा आनन्द कारण हैं, प्राण तथा वाक् सहकारी हैं; सिसृक्षा में प्राण तथा वाक् कारण हैं,

---

8. ऋग्वेद 10.129.4

9. जैमिनीयब्राह्मण 103

विज्ञान तथा आनन्द सहकारी हैं। इस प्रकार मन ही मुमुक्षा एवं सिसृक्षा के मूल में है—

न देहो न च जीवात्मा नेन्द्रियाणि परन्तप।
मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः॥

अव्ययपुरुष की इन पाँच कलाओं का उल्लेख मुण्डकोपनिषद् द्वारा कोशों का वर्णन करते समय किया गया है—

मनोमयः प्राणशरीरनेता प्रतिष्ठितोऽन्ने हृदयं निधाय।
तद्विज्ञानेन परिपश्यन्ति धीरा आनन्दरूपममृतं यद्विभाति॥

अक्षरपुरुष की पाँच कलायें—

अव्ययपुरुष में रस मुख्य था। अक्षर पुरुष में, जो अव्ययपुरुष ही की प्राण कला के आधार पर खड़ा है, रस तथा बल समानबल रहते हैं। स्वाभाविक है कि यहाँ बल का लक्षण गति अपना स्वरूप प्रकट कर देती है। यह गति दो प्रकार की है—परिधि से केन्द्र की ओर तथा केन्द्र से परिधि की ओर। प्रथम गति आकर्षणरूप है जिसका अधिष्ठाता विष्णु है तथा दूसरी गति उत्क्षेपणरूप है जिसका अधिष्ठाता इन्द्र है। इन दोनों गतियों के बीच जो स्थिति रहती है, उसका अधिष्ठाता ब्रह्मा है। ब्रह्मा स्थिति का, विष्णु पालन का तथा इन्द्र प्रलय का अधिष्ठाता है। ये त्रिदेव हृद्य कहलाते हैं। इनमें ब्रह्मा इन्द्र की उत्क्षेपण गति से विकास द्वारा अग्नि को तथा विष्णु की आकर्षण गति से सङ्कोच द्वारा सोम को जन्म देते हैं। ये अग्नि तथा सोम पृष्ठ्य कहलाते हैं। जिस प्रकार अग्नि विकासरूप तथा सोम सङ्कोचरूप है उसी प्रकार ब्रह्मा प्रतिष्ठा, विष्णु यज्ञ तथा इन्द्र वीर्यरूप है। विष्णु, अशनाया द्वारा वृद्धि करते हैं इन्द्र विस्रंसन द्वारा क्षय। बाल्यावस्था में विष्णु तथा वृद्धावस्था में इन्द्र प्रभावशाली होते हैं। युवावस्था में दोनों का प्रभाव समान होता है।

पञ्चाक्षर कलाओं के पाँच विवर्त—

अक्षर पुरुष की पञ्च कला ये पाँच देवता—पाँच विवर्त बनाते हैं—ब्रह्मा वेद, विष्णु यज्ञ, इन्द्र प्रजा, अग्नि लोक तथा सोम धर्म का निर्माण करते हैं। अग्नि के तीन रूप अग्नि, वायु तथा सूर्य से ऋक्, यजुः तथा साम वेद जुड़े हैं, जबकि अथर्ववेद सोम से जुड़ा है। ये वेद जिस यज्ञ का सम्पादन करते हैं वह उक्थ का आधार लेकर अर्क अर्थात् अन्नाद द्वारा अशिति अर्थात् अन्न का भक्षण करता है। इस यज्ञ से वह प्रजा उत्पन्न

होती है जो तीन प्रकार की है—बीज, देव तथा भूत। बीज अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष तथा अभिनिवेश—ये पाँच कलेश हैं जो क्षरपुरुष में जा कर कारण शरीर बन जाते हैं। देव अग्नि, वायु, आदित्य, भास्वर सोम तथा दिक् सोम हैं जो सूक्ष्मशरीर बनाते हैं तथा भूत, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु आकाश रूप वे पञ्चभूत हैं, जो स्थूल शरीर का निर्माण करते हैं। इन्द्र इन सब प्रजाओं का स्वामी है। इस प्रकार इन्द्र सहित इन १५ का यह प्रजा षोडशक है। इन प्रजाओं की उपलब्धि लोकों में होती है, जो पृथ्वी अन्तरिक्ष तथा द्यौ नामक त्रिलोकी तथा भूः, भुवः, स्वः, महः, जनत्, तपः एवं सत्यम् नाम से सात हैं। इन सात लोकों का आधार तीन त्रिलोकी हैं जो पञ्चदेवों से सम्बद्ध स्वयम्भू, परमेष्ठी, सूर्य, पृथ्वी तथा चन्द्र मण्डल से जुड़ी है। स्वयम्भू ब्रह्मा से जुड़ा सत्यलोक है, परमेष्ठी विष्णु से जुड़ा जनलोक, तप लोक इन दोनों के बीच का अन्तरिक्ष लोक है। जब परमेष्ठी अर्थात् जन को द्यौ तथा इन्द्र से जुड़े सूर्य अर्थात् स्वः को पृथ्वी मानते हैं तो यह लोक इन दोनों के बीच का अन्तरिक्ष लोक होता है। जब सूर्य अर्थात् स्वः द्यौ तथा अग्नि से जुड़ी भू पृथ्वी है तब अन्तरिक्ष भुवः लोक है। इस अन्तिम अन्तरिक्ष में चन्द्रमा मुख्य होने के कारण सोम से जुड़ा पाँचवा मण्डल मान लिया गया है, शेष अन्तरिक्षों के नक्षत्रों को मण्डल नहीं माना गया।

इन सभी लोकों में रहने वाली प्रजा में चार धर्म—दिव्य, वीर, पशु तथा मृत—पाये जाते हैं, जो क्रमशः चार वर्ण—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र का आधार है।

अक्षर की पाँच कलायें स्वयं श्रुति ने बतायी हैं—यदक्षरं पञ्चविधं समेति।[10]

क्षर-पुरुष की पाँच कलायें—

अक्षर पुरुषके चातुर्वर्ण्यात्मक प्रजा विवर्त के त्रिविध शरीर ही क्षर पुरुष की पाँच कलायें हैं। यह क्षर पुरुष अव्ययपुरुष की वाक्कला के सहारे बनता है। यही क्षर पुरुष सृष्टि को उपादानकारण है। प्रजाओं के त्रिविध शरीर—कारण, सूक्ष्म, स्थूल—के अतिरिक्त प्रजा तथा वित्त मिलकर क्षर पुरुष के पाँच कलायें बनती हैं। इन शरीरों के अनेक स्तर हैं। गर्भ में शरीर शुक्र रूप में शान्त रहता है यह शान्तात्मा है जिसका सम्बन्ध ब्रह्मा से है, क्योंकि वही जन्म देता है। शान्तात्मा का ज्ञान भ्रूण-विज्ञान का विषय है। यह गर्भ पञ्चम मास में विष्णु तथा इन्द्र के प्रभाव में आकर गति आगति करने लगता है। गर्भ से बाहर

10. ऐतरेय आरण्यक, 2.3.8

आकर इसमें विष्णु के प्रभावाधीन पाचनक्रिया तथा श्वास-प्रश्वासादि क्रिया होती है जो महानात्मा का कार्य है तथा शरीरक्रिया विज्ञान का विषय है। ज्ञान तथा कर्म का नियन्त्रण करने वाला नाडीतन्त्र इन्द्र से जुड़ा है तथा तन्त्रिका-विज्ञान का विषय है जिसे विज्ञानात्मा कहते हैं। रचना-विज्ञान से जुड़ा शरीर अग्नि के अधिकार में है जिसे भूतात्मा कहा जाता है। चन्द्र से जुड़ा सुख-दुःख आदि अनुभव करने वाला मन प्रज्ञानात्मा है जो मनोविज्ञान का विषय है। इस क्षर पुरुषके कलारूप शरीरों का ही विस्तार समस्त जगत् है। इसीलिये कहा जाता है—'क्षरः सर्वाणि भूतानि'। समस्त भौतिकशास्त्र क्षर पुरुष से ही जुड़े हैं।

आत्मा के तीन मनोता—

बल रस के साथ विभूति संसर्ग से जुड़ कर मन, योग संसर्ग से जुड़ कर प्राण, तथा बन्ध सम्बन्ध से जुड़कर वाक् को पैदा करता है। ये तीन ही क्रमशः ज्ञान, क्रिया तथा पदार्थ के जनक हैं। मन रूप को, प्राण क्रिया को तथा वाक् नाम को जन्म देता है, अतः इन तीनों की परिधि से बाहर कुछ भी नहीं है।

उपसंहार—

अव्यय विष्णुधाम, क्षर ब्रह्मधाम तथा अक्षर इन्द्रधाम है। अव्यय ज्ञानात्मा, अक्षर कामात्मा तथा क्षर कर्मात्मा है। क्षर उपादान तथा अक्षर निमित्त है, अव्यय न कारण है और न कार्य, वह केवल आलम्बन है। परात्पर विश्वातीत है, अव्यय विश्वाधार, अक्षर विश्वकर्त्ता तथा क्षर विश्वमूर्त्ति। अव्यय ईश्वर है, अक्षर जीवात्मा तथा क्षर विश्व, किन्तु यह समस्त प्रपञ्च है पुरुष ही—'पुरुष एवेदं सर्वम्'।

रजोजुषे जन्मनि सत्त्ववृत्तये स्थितौ प्रजानां प्रलये तमः स्पृशे।
अजाय सर्गस्थितिनाशहेतवे त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः॥

❑❑❑

महर्षिकुलवैभव-व्याख्या

(प्रथमप्रवृत्तिपर्यन्ता)

✍ प्रस्तोता : प्रद्युम्न कुमार शास्त्री*

प्राक्कर्म्मोदयतो हि यस्य मिथिलादेशे शरीरोदयः।
श्रीविश्वेशदयोदयाच्च समभूत् काश्यां सुविद्योदयः॥
राज्ञा प्रीत्युदयादभूज्जयपुरे सम्पतिभाग्योदयः।
सिद्धस्तन्मधुसूदनाय गुरवे नित्यं प्रणामोदयः॥

विद्यावाचस्पति पं. मधुसूदन ओझा जी द्वारा रचित 'महर्षिकुलवैभवम्' नामक ग्रन्थ की ओझा जी के प्रधान शिष्य पं. मोतीलाल शास्त्री जी के वैदिक वाङ्मय के आधार पर प्रथमप्रवृत्तिपर्यन्ता हिन्दी व्याख्या

मङ्गलाचरण—

यो यज्ञो दिवि परमेष्ठिगोसवाख्यो विज्ञानं समुपदिदेश गीतया यः।
आनन्दं कलयतु शाश्वतं ममायं गोविन्दः स हि मयि संनिधानमेतु॥

(अनुवाद) द्युलोक के परमेष्ठिमण्डल में जो गोसव यज्ञ के नाम से प्रसिद्ध है और जिन्होंने भगवद्गीता के द्वारा विज्ञान का उपदेश किया है, वे गोविन्द मुझको शाश्वत आनन्द प्रदान करें और सदा हमारे हृदय में संनिहित रहें।

* राजस्थान वैदिकतत्त्वशोध-संस्थान, 'मानवाश्रम', दुर्गापुरा रोड, जयपुर-302018

व्याख्या—

परमेष्ठी

परमेष्ठि-मण्डल जिसे गोलोक भी कहा है, के अधिष्ठाता भगवान् विष्णु हैं। यज्ञ ही विष्णु का रूप है। परमेष्ठिलोक में ही गोसवयज्ञ होता है। भगवान् श्रीकृष्ण इसी विष्णु के अवतार हैं—इन सब तत्त्वों का यहाँ मङ्गलाचरणपद्य में संक्षिप्त सङ्केत दिया है। पं. मोतीलालजी ने इन सभी तत्त्वों को 'आचार्य्यरहस्यान्तर्गत कृष्ण-रहस्य' नामक प्रकरण में विस्तार के साथ समझाया है। परमेष्ठी पर तो लगभग ११० पृष्ठों की एक पृथक् पुस्तक **'परमेष्ठीकृष्ण-रहस्य'** लिखी है। इसी पुस्तक के आधार पर उन्हीं की व्याख्या इस पद्य के स्पष्टीकरण के लिए यहाँ प्रस्तुत की जा रही है—

परमेष्ठिविज्ञान-विवेचन से पूर्व षोडशी पुरुष के अन्तर्गत पाँच अक्षरों की स्वरूप-प्रकृति जान लेनी उचित होगी। ब्रह्मा-विष्णु-इन्द्र-अग्नि-सोम ये पाँच अक्षर हैं। प्रत्येक अक्षर से पृथक्-पृथक् पिण्डों का निर्माण होता है। ब्रह्मा से स्वयम्भू, विष्णु से परमेष्ठी, इन्द्र से सूर्य्य, सोम से चन्द्रमा एवं अग्नि से पृथिवीलोक का निर्माण होता है। अक्षर से पृथक्-पृथक् विकार उत्पन्न होते हैं। ब्रह्मा से 'प्राण' विकार होता है। विष्णु से 'आपः', इन्द्र से 'वाक्', अग्नि से 'अन्नाद', सोम से 'अन्न' विकार उत्पन्न होता है। स्वयम्भू प्राणमय है, परमेष्ठी आपोमय है, सूर्य्य वाङ्मय है, चन्द्रमा सोममय है, पृथिवी अन्नादमयी है। यहाँ पर एक बात ध्यान रखने योग्य है कि ये पाँचों विकार-क्षर पैदा तो होते है पृथक्-पृथक् आत्मक्षरों से, परन्तु ये विकार उत्पन्न होते ही एक-दूसरे में मिल जाते हैं, इनकी समष्टि बन जाती है; एक-दूसरे का सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। प्राण-आपः-वाक्-अन्नाद-अन्न ये पाँचों क्षर प्रत्येक पिण्ड में विद्यमान रहते हैं। प्रत्येक पिण्ड में पाँच आत्मक्षर अपने पाँचों विकारक्षरों सहित इन यज्ञक्षरों पर बैठे हुए हैं। इन पाँचों आत्मक्षरों के अतिरिक्त इस त्रिलोकी में है ही क्या? अर्थात् सब कुछ ये ही बन रहे हैं।

परमेष्ठी का क्या स्वरूप है? कहाँ स्थित है? यज्ञक्षरस्वरूप परमेष्ठी में प्राण-आपः-वाक्-अन्नाद-अन्न इन विकारों की भी सत्ता मानी जाती है। इन विकारों से परमेष्ठि-मण्डल में कौन-कौन सी वस्तुएँ उत्पन्न होती हैं? तथा इसका अन्य मण्डलों से क्या सम्बन्ध है? परमेष्ठी को विष्णुलोक क्यों कहते हैं? परमेष्ठी के कौन-कौन से मनोता

हैं? परमेष्ठी में गोसव यज्ञ कैसे होता है? भगवान् श्रीकृष्ण का परमेष्ठी से क्या सम्बन्ध है? इत्यादि-इत्यादि जिज्ञासाओं का समाधान पं. मोतीलाल जी शास्त्री करते हैं—

अब क्रम से इन समस्त प्रश्नों का उत्तर वैज्ञानिक-विधि से देते हैं। सर्वप्रथम परमेष्ठी में प्राण-आपः-वाक्-अन्नाद-अन्न कौन-कौन से हैं, इसी का स्पष्टीकरण प्रस्तुत है। पूर्व में यह बतलाया गया था कि प्राणमय परम प्रजापति सत्यस्वरूप स्वयम्भू-पिण्ड से ही प्रथम जन्म इसी परमेष्ठी पिण्ड का होता है। अर्थात् स्वम्भू-पिण्ड से ही इस आपोमय परमेष्ठी का निर्माण होता है एवं यह भी बताया जा चुका है कि इस पिण्ड में प्राण-आपः-वाक्-अन्नाद-अन्न ये सभी विद्यमान हैं, अत एव इन्हीं का क्रमशः वर्णन करते हैं—

परमेष्ठी वाक्

स्वयम्भू से चन्द्रमा पर्यन्त समस्त इस रोदसी त्रिलोकी में वाक् व्याप्त है। स्वयम्भूमण्डल की वाक् को 'सत्या वाक्' कहते हैं, परमेष्ठिमण्डल की वाक् को 'आम्भृणी वाक्' कहते हैं, सूर्यमण्डल की वाक् को 'बृहती वाक्' कहते हैं, पृथिवीमण्डल की वाक् को 'अनुष्टुप् वाक्' कहते हैं, चन्द्रमा की वाक् को 'सुब्रह्मण्या' कहते हैं। स्वयम्भू की वाक् को गौरी वाक्, परमा वाक्, ब्राह्मी वाक्, वेदवाक् इत्यादि नामों से भी जाना जाता है। इसी वाक् से परमेष्ठी पिण्ड का निर्माण हुआ है, जबकि इन चारों पिण्डों में सत्या वाक् आलम्बन मात्र है। यह सत्या वाक् परमेष्ठी में आ कर सोमतत्त्व के सम्बन्ध से 'सौम्यवाक्' बन जाती है। चूँकि परमेष्ठी आपोमय भी है, अत एव यही वाक् अप्त्व के सम्बन्ध से आप्या वाक् अर्थात् 'आम्भृणी वाक्' नाम से व्यवहृत होने लगती है। इस परमेष्ठी पिण्ड से ऊपर प्राणसृष्टि-मानसीसृष्टि है एवं इसके नीचे के लोकों में मैथुनी सृष्टि है, अत एव इसी आम्भृणीवाक् को सृष्टिप्रवर्तिका कहा गया है। सूर्य-पृथिवी-चन्द्रमा इन सब का निर्माण इस आम्भृणी वाक् से ही होता है। सम्पूर्ण अर्थप्रपञ्च का कारण यही आम्भृणी वाक् है एवं सौम्यवाक् जिसे सरस्वतीवाक् भी कहा जाता है, शब्दप्रपञ्च की जननी बन रही है। परमेष्ठिमण्डल में इस प्रकार आप्य, सौम्य आयतनभेद से एकपदी सत्या वाक् द्विपदी बन जाती है। कहने का आशय यह है कि स्वयम्भू-मण्डल की सत्या वाक् परमेष्ठी में आ कर दो स्वरूपों में बदल जाती है। प्रथम सोमतत्त्व के सम्बन्ध से सौम्यवाक् (सरस्वती वाक्) एवं द्वितीय अप्सम्बन्ध से आप्या वाक् जिसे आम्भृणी वाक्

कहते हैं। इस आम्भृणी वाक् से सूर्य्य की बृहती वाक्, पृथिवी की अनुष्टुपवाक् एवं चन्द्रमा की सुब्रह्मण्या वाक् का निर्माण होता है। पृथक्-पृथक् पिण्डों की इस वाक् का विस्तृत वैज्ञानिक विवेचन तत्सम्बन्धित बिन्दु में देखना चाहिए। यहाँ केवल परमेष्ठी के वाक् का सम्बन्ध है, अत एव आम्भृणीवाक् का क्या स्वरूप है, क्या कार्य है एवं इससे सम्पूर्ण विश्व का निर्म्माण कैसे होता है—यह बतलाते हैं—

सर्वप्रथम तो इस आम्भृणी वाक् का अलग-अलग पिण्डों में रूपान्तरित रूपों के सम्बन्ध से ही अलग-अलग देवताओं से सम्बन्ध है। आपोमयी आम्भृणी वाक् प्राणात्मिका है। सोमतत्त्व (अम्भब्रह्मणस्पतिसोम) भी परमेष्ठी की वस्तु है, अत एव इसे सोमविद्या-आपोविद्या-प्राणविद्या कहते हुए अन्ततः इसे प्राणात्मिका ही कहेंगे। सौम्या वाक् सुब्रह्मण्या है, चान्द्रसोम भास्वरसोम है। अन्तरिक्ष में चन्द्रमा और वायु दोनों की सत्ता है, अत एव इसे सोमविद्या, वायुविद्या कहते हुए अन्ततः वाय्वात्मिका ही कहेंगे। सूर्य द्वादश प्राणों (आदित्यों) की समष्टि है। साथ ही इसका मुख्य प्राण इन्द्र ही है। अतः इस सौरी बृहतीवाक् को आदित्यविद्या, इन्द्रविद्या कहते हुए अन्ततः इन्द्रात्मिका कहेंगे। पृथिवी को आग्नेय कहा गया है तथा इसकी अनुष्टुप्वाक् को अग्न्यात्मिका कहा जाएगा।

वायुविद्या सुब्रह्मण्या वाक् का यद्यपि पिण्डक्रमानुसार से चन्द्रमा से सम्बन्ध बतलाया है परन्तु ऐसा नहीं है, अपितु सुब्रह्मण्या वाक् परमेष्ठिनी ही है। पारमेष्ठ्य शिववाय्वात्मक सौम्यवाक्तत्त्व ही सुब्रह्मण्या वाक् है। यही वाक् सप्तस्वरोत्पादिका है—यही सप्तश्रुति भेद से श्रुत्यात्मिका है। इसी भेद से पशु-पक्षी-मनुष्यादि की वाक् विभिन्न रूप से प्रतीत होती है। आम्भृणी वाक् पर प्रतिष्ठित वायुविद्या इस सौम्या सुब्रह्मण्या, श्रुत्यात्मिका वाक् के आधार पर यह सौर बृहती वाक् प्रतिष्ठित है। यही वाक् स्वरात्मिका बनती हुई अपनी नौ बिन्दुओं के सम्बन्ध से बृहती कहलाई है। सूर्य जिस छन्द के केन्द्र में प्रतिष्ठित है वह बृहती छन्द है जिसे ज्यौतिष में विषुवद् कहा गया है। अक्षरविज्ञानानुसार बृहती नवाक्षर छन्द है। इसी नवाक्षर छन्दःसम्बन्ध से सौरी वाक् नव बिन्द्वात्मिका बनती हुई 'नवपदी' बन रही है। आरम्भ में नवपदी बनती हुई यही वाक् सहस्ररश्मि-सम्बन्ध से सहस्राक्षरा बन जाती है अतः सहस्राक्षरावाक्-सम्बन्ध से सूर्य सहस्रांशु कहलाए हैं।

आकाश धामच्छद पदार्थ है। आकाश को ही वाक् कहते हैं। यह पुनः अमृत-मर्त्य भेद से दो प्रकार का है। जो अमृतवाक् है उसे अमृताकाश कहते हैं। इससे देवता

उत्पन्न होते हैं। मर्त्या वाक् को मर्त्याकाश कहते हैं। इससे भूत उत्पन्न होते हैं। पञ्च भूतों में पहला भूत यही मर्त्याकाश है। इस आम्भृणी वाक् का क्या कहना, जिसकी महिमा सम्पूर्ण त्रिलोकी में फैल रही है। पूर्व में बतलाया गया था कि वाक् के चार विवर्त्त हैं। यही चारों वाक् चार वेद कहलाते हैं। वाक् को ही वेद कहते हैं। यह वाक् चारों मण्डलों के सम्बन्ध से चार ही प्रकार की है, अत एव वेद भी चार ही प्रकार के हैं। स्वयम्भूमण्डल के वेद को ब्रह्मनिःश्वसित वेद, परमेष्ठी के वेद को ब्रह्मस्वेद वेद, सूर्य्य के वेद को गायत्रीमात्रिक वेद एवं पृथिवी के वेद को यज्ञमात्रिक वेद कहते हैं। स्वयम्भू प्राणमय हैं अतः इसके ब्रह्मनिःश्वसित वेद को प्राणमय वेद भी कहा जाता है। परमेष्ठी आपोमय है अतः इसका ब्रह्मस्वेद वेद आपोमय वेद कहलाता है। सूर्य्य वाङ्मय है अतः सौर गायत्रीमात्रिक वेद को वाङ्मय कहा जाता है। इसी प्रकार पार्थिव वेद अन्नादमय वेद कहा जाता है। स्वयम्भू का वेद ही नीचे के चारों मण्डलों में भी रहता है, यही वेद अन्य वेदों की प्रतिष्ठा है अतः इसके वेद को प्रतिष्ठा वेद भी कहा जाता है। चूँकि यह स्वयम्भू का ब्रह्मनिःश्वसित वेद मन-प्राण-वाङ्मय है और आत्मा भी मन-प्राण-वाङ्मय है अर्थात्—मन-प्राण-वाक् की समष्टि का नाम ही आत्मा है। यही प्राणमय स्वयम्भू-वेद आत्मा का जनक है। इसी से इतर आत्मा की प्रतिष्ठा है। परमेष्ठी के यज्ञात्मा की, सूर्य के दैवात्मा एवं विज्ञानात्मा की, चन्द्रमा के महानात्मा की, पृथिवी के भूतात्मा की यही अव्ययात्मा—यही ब्रह्मनिःश्वसित प्राणमय वेद-प्रतिष्ठा है। इसी प्रतिष्ठा पर चारों क्षर आत्मा प्रतिष्ठित कैसे हैं, यह बतलाते हैं—यह प्रतिष्ठा वेद चारों मण्डलों में विभूति-सम्बन्ध से व्याप्त हो रहा है। इस सम्बन्ध में बन्धन नहीं हो पाता अतः वह व्याप्त रह कर भी न रहने के समान है। वह रात-दिन इन चारों मण्डलों में रहता हुआ भी अनासक्ति सम्बन्ध से व्याप्त है। यह अव्ययवेद विभूति सम्बन्ध से सबकी प्रतिष्ठा बन कर पाँचों मण्डलों में व्याप्त हो रहा है। इस वेद को अर्थात् अव्यय को मन-प्राण-वाङ्मय बतलाया जाता है परन्तु वास्तव में इस अव्यय की पाँच कलाएँ हैं—आनन्द-विज्ञान-मन-प्राण-वाक्। इनमें आनन्द-विज्ञान-मन मुक्तिसाक्षी हैं एवं मन-प्राण-वाक् सृष्टिसाक्षी हैं। इन्हीं में सारा ब्रह्माण्ड प्रतिष्ठित है। इस अव्यय ब्रह्म के सृष्टिसाक्षी अवयवों (मन-प्राण-वाक्) से तीन वेदों की प्रतिष्ठा है—मनोभाग से सामवेद, प्राण भाग से यजुर्वेद एवं वाक् भाग से ऋग्वेद उत्पन्न होता है। ये तीनों वेद उसी अव्यय के विश्वासस्वरूप हैं।

निष्कर्ष यही हुआ कि एक ही वाक् कोशात्मक और वेदात्मक भेद से दो भागों

में परिणत हो जाती है। अव्यय की जो वाक् है वह कोशात्मिका है एवं अव्यय पर रहने वाली ऋक्-यजुःसाममयी वाक् वेदात्मिका है। वाक् प्राण पर रहती है, प्राण मन पर रहता है अतः वाक् से तीनों का ग्रहण हो जाता है। यह प्रतिष्ठा वेद (त्रयीवेद) अग्नि स्वरूप था। परमेष्ठिमण्डल में जा कर चूँकि यह शान्त हो जाता है अतः ब्रह्म सुवेद कहलाने लगता है। यह वेद भृगुअङ्गिरात्मक है। आप-वायु-सोम का नाम भृगु है एवं यम-आदित्य-अग्नि का नाम अङ्गिरा है। जिस प्रकार क्षरात्मक की प्रतिष्ठा स्वयम्भूवेद है उसी प्रकार शरीर (पिण्ड) और महिमा का निर्माण इसी षडवयव ब्रह्मस्वेद वेद से होता है। स्वयम्भूवेद ऋग्-यजुः-सामात्मक है। इसमें जो यजुः है उसमें यत् और जू दो भाग हैं। यजु में स्थिर-प्रकृतिक और गति-प्रकृतिक दो भाग हैं। जू को आकाश कहते हैं जो स्थिर है एवं यत् को वायु कहते हैं जो कि सर्वथा गति-प्रकृतिक है। उस स्थिर आकाश में जब वायु का सञ्चार होता है तो उसमें नई-नई वस्तुएँ उत्पन्न होती हैं। इसी वायु को आग्नेय परमाणुयुक्त होने से पौराणिक परिभाषानुसार 'हिरण्यगर्भ ब्रह्मा' कहा जाता है। संसार के यच्चयावत् भूतों में सब से पहले प्रादुर्भूत होने वाला हिरण्यगर्भपदपर्यायक यही यजुः वायु है। इसी वायु को सूत्रात्मा और विश्वकर्मा भी कहा जाता है। संसार का निर्माण इसी यजुः वायु से होता है, अत एव इसे विश्वकर्मा कहा गया है। चूँकि पाँचों लोक इसी वायु से बद्ध रहते हैं अतः इसे सूत्रात्मा कहा गया है।

पारमेष्ठ्य-प्राण

परमेष्ठिमण्डल में कौन-कौन से प्राण हैं तथा इनका क्या स्वरूप है एवं उत्पत्ति कैसे होती है, इसका वर्णन करते हैं—

जिस प्रकार पाँचों मण्डलों में वाक् भिन्न-भिन्न हैं तथैव प्राण भी भिन्न-भिन्न हैं। पारमेष्ठ्य प्राण को 'आप्यप्राण' कहते हैं। यह आप्यप्राण कैसे उत्पन्न होते हैं यह बतलाते हैं—स्वयम्भूपिण्ड में उत्पन्न ब्रह्मनिःश्वसित वेद जब परमेष्ठिमण्डल में आता है तो वह यहाँ आ कर शान्त हो जाता है अतः इसे ब्रह्मस्वेद वेद कहा जाने लगता है। इसी ब्रह्मस्वेद से भृगु एवं अङ्गिरा नामक दो तथा अत्रि सहित तीन प्राण उत्पन्न होते हैं। यही परमेष्ठी के तीन मनोता कहलाते हैं—

- आपः-वायु-सोम का नाम भृगु है।

- अग्नि-यम-आदित्य का नाम अङ्गिरा है।

ये छहों परमेष्ठिमण्डल में उत्पन्न होते हैं।

- इनमें जो आपः है, उसका नाम वैदिक भाषा में 'अम्भ' है। यह सूर्य से ऊपर रहता है।
- वायु को शिव कहा जाता है।
- सोम को पवमान कहा जाता है। यही पवमान (सोम) सूर्य्य में आहुत होता है।
- अङ्गिरा घन-तरल-विरल भेद से क्रमशः अग्नि-यम-आदित्य ये तीन रूप धारण करता है। इन तीनों की समष्टि का नाम अङ्गिरा है जिसे आधुनिक वैज्ञानिक लोग कार्बनिक कहते है।

वास्तव में यह भृगु एवं अङ्गिरा एक ही वस्तु (प्राण) हैं। केन्द्र से ऊपर की ओर जाने वाला पारमेष्ठ्य प्राण अङ्गिरा है एवं ऊपर से केन्द्र की ओर आता हुआ भृगु कहलाता है। कहने का तात्पर्य्य यही है कि परमेष्ठिमण्डल में भृगु-अङ्गिरा-अत्रि ये तीन मनोता हैं। भृगु सोम है, अङ्गिरा अग्नि है। भृगु की भी निविड, तरल, विरल तीन अवस्थाएँ होती हैं, अङ्गिरा की भी तीन अवस्थाएँ होती हैं। भृगु की घनावस्था 'आपः' कहलाती है, तरलावस्था वायु (शिव वायु) कहलाती है एवं विरलावस्था 'सोम' कहलाती है। अङ्गिरा की तीनों अवस्थाएँ—अग्नि, वायु (रुद्रवायु), आदित्य इन नामों से व्यवहृत होती हैं। इस प्रकार भृगु ही तीन रूपों में आपः, वायु, सोम हो जाता है एवं तीन ही रूपों में अङ्गिरा भी परिणत हो जाता है।

इन तीनों भृगुओं और अङ्गिराओं का सूर्य्य से सम्बन्ध है। पूर्व-पूर्व मनोताओं का उत्तरोत्तर लोकों से क्रमिक सम्बन्ध रहता है। परमेष्ठी स्वर्ग के ऊपर है एवं सूर्य्य (स्वर्ग) परमेष्ठी के नीचे है, अत एव इसमें परमेष्ठी के भृगु और अङ्गिरा का एवं स्वयम्भू के वेद का सम्बन्ध होना अनिवार्य्य है। चूँकि इसमें स्वयम्भू की वेदत्रयी भी आती है, इसीलिए तो **त्रयी वैषा विद्या तपतीति** यह कहा जाता है। भृगु के सम्बन्ध से ही इसमें प्रकाश हो रहा है। सूर्य्य प्रातिस्विकरूपेण सर्वथा काला है परन्तु भृगु-सोम की जब इसमें आहुति होती है तो सोम जल उठता है। सूर्य्य-प्रकाश ही इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि सूर्य्य से संसृष्ट हो कर जल उठता है, उसी का यह प्रकाश है, अत एव **त्वं ज्योतिषा**

वितमो ववर्थ यह कहा जाता है एवं अङ्गिरा में सूर्य्य आदित्य कहलाता है, यही अङ्गिरागमन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस प्रकार सूर्य्य में भृगु और अङ्गिरा दोनों का आगमन सिद्ध हो जाता है। जब भृगु और अङ्गिरा सूर्य्य में आ जाते हैं, तो सौरप्राणसम्बन्धात् इन दोनों ही से एक तीसरा प्राण उत्पन्न होता है। जैसे भृगुसङ्कोच-धर्म्मी है—अङ्गिरात्व का सधर्म्मा है, तद्वत् भृगु और अङ्गिरा से पैदा होने वाला च्यवनप्राण दाहक है। भृगु पानी है, अङ्गिरा अग्नि है। पानी में जब अग्नि प्रविष्ट हो जाता है तो द्रवता हो जाती है। पानी में जो आप द्रवता देखते हैं, वस्तुतः यह च्यवन् की द्रवता है जो कि भृगु और अङ्गिरा के मेल से पैदा होती है। यद्यपि यह च्यवनप्राण परमेष्ठी में ही निर्म्मित हो जाता है, तथापि अस्मदादि पार्थिव मनुष्यादि प्रजा को इसकी प्राप्ति सूर्य्य से ही होती है। हमारे पास च्यवनप्राण सूर्य्य से आता है, अत एव हम उसे अपनी अपेक्षा से सूर्य्य की ही वस्तु कहेंगे। चूँकि यह च्यवनप्राण भृगु और अङ्गिरा दोनों के मेल से उत्पन्न होता है, अत एव इसे भार्गव-च्यवन भी कहा जा सकता है एवं आङ्गिरस-च्यवन भी कहा जा सकता है।

तीसरे अत्रिप्राण की तीन अवस्थाएँ नहीं हैं, यह एक ही अवस्था में रहता है। अत एव इसे **न त्रि** इस व्युत्पत्ति से 'अत्रि' कहा जाता है। अत्रिप्राण सौरप्राण का विरोधी प्राण है। पारदर्शकत्व—शक्ति को रोकना इसी अत्रिप्राण का काम है। जिसमें जितना कम अत्रिप्राण होता है वह वस्तु उतनी ही तरल होती है एवं उसमें अधिकाधिक पारदर्शकता रहती है। काँच में अत्रिप्राण थोड़ा है, अत एव उधर की वस्तु काँच में से दीख आती है। ज्यों-ज्यों अत्रिप्राण अधिक होता जाता है त्यों-त्यों वह वस्तु घन होती जाती है एवं उसमें पारदर्शकत्व का अभाव होता है। जिन वस्तुओं के आवरण से उनके उस ओर रखी हुई वस्तु न दीखे, समझ लें कि उसमें अत्रिप्राण भरा हुआ है। इसी के कारण हमें वस्तु-प्रत्यक्ष होता है। सूर्य्य की किरणों को जब उस पार निकलने का अवसर नहीं मिलता है तो वे प्रतिफलित होती हैं। प्रतिफलित हो कर जब वे रश्मियाँ हमारी आँखों पर आती हैं तभी वस्तु-प्रत्यक्ष होता है। प्रतिफलनकर्त्ता वही अत्रिप्राण है। यदि अत्रि न होता तो सूर्य्यरश्मियाँ वायुवत् आर-पार निकल जातीं। जैसे अत्रिप्राणाभावरूप वायु आँखों से नहीं दीखता है तद्वत् संसार का कोई भी पदार्थ नहीं दीखता। इसी अत्रिप्राण की महिमा से चन्द्रस्वरूप बनता है। अत्रि के कारण सूर्य्य-रश्मियाँ प्रतिफलित हो कर चन्द्र-स्वरूप बनाती हैं, अत एव चन्द्रमा को अत्रि-पुत्र कहा जाता है।

परमेष्ठी आपः

परमेष्ठी आपोमय है। इसमें 'अप्' की प्रधानता है। चूँकि स्वयम्भू पिण्ड में उत्पन्न ब्रह्मनिःश्वसित वेद जब परमेष्ठिमण्डल में आता है तो वह यहाँ आ कर शान्त (सौम्य) हो जाता है अतः परमेष्ठी सौम्य मण्डल है; यह सोम की प्रधानता है। परमेष्ठी में पानी ही पानी है। परमेष्ठी के वेद को ब्रह्मस्वेदवेद कहते हैं। हम पूर्व में बतला आए हैं कि सूर्य से ऊपर दो पिण्ड हैं, वे परमेष्ठी एवं स्वयम्भू हैं। इनमें से जो परमेष्ठी है वह 'परमाकाश' है। परमाकाश का अर्थ 'ऋत' है। सम्पूर्ण जगत् में दो ही तरह के पदार्थ हैं—सत्य और ऋत। सत्य पदार्थ वे पदार्थ हैं जिनमें केन्द्र हो। ऋत पदार्थ वे पदार्थ कहलाते हैं जिनमें केन्द्र (Centre) का अभाव हो। परमेष्ठी परमाकाश (ऋत) है। इस परमाकाश में (महिमामण्डल को भी परमाकाश कहते हैं) महिमामण्डल में तीन वस्तुएँ हैं—अप, वायु और सोम। ये तीनों भी ऋत ही हैं, अशरीरी हैं। तीनों परम स्थान में, परमाकाश में अर्थात् महिमामण्डल में रहते हैं अतः इन तीनों को परमेष्ठी कहा जा सकता है। अर्थात् अप्-वायु-सोम की समष्टि का नाम ही परमेष्ठी है। सूर्य से ऊपर ऋत अप्-वायु-सोम का गोला है, अत एव इस पिण्ड को सत्य होने पर भी ऋत कह दिया जाता है। चूँकि पिण्ड में भी ये तीनों ही पदार्थ हैं तथा महिमा में भी ये ही तीन पदार्थ हैं, अतः पिण्डत्वात् (केन्द्रत्वात्) हम परमेष्ठी को सत्यपिण्ड भी कह सकते हैं एवं महिमात्वात् इसे ऋत भी कह सकते हैं। इसी प्रकार सूर्य-स्वयम्भू-पृथिवी-चन्द्रमा केन्द्रत्वात् सत्यपिण्ड हैं एवं उनकी महिमा ऋत है। पिण्ड सत्य ही कहलाता है। यह कभी ऋत नहीं बन सकता, किन्तु परमेष्ठी-पिण्ड महिमा के अलावा 'सत्य और ऋत' दो स्वरूप धारण कर लेता है। चूँकि वह ऋत का गोला है इसलिए तो हम परमेष्ठी-पिण्ड को ऋत कह सकते हैं एवं चूँकि पिण्ड होने से यह सशरीर बन जाता है, अत एव इसे सत्य भी कह सकते हैं। परमेष्ठिमण्डल की यह सबसे बड़ी विशेषता है। परमेष्ठी पिण्ड-सत्य भी है और ऋत भी। परमेष्ठी ऋत एवं सत्य ये दो स्वरूप धारण किए हुए हैं। पूर्व प्रकरण में हमने परमेष्ठी में दो प्राण (बल्कि अत्रि सहित तीन प्राण) बतलाए थे—भृगु एवं अङ्गिरा प्राण। आपः+वायु+सोम=भृगु है तथा अग्नि+यम+आदित्य=अङ्गिरा है। ये षड् अवयव ही परमेष्ठी में उत्पन्न होते हैं।

आपः	=	अम्भ	=	भृगु
वायु	=	शिव	=	
सोम	=	पवमान	=	

अग्नि	=	अङ्गिरा
यम	=	
आदित्य	=	

वास्तव में भृगु एवं अङ्गिरा एक ही वस्तु है (१) केन्द्र से ऊपर की ओर जाने वाला पारमेष्ठ्य प्राण अङ्गिरा कहलाता है एवं (२) ऊपर से केन्द्र की ओर आने वाला पारमेष्ठ्य प्राण भृगु कहलाता है। जैसा कि पूर्वोक्त चित्र से स्पष्ट है। कहने का आशय यह है कि भृगु ऋत पदार्थ है एवं अङ्गिरा सत्य पदार्थ है। परमेष्ठी को ही विष्णु कहते हैं एवं परमेष्ठी को ही यज्ञ कहते हैं। चूँकि यज्ञ का प्रारम्भ परमेष्ठी से ही होता है अतः इस सम्बन्ध से विष्णु को भी यज्ञ कहा जाता है। 'यज्ञो वै विष्णुः, विष्णुर्वै यज्ञः' इत्यादि श्रुतियाँ इसी का स्पष्टीकरण कर रही हैं।

यज्ञ कहते हैं—अग्नि में सोम की आहुति डालने को। परमेष्ठी सोमस्वरूप है। वायुस्वरूप है। अप्स्वरूप है। यहीं से यज्ञ प्रारम्भ होता है। यह परमेष्ठी स्वयम्भू एवं सूर्य के मध्य स्थित है। यह आपोमय-वायुमय एवं सोममय है। जैसा कि विदित है, यज्ञ का प्रारम्भ परमेष्ठी से होता है। यज्ञ का आशय रसायन (केमेस्ट्री) से है। रसायन बिना पानी के नहीं बन सकता। अर्थात् बिना पानी के पदार्थ नहीं बन सकते। सम्पूर्ण संसार के पदार्थ पानी से ही बने हैं। प्रजापति (स्वयम्भू) ने सृष्टि के निर्माणार्थ अपने तप एवं श्रम से सर्वप्रथम पानी (आपः) ही बनाया (गिराया)। समस्त संसार में जो कुछ दिखता है वह सब पानी ही पानी है, अतः 'सर्वमापोमयं जगत्' कहा जाता है। स्वयम्भू सत्यस्वरूप है, यह सत्य सबसे पहले पानी के स्वरूप में ही उत्पन्न होता है। सत्य का प्रथम अवतार पानी (आपोमय परमेष्ठी) ही है। पानी को 'सत्य' कहा जाता है, जैसा कि श्रुति कह रही है— 'आपो ह वै सत्यम्' पानी सत्यस्वरूप है। जिस स्थान पर पानी होता है वह सत्यस्थान होता है। जो मार्ग पानी का है, जिधर पानी बह रहा है—वह सत्यमार्ग है। सर्वप्रथम स्वयम्भूमण्डलस्थ ऋषि नाम के प्राणदेवताओं ने 'पानी' ही उत्पन्न किया। सृष्टि से पहले पानी ही उत्पन्न होता है एवं सृष्टि का प्रारम्भ भी पानी से ही होता है। पानी से ही भूत-

देवता-पितर, औषधियाँ तथा वनस्पतियाँ इत्यादि सभी प्रपञ्च पानी से ही उत्पन्न होते हैं। यह पारमेष्ठ्य पानी वायुस्वरूप ही है। यह वायु आप्य-वायव्य-सौम्य भेद से तीन प्रकार का है। यही तीन तरह का पानी परमेष्ठी प्रजापति कहलाता है। ये सभी यज्ञ से ही होते हैं। यज्ञ को ही विष्णु कहते हैं। विष्णु ही सबके पालक हैं।

अप्-वायु-सोम ये तीनों ऋत हैं। ये तीनों परमेष्ठी से उत्पन्न होते हैं, परमेष्ठी में रहते हैं एवं विलीन होते रहते हैं। अर्थात् तीनों का प्रभव (उत्पत्ति)—प्रतिष्ठा (स्थिति)—परायण (विलय)। इस परमेष्ठी पिण्ड पर ही निर्भर है। जगत् में जहाँ भी ये तीन पदार्थ दिखलाई पड़ रहे हैं इनका प्रभव-प्रतिष्ठा एवं परायण इस परमेष्ठी को ही समझना चाहिए। सूर्य-पृथिवी-चन्द्रमा में जो पानी-हवा-सोम का हिस्सा है वह परमेष्ठी से ही आता है। समस्त ऋत-सत्य परमेष्ठी से ही उत्पन्न होते हैं। परन्तु यहाँ एक बात ध्यान रखने योग्य है। वह यह है कि पानी-हवा-सोम ये तीन वस्तुएँ जो परमेष्ठी में पैदा होती हैं एवं बाद के तीनों पिण्डों में भी ये तीन वस्तुएँ हैं, परन्तु स्वरूपभेद हो जाता है। यहाँ पर जैसा पानी है वैसा वहाँ परमेष्ठी में नहीं है। वहाँ वायुमय पानी है। वह वायुमय पानी आप्य-वायव्य-सौम्य इन तीन भेदों वाला हैं। स्वयम्भू ने सर्वप्रथम पानी पैदा किया और इसी पर स्वयम्भू के चित् का प्रतिबिम्ब पड़ता है। इस चिदाभास (चित् के प्रतिबिम्ब) को ही जीवात्मा कहते हैं। चूँकि सारे ब्रह्माड में चित् का प्रतिबिम्ब केवल पानी-हवा-सोम इन तीन पर ही पड़ता है, अतः जीव भी आप्य-वायव्य-सौम्य तीन ही प्रकार के हैं। मत्स्यादि जल में रहने वाले आप्य जीव हैं। हम वायव्य जीव हैं। चन्द्रमा की चाँदनी में रहने वाले सौम्य जीव हैं जिन्हें देवता कहा जाता है। इन तीनों में जो आप्य नाम का वायु है उससे पानी उत्पन्न होता है एवं वायु, वायु ही रहता है एवं सोम वायु से अग्नि प्रज्वलित होता है। दाह्य वायु का नाम सोम है—इसे ही ऑक्सिजन कहा जाता है। जो अग्नि में नहीं जलता ऐसा आप्य वायु पानी ही कहलाता है। तीसरा वास्तविक वायु है जो कि शिव नाम से व्यवहृत होता है। इसी परमेष्ठी में अङ्गिरा और है। यह अङ्गिरा अग्नि-यम-आदित्य तीन प्रकार का है। बस, पानी-वायु-सोम-अग्नि-यम-आदित्य ये छः वस्तुएँ ही हैं। इस वायु को 'अम्भ' कहते हैं जिससे पानी उत्पन्न होता है एवं जो सोम वायु है उसे पवमान कहते हैं। संसार में पवित्रता रखना, फिल्टर करना इसी पवमान सोम का कार्य है।

भगवती भागीरथी गङ्गा में यही पवमान सोम है जिसके कारण इसका पानी अति-पवित्र माना जाता है। तीसरा है वायु, इसे 'शिव' कहा जाता है। इसे ही पुराणभाषा में साम्बसदाशिव कहा जाता है। एक ही वायु सूर्य के नीचे आ कर सूर्यतप के कारण प्रखररूप धारण कर यमराज कहलाने लगता है। यह वायु एक प्रकार का अग्नि ही है। यही अङ्गिरा कहलाता है। इसी के तीन स्वरूप हैं—अग्नि-यम-आदित्य। यही वायु पृथिवी के सम्बन्ध से अग्नि कहलाने लगता है, आन्तरिक्ष्य सम्बन्धेन रुद्र वायु (घोर) यम कहलाने लगता है तथा सूर्यसम्बन्धेन आदित्य कहलाने लगता है जो कि सर्वथा काला है।

परमेष्ठी सोम (अन्न)

अन्न को ही सोम कहते हैं। इस परमेष्ठीलोक में अब तक हमने प्राण-आप-वाक्-अन्नाद इन चार विकारों के बारे में बतलाया है। अब परमेष्ठी अन्न (सोम) के बारे में बतलाते हैं—

इस पृथिवी का जो वषट्कारमण्डल है वह अग्निषोमात्मक है। इस वषट्कार में ३३ अहर्गण होते हैं। ३३ में १७ अहर्गण तक अग्नि रहता है तथा ३३ तक सोम रहता है। आधा मण्डल अग्निमय है, आधा मण्डल सोममय है। १७ से ऊपर सोम है तथा १७ अहर्गण से नीचे अग्नि है। इस सत्रहवें अहर्गणस्थ अग्नि में जब सोमाहुति होती है तो यह अग्नि प्रज्वलित हो कर २१ तक चला जाता है, अत एव अग्नि की सत्ता २१ तक मान ली जाती है। वस्तुतः प्रातिस्विकरूपेण शुद्ध पार्थिवाग्नि १७ तक ही रहता है। १७ से ऊपर सोम ही है।

पृथिवी का जो वषट्कारमण्डल है—उसमें ३३ अहर्गण होते हैं। ३३ में २१ तक अग्नि रहता है और ३३ तक सोम रहता है, इसमें भी २७ तक भास्वर सोम रहता है, ३३ तक दिक् सोम रहता है, अत एव पृथिवी के इस रथन्तर साम के रथन्तर-वैराज-शाक्वर तीन भेद हो जाते हैं। २१ तक का जो आग्नेय साम है, उसे रथन्तर साम कहते हैं। २७ तक जो भास्वरसाम है, उसे वैराजसाम कहते हैं। दिक् साम को शाक्वरसाम कहते हैं। दिकसोम का नाम ब्राह्मणस्पत्य सोम है। इससे सौर देवताओं की स्थिति होती है एवं भास्वर सोम से जो कि चन्द्रमा है, पार्थिव देवताओं की स्थिति होती है। पृथिवी में भास्वर सोम आता है। इसी चन्द्र-सोम से पार्थिव आग्नेय प्राण-स्वरूप देवताओं की स्थिति रहती है। ब्राह्मणस्पत्य सोम को तो सूर्य ही ऊपर-ऊपर चूस लेता है। गायत्री द्वारा

भास्वर सोम ही पृथिवी में आ पाता है। भास्वर सोम चूँकि वैराज साम में रहता है, अत एव स्थानसम्बन्धेन इसे विराट कहलाता है। अपि च सोम से ही प्रकाश होता है। प्रकाश का अधिष्ठाता सोम ही तो है, अत एव—'त्वं ज्योतिषा वितमो ववर्थ' (ऋक्. म. १/९१/२२)। यह कहा जाता है जिस सोम की अग्नि में आहुति होती है, वह सोम १० प्रकार का है। दस प्रकार के सोम में से सोम की वृत्र-भृगु-पवमान ये तीन जातियाँ मुख्य मानी जाती हैं। इन तीनों में जो वृत्रसोम है वह १ ध्रुव २ धर्त्र ३ धरुण ४ धर्मभेदेन चार प्रकार का है तथा भृगु के १. प्राण २. मातरिश्वा ३. पवमान ४. सविता ये चार भेद हैं तथा पवमान सोम के—(१) राजा (२) वाज (३) ग्रह (४) हवि ये चार भेद हैं। यही पवमान सम्पूर्ण रोदसी त्रिलोकी में अभिव्याप्त हो रहा है। रोदसी ही नहीं, अपितु पारमेष्ठ्य नामक वरुणमण्डल में भी इसकी सत्ता विद्यमान है। इस वरुणमण्डल में रहने वाला पवमान सोम 'राजा' कहलाता है। बार्हस्पत्यमण्डल में रहने वाला वही पवमान सोम वाज नाम से जाना जाता है। यह सोम अश्व में अधिक मात्रा में रहता है, अत एव वाजी कहा जाता है। सूर्यमण्डल में रहने वाले पवमान सोम ग्रह कहलाता है, यही ग्रह गैस नाम से आधुनिक सायन्स में जाना जाता है। यह ग्रहसोम ४० भागों में विभक्त है। ग्रहयाग में इन्हीं ४० प्रकार के सोम को ग्रहपात्रों से ग्रहण किया जाता है। पार्थिव सोम हवि कहलाता है। यह सोम अन्न में अभिव्याप्त रहता है, अन्न हवि है।

परमेष्ठी कहाँ स्थित है?

यह परमेष्ठी पिण्ड सूर्य से ऊपर, द्युलोक के बृहत् पृष्ठ के भी ऊपर रहता है। जिस प्रकार पृथिवी के साम को 'रथन्तर साम' शब्द से व्यवहृत किया जाता है, तथैव सूर्य के साम को 'बृहत्साम' कहा जाता है। रथन्तर साम के जैसे २१-२७-३३ इन तीन भेदों के कारण रथन्तर-वैरूप-शाक्वर ये तीन नाम हो जाते हैं, इसी प्रकार २१-२७-३३ के क्रम से बृहत् साम के भी बृहत्-वैराज-रैवत ये तीन विभाग हो जाते हैं। परमेष्ठी इन तीनों से भी ऊपर है। पृथिवी के २१ अहर्गण में द्युलोक, २७ में परमेष्ठी तथा ३४ अहर्गण में स्वयम्भू प्रजापति बतलाया जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि पृथिवी में सूर्य का भी हिस्सा है—वह पृथिवी के २१ अहर्गण पर रहता है, अत एव २१ अहर्गण पर द्युलोक बतला दिया जाताहै। ठीक इसी प्रकार परमेष्ठी का जो हिस्सा प्रवर्ग्य बन कर पृथिवी के २७ अहर्गण पर आ जाता है, इसी तात्पर्य से २७ पर परमेष्ठी बतला दिया जाता है

वस्तुतः परमेष्ठी बृहत्साम के भी ऊपर है। स्वयम्भू का जो हिस्सा पृथिवी की वस्तु बन जाता है, वह ३४वें अहर्गण पर रहता है। इस प्रकार परमेष्ठी स्वयम्भू से नीचे तथा सूर्य से ऊपर स्थित है। स्वयम्भू से सर्वप्रथम परमेष्ठी का ही जन्म होता है। हमारे शरीर (अध्यात्म) में जो 'महान्' कहलाता है, ईश्वरशरीर में वही परमेष्ठी कहलाता है। वैज्ञानिक इस परमेष्ठी को यज्ञ सम्बन्ध से 'विष्णु' कहा करते हैं। यज्ञ कहो, परमेष्ठी कहो, विष्णु कहो—एक ही बात है।

परमेष्ठी को विष्णु क्यों कहते हैं ?

परमेष्ठी को विष्णु क्यों कहते हैं ? इसका कारण बतलाते हैं—पञ्चक्षर-पञ्च अक्षर-पञ्च अव्यय एवं परात्पर, यह सोलह कलायुक्त जो आत्मा है वह 'षोडशी पुरुष' कहलाता है स्वयम्भू का जो केन्द्र है उसमें यह षोडशी आत्मा रहता है, अत एव इसे 'पुरुष' कहा जाता है। इस षोडशी आत्मा का प्रथम पुर स्वयम्भूमण्डल है, इसके पेट में चारों (परमेष्ठी-सूर्य-चन्द्रमा-पृथिवी) पिण्ड अपनी महिमा सहित उत्तरोत्तर सम्बन्ध से रहते हैं। चूँकि ये चारों ही परम प्रजापति (स्वयम्भू) के पेट में वैसी ही संस्था बना कर रहते हैं, अत एव इन्हें 'प्रतिमा प्रजापति' कहा जाता है। आत्मा (केन्द्र), पद (शरीर), पुनः पद (महिमा) ये तीन पदार्थ स्वयम्भू में रहते हैं अतः यही तीन चारों पिण्डों में भी रहते हैं।

स्वयम्भू-परमेष्ठी-सूर्य-चन्द्रमा-पृथिवी में षोडशी आत्मा के पाँच आत्मक्षर (ब्रह्मा-विष्णु-इन्द्र-अग्नि-सोम) रहते हैं। वैसे तो प्रत्येक पिण्ड में पाँचों आत्मक्षर हैं परन्तु ये पृथक्त्वेन भी रहते हैं। इन आत्मक्षरों से पाँच यज्ञक्षर उत्पन्न होते हैं। ये पाँच यज्ञक्षर (क्रमशः प्राण-आपः-वाक्-अन्न-अन्नाद) पाँचों आत्मक्षरों पर बैठे रहते हैं। प्राण यज्ञक्षर ब्रह्मा पर बैठा है—यही स्वयम्भू कहलाता है। आपः यज्ञक्षर विष्णु पर बैठा है—यही परमेष्ठी कहलाता है। वाक् यज्ञक्षर इन्द्र पर बैठा है—यही सूर्य कहलाता है। अन्न यज्ञक्षर सोम पर बैठा है—यही चन्द्रमा कहलाता है। अन्नाद यज्ञक्षर अग्नि पर बैठा है—यही पृथिवी कहलाती है। अर्थात्–पाँचों यज्ञक्षर ही पाँचों आत्मक्षरों पर प्रतिष्ठित हैं। ब्रह्मा प्राणमय है—यही स्वयम्भू है। (विष्णु) परमेष्ठी आपोमय है। इन्द्र (सूर्य) वाङ्मय है। चन्द्रमा (अन्न) सोममय है। पृथिवी (अग्नि) अन्नादमयी है। प्रत्येक यज्ञक्षर आत्मक्षरों पर आरूढ हो कर पृथक्त्वेन एवं समष्टित्वेन व्याप्त हैं। पाँचों प्रजापति षोडशी सम्पत्ति से अलग नहीं है। चूँकि हम परमेष्ठी का स्वरूप बतला रहे हैं अतः विष्णु का ही स्वरूप बतलाएँगे।

परमेष्ठी का गोरूप यज्ञ

इस परमेष्ठिमण्डल में गोरूप (गोसव) यज्ञ (अर्थात्—रासायनिक क्रिया) होती है। इस गोरूप यज्ञ में पारमेष्ठ्य पानी और अङ्गिरा से भूतों की जननी गौ उत्पन्न होती है। यह गौ आपोमयी होती है जो संख्या में एक हजार हैं। इन गौ का सूर्य्य के गायत्रीमात्रिक वेद से सम्बन्ध होता है। स्वयम्भू की जो वेदत्रयी ऋक्-यजुः-साम तीनों की समष्टि है जो कि सूर्य्य में आ कर (सम्बन्ध से) गायत्रीमात्रिक कहलाने लगती है। सूर्य्य का विकास-ऋक् है, सोलर सिस्टम साम है एवं अग्नि (रश्मियाँ) यजुः है। इस वेदत्रयी से ही संसार के यच्चयावत् पदार्थों की उपलब्धि होती है। पदार्थों का प्रत्यक्ष यद्यपि आँखों से ही होता है तथापि इसका प्रधान साधक सूर्य्य ही है।

सूर्य्य का प्रतिफलित प्रकाश ही पदार्थों का प्रत्यक्ष करवाता है। जो प्रवर्तक होता है उसे ही सविता कहते हैं। जिस वस्तु का जो प्रसविता है उसे सविता कहते हैं। सूर्य्य रोशनी का प्रवर्तक है, अत एव सूर्य्य को भी सविता कहा जाता है। सविता सूर्य्य से निकलने वाली चारों ओर फैली कई सौर-रश्मियाँ है, उन्हें ही सविता सम्बन्धेन 'सावित्री' कहा जाता है। सारे वेद इसी में रहते हैं। 'सावित्री वेद माता च' कहा जाता है। सूर्य्य बिम्ब से निकल कर चारों ओर वितत जो सौर रश्मियाँ हैं उन्हें ही 'सावित्री' कहते हैं। प्रतिफलित तेज का नाम गायत्री है। पृथिवी को आप, फेन, उषा, सिकता, शर्करा, अश्मा, अय, हिरण्य इन आठ व्याकृतियों के कारण गायत्री कहते हैं।

प्रतिफलित सौर-तेज इस गायत्री पृथिवी से स्पष्ट होता है, अत एव इसे गायत्री कह दिया जाता है। यह गायत्री शुक्ल और कृष्ण (छाया) भेदेन दो प्रकार की है। सूर्य्य के प्रकाश में जो प्रतिफलित सूर्य्य रश्मियाँ हैं वे शुक्ल गायत्री हैं एवं जो छायामय प्रकाश है, जिसमें आतप नहीं है, वह छायामयी गायत्री है।

पितर प्राण इसी छायामय गायत्री में रहते हैं। यह गायत्री प्रातःकाल रहती है। सूर्य्योदय से पाँच घण्टे पहले उषाकाल का जो प्रकाश है वही गायत्री कहलाता है। इस समय का छायामय प्रकाश सूर्य्य का साक्षात् प्रकाश नहीं है अपितु भूमा द्वारा आया हुआ प्रतिफलित प्रकाश है। इस गायत्री के (१) मुक्ता (२) विद्रुम (३) हेम (४) नील (५) धवल ये पाँच मुँह हैं। इन पाँचों स्थितियों का प्रत्यक्ष प्रातःकाल सूर्य्योदय से पहले हो जाता है। इस गायत्री में ही प्रतिफलित तेज से ही संसार के यच्चयावत् पदार्थों का प्रत्यक्ष

होता है, अत एव हम इस सूर्य्यवेद को गायत्रीमात्रिक वेद कहते हैं।

सूर्य्य के प्रकाश का जो सोलर सिस्टम है उसमें ज्योति, गौ और आयु ये तीन पदार्थ हैं। इन तीनों में वषट्कार का सम्बन्ध गौ से है। यह गौ कुल एक हजार है। एक हजार गौ आपोमयी हैं। इनका जब सूर्य्य के सोलर सिस्टम से सम्बन्ध हो जाता है तो वह प्रकाशमण्डल हजार टुकड़ों में परिणत हो जाता है। गौ आप्या है। रश्मि आग्नेयी है। जब बीच-बीच में इनका समावेश हो जाता है तो एक हजार अहः (दिन) हो जाते हैं। एक हजार रात्रि हो जाती हैं। दिन आग्नेय है, रात्रि सौम्य है। सूर्य्य के केन्द्र से चारों ओर ठीक समान स्वरूप वाली एक हजार अग्निरेखाएँ समझ लीजिए, उनके बीच-बीच में कुल मिला कर एक हजार गौ समझ लीजिए। इसी विभाग को 'आभिप्लाविक' विभाग कहा जाता है। सूर्य्य जिस दिन उत्तरायण होता है, उस दिन से इन गौ का हिसाब प्रारम्भ होता है। वहाँ से ३३३ गौ तो वसुदेवात्म होती हैं। ३३३ गौ रुद्रदेवात्म होती हैं एवं ३३३ गौ आदित्यदेवात्म होती हैं। एक गौ शेष बच जाती है, इसी को अमृतगवी अर्थात् कामगवी (कामधेनु) कहा जाता है। वसु से प्रारम्भ होता है और आदित्य पर समाप्ति होती है। इन्हीं गौ से आदित्य अन्त में वसुओं से आ मिलते हैं।

३३३ गौ प्रातःसवन हैं; ३३३ गौ माध्यन्दिनसवन हैं और ३३३ गौ सायंसवन हैं। उपरि वर्णित 'आभिप्लावक सोम' का सम्बन्ध विश्वामित्रप्राणप्रधान आयु से है। अब पृष्ठ्य सोम (त्रिलोकी सोम) के सम्बन्ध में बतलाते हैं—सूर्य पिण्ड से ऊपर उत्तरोत्तर गौमण्डल रहता है। तह पर तह रहती है। पिण्ड से ऊपर कुल हजार गौ हैं। इन एक हजार गौ को ३०-३० गौ के हिसाब से ३३ हिस्सों में बाँट दिया जाने पर ९९० गौ के ३३ विभाग हो जाते हैं। बाकी १० गौ शेष बच जाती हैं। ये दसों गौ अहर्गण का तृतीयांश है यही ३४वाँ प्रजापति कहलाता है। ३३ पर आ कर गौ की संख्या समाप्त हो जाती है। इन ३३ अहर्गणों में ६ स्तोम मान लिए जाते हैं। ६ में एक स्तोम ३ अहर्गण का है, शेष ६-६ के हैं। इनमें ३ वाले स्तोम को मिला कर कुल ५ ही स्तोम हो जाते हैं। पहला त्रिवृत् स्तोम, दूसरा पञ्चदश स्तोम, तीसरा एकविंश स्तोम, चौथा त्रिणव स्तोम एवं पाँचवा त्रयस्त्रिंश स्तोम है। इन्हीं ५ स्तोमों (३३ अहर्गणों) में ये एक हजार गौ रहती हैं। २२ अहर्गण से ३६ अहर्गण तक पञ्चदशाह यज्ञ होता है। यह यज्ञ पञ्चदशाहस्तोम होने से इन्द्र-सम्बन्धी हो जाता है, अत एव इसे भी हम ऐन्द्र यज्ञ कह सकते हैं। १५ से इन्द्र ही अपेक्षित है एवं २९ वें अहर्गण इन्द्रविद्युत् से भी इन्द्रसम्बन्धी हो जाता है, अत एव

उभयथा ऐन्द्र होने के कारण पञ्चदशाह यज्ञ को ऐन्द्र विष्णु कहा जाता है। बस, इस पञ्चदशाह यज्ञ से 'गौ' उत्पन्न होती है। चूँकि इस यज्ञ से गौ उत्पन्न होती है, अत एव इसे 'गोसव यज्ञ' भी कहा जाता है। स्वयम्भू-परमेष्ठी-सूर्य-चन्द्रमा-पृथिवी इन पाँचों में से स्वयम्भू को छोड़ कर अवशिष्ट चारों प्रतिमा प्रजापति सृष्टि नाम से व्यवहृत होते हैं। सृष्टि नाम है दो वस्तुओं की संसृष्टि का, दो वस्तुओं के ग्रन्थिबन्धन का। जब तक दो वस्तुओं का मेल नहीं होता, तब तक सृष्टि नहीं होती। स्वयम्भू के जितने भी पदार्थ हैं वे सब असङ्ग हैं। एक पदार्थ दूसरे पदार्थ से मिल नहीं पाते। अतः हम इसे सृष्टि से बाहर की वस्तु कहने के लिए तय्यार हैं। स्वयम्भू में है क्या चीज? इसका उत्तर है—वेद। ऋक्-यजुः-साम के समुद्र का नाम ही स्वयम्भू है। इसी वेद को ब्रह्मा कहा जाता है। ब्रह्मा मौलिक तत्त्व है, इसे सृष्टि नहीं कहा जाता। सृष्टि तो यज्ञ से होती है। यज्ञ का नाम ही सृष्टि है—यह यज्ञ परमेष्ठी से शुरू होता है। त्रयीवेद में जो यजुः है—उसमें आकाश और वायु (यत् और जू) दो वस्तुएँ है। इनमें से वायु ही सृष्टि का प्रथम प्रवर्त्तक है—सृष्टि का मूल है। इसे ही ऋषि (प्राण) कहा जाता है। इस ऋषिप्राण से सर्वप्रथम पानी ही पैदा होता है। यह पानी का जो मण्डल है, इसी का नाम परमेष्ठिमण्डल है। परमेष्ठी में भृगु-अङ्गिरा-अत्रि ये तीन वस्तुएँ उत्पन्न होती हैं। तीनों में भृगु अप्-वायु सोम एवं अङ्गिरा अग्नि-वायु-आदित्य इन नामों से प्रसिद्ध है। अत्रि एक ही है। ये छहों पदार्थ सर्वथा ससङ्ग हैं। इसलिए इन्हें यज्ञ कहा जाता है। बस, इसी अग्निषोमात्मक यज्ञ को 'गौ' कहा जाता है।

गौ क्या वस्तु है? गौ किसे कहते हैं? इसका उत्तर है—यज्ञ। यज्ञ किसे कहते हैं? इसका उत्तर है—मन-प्राण-वाक् की मिश्रितावस्था। मन-प्राण-वाक् के यज्ञ की उत्पत्ति परमेष्ठी में होती है। गौ परमेष्ठी की वस्तु है। यही गौ सूर्य्य में आती है, यही गौ पृथिवी में आती है, अत एव सूर्य्य के ज्योति-गौ-आयु ये तीन मनोता कहलाते हैं एवं वाक्-गौ-द्यौ ये तीन पृथिवी के मनोता कहलाते हैं। सूर्य्य के मनोता ज्योति-गौ-आयु पृथिवी में आ कर वाक्-गौ-द्यौ कहलाने लगते हैं। मन-प्राण-वाक् का नाम अस्ति है। मन-प्राण-वाक् की मिश्रित अवस्था का नाम गौ है। अतः संसार में हम जो कुछ अस्तिरूपेण देखते हैं वे सब गौ हैं। अतः श्रुति कहती है—'गौर्वा इदं सर्वम्' (तै. सं. २/३) गौ वास्तव में परमेष्ठी की वस्तु है, अत एव इस पञ्चदशाहात्मक परमेष्ठी ऐन्द्र विष्णु यज्ञ को 'गोसव' कह सकते हैं।

वेद श्रुति इसी का स्पष्टीकरण कर रही है—

या ते धामान्युश्मसि गमध्यै यत्र गावो भूरिशृङ्गा अयासः।
अत्राह तदुरुगायस्य विष्णोः परमं पदमवभाति भूरि॥

(यजुर्वेद–६/३)

परमेष्ठिमण्डल में मनप्राणवाग्रूपा गौ उत्पन्न होती है। इन्हीं गौओं की उत्पत्ति और स्थिति के कारण इस स्थान को गोसव कहा जाता है। इसी गोसव को पौराणिक महर्षि 'गोलोक' कहा करते हैं। उपासनाकाण्ड में यही गोसव गोलोक नाथ कहे जाते हैं। यज्ञ को विष्णु कहते हैं। गोसव भी यज्ञ है, अत एव यज्ञत्वात् इसे विष्णु कहा जाता है। पञ्चदश सम्बन्धेन ऐन्द्र कहा जाता है। बस, यही ऐन्द्राग्न विष्णु है—यही गोलोकनाथ श्रीकृष्ण है।

पुराणों में विष्णु का वर्णन

भगवान् कृष्ण को विष्णु का अवतार माना जाता है। विष्णु के ही अवतार क्यों माने जाते हैं? चूँकि भगवान् कृष्ण इस परमेष्ठी के अवतार हैं, अत एव इन मानुष कृष्ण को विष्णु ही समझना चाहिए। कृष्ण को शिव, ब्रह्मा या इन्द्र का अवतार न मान कर विष्णु का अवतार बतलाया जाता है, अतः पहले विष्णु का स्वरूप समझ लेना आवश्यक है। पुराणों में विष्णु का वर्णन विस्तृतरूपेण किया गया है। पुराणों में चार प्रकार के विष्णुओं का वर्णन आता है—

इन चारों विष्णुओं का स्वरूप बताने से पूर्व यह जान लेना अत्यावश्यक होगा कि पुराण किस वस्तु-विषय का वर्णन करता है। पृथिवी-जल-तेज-वायु-आकाश ये पाँच भूत हैं। इनमें से जो आकाशभूत है उसके छः भेद हैं—(१) परमाकाश (२) पुराणाकाश (३) दहराकाश (४) भूताकाश (५) दिव्याकाश (६) भावाकाश। परमेष्ठी-सूर्य-चन्द्रमा-पृथिवी इन चारों पिण्डों को अपने उदर में (महिमा मण्डल में) रखने वाला जो स्वयम्भू आकाश है—ईश्वराकाश है, उसे ही परमाकाश कहा जाता है। जिस आकाश में सूर्य-नक्षत्रादि दिखलाई पड़ रहे हैं, वह पुराणाकाश कहलाता है। हमारे हृदय में जो हृदयाकाश है—खाली स्थान है, उसे ही दहराकाश कहा जाता है। प्रत्येक भौतिक पदार्थ का जो आकाश है उसे भूताकाश कहते हैं। इन छहों में से पुराणशास्त्र चूँकि पुराणाकाश का वर्णन करता है, अत एव इसे पुराण ही कहा जाता है। पृथिवी से सूर्य पर्यन्त जो आकाश है—जिसमें कि नक्षत्रादि हैं—पुराण इसी का वर्णन करता है। पुराणों में जिन

देवता-भूत-पशु-पक्षी आदि का वर्णन आता है वे सब इस पुराणाकाश की वस्तु है। पुराण केवल पुराणाकाश का ही वर्णन करता है। विष्णु पुराणाकाश के अन्तर्गत है—पुराण उसी का वर्णन करेगा—

यह पुराणाकाश कहाँ तक व्याप्त है? इसका स्वरूप कैसा है? यह बताते हैं—

पृथिवी का जो वषट्कारमण्डल है, वह सूर्य से भी ऊपर तक जाता है। पृथिवी के अमृताग्निमण्डल की अभिव्याप्ति सूर्य्य से भी १२ अहर्गण ऊपर रहती है। परावतपृष्ठ के अनुसार तो २७ अहर्गण तक (अर्थात्—२१+२७=४८ अहर्गण) पृथिवी की अभिव्याप्ति रहती है। प्रत्येक पिण्ड आत्मा-पद-पुनः पद इन तीन भागों में विभक्त रहता है। इन्हीं तीनों को हृदय-भूमि-साहस्र भी कहा जाता है। इनमें जो साहस्रमण्डल है वह ३३ तक रहता है। हृदयस्थ अनिरुक्त प्रजापति ही ३४ तक वितत हो कर 'सर्वप्रजापति' कहलाने लगता है। इस हृदयस्थ प्रजापति पृष्ठ के ५ विभाग हो जाते हैं। वे पाँचों (१) हृदय (२) भुवन (३) यज्ञ (४) वषट्कार एवं (५) परावत इन नामों से व्यवहृत होते हैं।

हृदय—पिण्ड का जो नाभि बिन्दु है जिसे कि अनिरुक्त प्रजापति बतलाया गया है वह तो पहला हृत्-पृष्ठ है।

भुवन—जो वस्तु-पिण्ड दिखलाई पड़ता है, वह भुवनपृष्ठ कहलाता है। इस पिण्ड का स्पृर्श मात्र होता है अत एव इसे स्पृश्य पिण्ड भी कहा जाता है।

यज्ञपृष्ठ—२१ अहर्गण तक रहने वाला अग्निमण्डल यज्ञ-पृष्ठ कहलाता है।

वषट्कार—३३ तक का पृष्ठ वषट्कार पृष्ठ कहलाता है। जहाँ तक वस्तु दृश्यमान रहती है।

परावत—वस्तु के महिमामण्डल में 'अशिति' रहती है—इन अशितियों में छन्द एवं ऋतु भी रहती है। पृथिवी-अन्तरिक्ष-द्यौ के अनुसार प्रत्येक पिण्ड के साहस्रमण्डल में गायत्री-त्रिष्टुप्-जगती तीन छन्द रहते हैं। गायत्री छन्द २४ वें अहर्गण तक रहता है। त्रिष्टुप् ४४ वें अहर्गण तक रहता है। जगती ४८ तक रहता है। ३३ तक रहने वालों स्तोम जैसे त्रिवृत्-पञ्चदश-एकविंश इत्यादि नामों से व्यवहृत होते हैं तथैव यह स्तोम छन्दः-सम्बन्धेन 'छन्दोमास्तोम' कहलाता है। जहाँ तक वस्तु दिखलाई पड़ती है वहाँ तक तो साहस्रमण्डल रहता है एवं इसके बाहर ४८ अहर्गण तक छन्दों का साम रहता है—इसको परावत-पृष्ठ कहते हैं। इस प्रकार प्रत्येक प्रजापति में ५ पृष्ठ रहते हैं। गायत्री २४ अक्षर

का छन्द है। त्रिष्टुप् ४४ का एवं जगती ४८ अक्षर का छन्द है। कुल ११६ अहर्गण हो जाते हैं। जो मनुष्य छन्दों का यज्ञ करता है उसकी आयु ११६ वर्ष हो जाती है।

हम बतला रहे थे कि पुराणाकाश की व्याप्ति कहाँ तक है? इसी का स्पष्टीकरण है कि आत्मा 'अव्यय-अक्षर-क्षर स्वरूप' है। इसमें परावत पृष्ठ तक तो अव्यय की अभिव्याप्ति है (४८ अहर्गण तक), अक्षर (ब्रह्मा-विष्णु-इन्द्र-अग्नि-सोम) की व्याप्ति निम्नलिखित है—

ब्रह्मा की	—	३४ अहर्गण तक व्याप्ति
इन्द्र की	—	३३ अहर्गण तक व्याप्ति
विष्णु की	—	२१ अहर्गण तक व्याप्ति
अग्नि की	—	१७ तक
सोम की	—	१७ से ३३ तक

इस सारे प्रपञ्च से प्रकृत में हमें यही बतलाना है कि पृथिवी की अभिव्याप्ति सूर्य से बहुत ऊपर तक है। पुराण चूँकि पुराणाकाश का वर्णन करता है एवं सूर्याकाश का नाम ही है पुराणाकाश, अतः पुराणों में जितने भी देवताओं का वर्णन आता है—वे सब के सब साहस्रमण्डलोपेता पृथिवी से सम्बन्ध रखने वाले हैं। पुराणों में पृथिवी से सम्बन्ध रखने वाले चार विष्णुओं का वर्णन आता है—

(१) श्वेतद्वीप निवासी सत्यनारायण—(ऐन्द्राग्न विष्णु) यह विष्णु अपत्नीक हैं, ब्रह्मचारी हैं एवं यह कभी भी नहीं सोते। बारहों महीने जागते रहते हैं।

(२) वैकुण्ठवासी—(आदित्य विष्णु-पञ्चपत्नीक त्रिविक्रम विष्णु)—यह श्यामवर्ण है। इनकी गङ्गा-लक्ष्मी-सरस्वती-पृथिवी-तुलसी ये पाँच पत्नियाँ हैं। यह ८ महीने जागते हैं एवं ४ महीने सोते हैं, इन्हें त्रिविक्रम कहते हैं।

(३) शेष क्षीरसागरवासी लक्ष्मीपति अनन्तविष्णु—(आग्नेय विष्णु-क्षीरशायी)—ये सदा ही सोते रहते हैं।

(४) गोलोकनाथ—(ऐन्द्र विष्णु)—यह भी श्याम वर्ण ही है एवं इनके दो भुजाएँ हैं। राधा इनकी पत्नी है। इन्हें परमेष्ठी कहा जाता है। पुराणों में अध्यात्म-अधिभूत-अधिदैवत—तीनों को सम्मिलित रूप से लेकर विष्णुचरित्र का वर्णन किया गया है। इस विष्णुचरित्र से यज्ञरहस्य बतलाया जाता है। पार्थिव यज्ञ-

विज्ञान को समझने के लिए चार प्रकार के विष्णुओं का वर्णन किया गया है। इन चारों विष्णुओं का सङ्क्षिप्त स्वरूप परिचय बतला रहे हैं—

सर्वप्रथम त्रिविक्रम विष्णु का स्वरूप बतलाते हैं—

वैकुण्ठवासी-आदित्य विष्णु-त्रिविक्रम-पञ्चपत्नीक विष्णु

वैदिक-विज्ञान में यज्ञ को 'विष्णु' कहा जाता है। अग्नि में सोम की आहुति पड़ने का नाम ही 'यज्ञ' है। यह सोम आहरण अशनायाशक्ति द्वारा ही होता है। चूँकि अशनाया शक्ति अर्करूप से अन्नाहुत करने के लिए केन्द्र से बाहर की ओर निकलती है, अत एव यज्ञ को विष्णु कहा जाता है अत एव श्रुतियों में बार-बार—"यज्ञो वै विष्णुः" (यजुः २२/२०) 'विष्णुर्वै यज्ञः" (ऐ.ब्रा. १/१५) उल्लेख प्राप्त होता है।

पृथिवी का अधिष्ठाता अग्नि है। अन्तरिक्ष का अधिष्ठाता वायु है। वायु में एक हिस्सा मरुत्वान् इन्द्र का रहता है, अत एव इन्द्र को भी अन्तरिक्ष का अधिष्ठाता बतला दिया जाता है। द्युलोक के अधिष्ठाता सूर्य हैं। इस प्रकार अग्नि-वायु-सूर्य अर्थात्—अग्नि-इन्द्र-सूर्य ये तीन देवता तीनों लोकों के अधिष्ठाता हैं, जैसा कि यास्क कहते हैं—"अग्निर्भूस्थानो वायुर्वेन्द्रोऽन्तरिक्षस्थानः सूर्यो द्युस्थानः (यास्कीय निरुक्त–७/५/२)

पृथिवी अग्नि पिण्ड है। यह अग्नि अमृत-मर्त्य भेदेन दो प्रकार का है। जिस अग्नि के चयन से पृथिवी-पिण्ड बना हुआ है—वह मर्त्याग्नि है। यह अग्नि पिण्ड तक ही रहता है। महिमामण्डल में रहने वाला अग्नि अमृताग्नि कहलाता है। पृथिवी में से निकल कर ऊपर की ओर जाता हुआ यह पार्थिव अग्नि अपनी घन-तरल-विरल ये तीन अवस्थाएँ धारण कर लेता है। घनावस्थायुक्त अग्नि तो 'अग्नि' ही कहलाता है जो कि ९ अहर्गण (त्रिवृत् स्तोम) तक रहता है। यही पृथिवीलोक कहलाता है। तरलावस्था अग्नि वायु कहलाता है जो पञ्चदशस्तोम तक रहता है। यही अन्तरिक्षलोक कहलाता है एवं विरलावस्थायुक्त अग्नि आदित्य कहलाता है जो २१ अहर्गण (एकविंश स्तोम) तक रहता है—इसे ही द्युलोक कहते हैं। इस प्रकार एक ही अग्नि घन-तरल-विरल अवस्थाभेद से अग्नि-वायु-आदित्य इन तीन रूपों में परिणत हो जाता है। यह पार्थिव अग्नि फिर अवस्थाओं में परिणत हो जाता है। आन्तरिक्ष्य वायु ११ स्वरूपों में एवं दिव्याग्नि १२ स्वरूपों में परिणत हो जाता है। अग्नि आठ अवस्थाओं में परिणत हो जाता है—यही

आठ वसु कहलाते हैं। ११ अवस्थाओं से युक्त वायु को ११ रुद्र कहते हैं एवं १२ दिव्याग्नि-विभाग १२ आदित्य कहलाते हैं। इस प्रकार एक ही अग्नि अवस्था-भेद से वसु-रुद्र-आदित्य स्वरूपों में परिणत होता हुआ ३१ स्वरूपों में परिणत हो जाता है। एक स्वयं पृथिवी एवं दूसरा द्युलोक इस प्रकार कुल ३३ देवता हो जाते हैं जिनके नाम इस प्रकार है—

१. पृथिवी

२. वसु

३. रुद्र

४. आदित्य

इन्द्र-विवस्वान्-मित्रा-वरुण-धाता-अर्य्यमा (पक्षान्तर से धाता पर्ज्जन्य)

अंश-त्वष्टा-भग-पूषा-सविता-विष्णु। ५-द्युलोक

उपर्युक्त १२ आदित्यप्राण एकविंशस्थ सूर्य में रहते हैं। इस प्रकार विष्णु इस यज्ञसंस्था का अन्तिम तनू है। ३३ यज्ञिय देवताओं में अन्तिम देवता यही विष्णु नाम के १२वें आदित्य हैं। ८ वसु हैं, उनमें पहला वसु 'अग्नि' कहलाता है। सारे देवता आग्नेय ही हैं। एक अग्नि ही इतने देवता बना हुआ है। एक तीन बनता है। तीन ३३ बन जाते हैं। श्रुति कहती है—"अग्निः सर्वा देवताः"।

२१ अहर्गण तक वितत रहने वाले इस अग्नि में पारमेष्ठ्य सोम की आहुति अनवरत हुआ करती है। यद्यपि अग्नि स्वरूप से 17 तक ही रहता है। परन्तु सोमाहुति से प्रज्वलित हो कर यह २१ अहर्गण तक चला जाता है। अत एव अग्नि की सत्ता २१ तक मान ली जाती है। सोमयज्ञ के अन्त में विष्णु हैं, आदि में अग्नि है। बीच में सारे देवता हैं, अत एव श्रुति कहती है—

"अग्निर्वै देवानामवमो विष्णुः परमस्तदन्तरेण सर्वा अन्या देवताः।
एते वै यज्ञस्यान्त्ये तन्वौ यदग्निश्च विष्णुश्च"॥ (ऐ. १/१)

सोम यज्ञ २१ अहर्गण तक व्याप्त रहता है। यज्ञ की अन्तिम सीमा २१ अहर्गण है। इसी स्थान पर रहने वाले १२वें आदित्य को 'विष्णु' अर्थात् यज्ञ कह दिया जाता है। विष्णु यज्ञमूर्ति है। द्युलोक के अधिष्ठाता है।

पञ्च अक्षर ब्रह्मा-विष्णु-इन्द्र-अग्नि-सोम पृथक्-पृथक् पिण्डों में रहते हैं। ब्रह्मा स्वयम्भू की वस्तु है। विष्णु परमेष्ठी की, इन्द्र सूर्य की, सोम चन्द्रमा की एवं अग्नि पृथिवी की वस्तु है। परन्तु इस पृथिवी में चारों मण्डलों के चारों अक्षर उन चारों से प्रवर्ग्य बन कर इस पृथिवी के ब्रह्मौदन बन जाते हैं। पृथिवी से निकल कर चारों ओर (३४ अहर्गण तक) वितत रहने वाली जो सहस्र रश्मियाँ हैं—उनमें ब्रह्मादि पाँचों अक्षर मौजूद हैं। इन पाँचों अक्षरों में विष्णु अक्षर है। वे पृथिवी २१ अहर्गण-अहर्गण से पर्य्यन्त तीन विक्रमण करते हैं। पृथिवी के १७ वें अहर्गण तक वैश्वानराग्नि रहता है। यह अग्नि दो प्रकार का है—(१) मर्त्यअमृत। चित्याचितेनिधेय चितेनिधेय (अमृताग्नि) अग्नि है—वह २१ अहर्गण पर्य्यन्त रहता है एवं १७ से ऊपर ३३ तक सोम रहता है। तीन विक्रम में भगवान् विष्णु पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यौ तीनों लोकों को नाप लेते हैं। पृथिवी में जो अग्नि है, वही विष्णु है। यह अग्नि ही २१ तक जाता है, २१ के ऊपर अर्थात् सूर्य्य के ऊपर पारमेष्ठ्य सोम है। आग्नेयप्राण की सत्ता सोम पर अवलम्बित है। अतः यह पृथिवी को अग्नि सोम को लेने के लिए अशनाया रूप में परिणत हो कर २१ तक अर्थात्—सूर्य तक जाता है। इस प्रकार यह विष्णु तीन लोकों का विक्रमण करता है। त्रिवृत् स्तोम (९ अहर्गण) तक पृथिवी लोक है—यही विष्णु का पहला विक्रम है। पञ्चदशस्तोम (१५ अहर्गण) तक अन्तरिक्ष लोक है—यही विष्णु का दूसरा विक्रम है। एकविंश स्तोम (२१ अहर्गण) तक द्युलोक है—यही विष्णु भगवान् का तीसरा विक्रमण है। विष्णु भगवान् के केन्द्र में त्रिवृत्-पञ्चदश-एकविंश स्तोम तक वितत रहते हैं। पहली छलाङ्ग से पृथिवी को, दूसरी छलाङ्ग से अन्तरिक्ष को एवं तीसरी छलाङ्ग से द्युलोक को अधिकार में कर लेते हैं। इस प्रकार तीन विक्रमों से तीनों लोकों पर अपना अधिकार जमा लेते हैं। इसी विज्ञान को लक्ष्य में रख कर मंत्र श्रुति कहती है—

''इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा निदधे पदम्।
समूढमस्य पांसूले''—(सामवेद पूर्व ३/१)

विष्णु भगवान् के इस विक्रम से पारमेष्ठ्य सोम को ग्रहण करते हैं। इसी से देवता जीवित रहते हैं, अत एव विष्णु को संसार का पालनकर्ता बतलाया जाता है।

विष्णु ने तीन पैर से सारी त्रिलोकी नाप ली बस, इस पौराणिक कथा का यही

वैज्ञानिक रहस्य है। बलि से पृथिवी छीन ली—यह हिस्सा इतिहास का है एवं तीन पैंड में सारी पृथिवी नाप ली—यह अंश विज्ञान का है। बस, त्रिविक्रमावतार भगवान् आदित्य विष्णु की पौराणिक कथा का यही रहस्य है।

चतुर्भुज-विज्ञान

यह विष्णु चतुर्भुज है—इसी चतुर्भुज-विज्ञान को पं. मोतीलालजी इस प्रकार स्पष्ट करते हैं—

१. पृथिवी के केन्द्र से निकलने वाले, पृथिवी-अन्तरिक्ष-द्यौ इन तीनों लोकों में व्याप्त रहने वाले यह त्रिविक्रम विष्णु पृथिवी के देवता है, क्योंकि पृथिवी के केन्द्र में रह कर ही, केन्द्र से बद्ध रह कर ही, यह २१ अहर्गण तक वितत रहने वाला विष्णु चार स्तोम रखता है। इसमें २१वें अहर्गण वाला षोडशीस्तोम है। पृथिवी के ३४वें अहर्गण पर जाकर सप्तसंस्थ ज्योतिष्टोम की समाप्ति होती है। इसमें २१ अहर्गण तक में व्याप्त ज्योतिष्टोम के त्रिवृत्-पञ्चदश-सप्तदश-एकविंश ये चार स्तोम रहते हैं। ये ही चारों अग्निष्टोम-अत्यग्निष्टोम-उक्थ्यस्तोम एवं षोडशीस्तोम ये चार स्तोम रहते हैं। ये ही चार स्तोम विष्णु भगवान् की चार भुजाएँ हैं। अत एव इन चार स्तोमों की अपेक्षा से इस त्रिविक्रम को हम अवश्य ही 'चतुर्भुज' कह सकते हैं।

२. इस यज्ञविष्णु की परमेष्ठी-सूर्य्य-चन्द्रमा-पृथिवी इन चारों लोकों में रश्मियाँ अभिव्याप्त रहती हैं। इसलिए भी इसे चतुर्भुज कहा जाता है। रश्मियों से यह चारों लोकों का भोग करता है। चारों लोकों का भोग करने वाली जो चार भागों में विभक्त यज्ञ रश्मियाँ हैं—वे ही इस यज्ञमूर्ति विष्णु की चार भुजाएँ हैं—यह दूसरी उपपत्ति है।

३. संसार के यच्चयावत् वर्तुल पदार्थ चतुरस्र होते हैं। सबमें चार-चार भुजाएँ होती हैं। पृथिवी का जो वषट्कारमण्डल है, उसमें भी चार भुजाएँ माननी पड़ती हैं। विष्णु अर्थात् चतुष्टोमयज्ञ इसके बीच में आ जाते हैं अत एव विष्णु को चतुर्भुज कहा जाता है। ३३ अहर्गण के नीचे जो भी वस्तु होगी, वह पृथिवी की चारों भुजाओं में व्याप्त है—यह चतुर्भुज-विज्ञान की तीसरी उपपत्ति है।

पञ्चपत्नीक विष्णु-रहस्य

इस त्रिविक्रम विष्णु की पाँच पत्नियाँ बतलाई जाती हैं। ये हैं—सरस्वती-गङ्गा-तुलसी-लक्ष्मी-पृथिवी।

स्वयम्भू-परमेष्ठी-सूर्य-चन्द्रमा-पृथिवी—ये पाँच मण्डल हैं। पाँचों प्रत्येक पदार्थ के महिमामण्डल में रहते हैं। पृथिवी का जो महिमामण्डल है—उसमें पाँचों ही रहते हैं। पृथिवी में स्वयम्भू-परमेष्ठी-सूर्य-चन्द्रमा के हिस्से प्रवर्ग्य बन कर पृथिवी की वस्तु बन जाते हैं। स्वयम्भू वाङ्मण्डल है—वाग् लोक है। यह वाक् वेदमयी है। इसी का नाम सरस्वती है। यद्यपि इसका नाम सत्या वाक् है; परन्तु यह साक्षात् न आ कर सारस्वान् नाम के पारमेष्ठ्य समुद्र में हो कर पृथिवी के महिमामण्डल में आती है, अत एव सरस्वान् सम्बन्धेनैव इस स्वयम्भू वाक् को 'सरस्वती' कहा जाता है॥१॥

परमेष्ठी का जो अम्भः नाम का सोममय पानी है—वही गङ्गा कहलाता है। जिसे हम गङ्गा कहते हैं—वह वास्तव में परमेष्ठि-मण्डल की वस्तु है। सूर्य एक ब्रह्माण्ड है। इसके भी ऊपर परमेष्ठी में यह गङ्गा अर्थात् अम्भः पानी रहता है। यह पानी सूर्य-ब्रह्माण्ड को फोड़ कर पृथिवी की स्तोम्य त्रिलोकी में आता है; अत एव पुराणों में गङ्गा का ब्रह्माण्ड फोड़ कर आना बतलाया जाता है॥२॥

सूर्य का जो वर्च है—वही लक्ष्मी है। लक्ष्मी और श्री ये दो तरह की सम्पत्ति होती हैं। आश्रित वस्तु का नाम तो श्री है एवं जो स्वरूपसम्पत्ति है—उसी का नाम लक्ष्मी है। २१ अहर्गण पर रहने वाले जो विष्णु हैं—उनका सम्बन्ध सूर्य के इस वर्चस् से, प्रकाश से भी है। वर्च शुक्ल है—विष्णु काले हैं। लक्ष्मी गौरवर्ण है, विष्णु काले है। सूर्य का जो प्रवर्ग्य वर्च है—वही लक्ष्मी है॥३॥

विष्णु का सम्बन्ध सोम से भी रहता है—सोम से (चन्द्रमा से) ओषधियाँ उत्पन्न होती हैं। अतः तुलसी को इनकी पत्नी बतलाया जाता है। ओषधियों में एक तुलसी ही ऐसी है जो आत्मसात् हो जाती है। आत्मा बन जाती है। विष्णु का सम्बन्ध आत्मा से है, इसलिए तुलसी को ही इनकी पत्नी बतलाया जाता है॥४॥

पाँचवी पत्नी स्वयं पृथिवी है। यज्ञमूर्ति विष्णु पृथिवी का भी भोग करते हैं॥५॥

इस प्रकार पार्थिव त्रिविक्रम विष्णु का स्वयम्भू की सरस्वती वाक् से, परमेष्ठी के

अम्भः से, सूर्य के वर्चस् से, चन्द्रमा के सोम से एवं पृथिवी से सम्बन्ध रहता है—इसी विज्ञान को बतलाने के लिए विष्णु की पाँच पत्नियाँ बतलाई जाती हैं।

विष्णुशयनरहस्य

विष्णु आठ महिने जागते हैं और चार महिने सोते हैं। इस सम्बन्ध में पण्डितजी लिखते हैं—

पृथिवी जिस समय पूर्वाषाढ़ नक्षत्र पर आती है, उसी समय वह पारमेष्ठ्य पानी में प्रविष्ट हो जाती है। आषाढ़ से वर्षा का प्रारम्भ होता है एवं कार्तिक तक समाप्ति होती है। इन चार महिनों में पृथिवी जलमयी रहती है। इन चार महिनों में पार्थिव अग्नि एकान्ततः शान्त रहता है। यही अग्नि का सोना है। पार्थिव अग्नि का नाम ही तो विष्णु है। चूँकि यह चार महिने पानी में रहता है; अत एव विष्णु का चार महिने शयन बतलाया जाता है। इन्हीं चार महिनों में सारे देवताओं का शयन भी मान लिया जाता है। आषाढ़ शुक्ला एकादशी को सारे देवता सोते हैं। इसका अर्थ यही है कि पार्थिव अग्नि पानी में प्रविष्ट हो जाता है। आश्विन शुक्ला एकादशी को देवता लोग करवट बदलते हैं—इसका अर्थ यही है कि देवता आधा मण्डल खत्म कर दूसरे भाग में आ जाते हैं। कार्तिक शुक्ला एकादशी को सारे देवता उठ जाते हैं, इसका अर्थ है—पृथिवी का अग्नि पानी से बाहर निकल आता है। विष्णु आठ महिने जागते हैं एवं चार महिने सोते हैं—इसका यही वैज्ञानिक रहस्य है।

अब क्रमप्राप्त श्वेतद्वीपनिवासी सत्यनारायण विष्णु का स्वरूप-परिचय इस प्रकार है—

श्वेतद्वीपनिवासी सत्यनारायण विष्णु

श्वेतद्वीपनिवासी सत्यनारायण ऐन्द्राग्न विष्णु अपत्नीक हैं, ब्रह्मचारी हैं एवं ये कभी भी नहीं सोते। बारह मास जागते हैं। चतुर्भुज हैं। इनका स्वरूप पं. मोतीलाल जी ने पूर्ण वैज्ञानिक ढंग से समझाया है। वे परमेष्ठीकृष्ण-रहस्य नामक प्रकरण में लिखते हैं—

पृथिवी में जो अग्नि रहता है, उसका नाम अङ्गिरा है। वह काला है। सूर्य में जो अग्नि है, उसका नाम आदित्य है। वह श्वेत है। पृथिवी का अङ्गिरा अग्नि प्रबल वेग से प्रतिक्षण सूर्य की ओर जाया करता है। ठीक इसके विरुद्ध सूर्य का आदित्याग्नि पृथिवी

की ओर आया करता है। दोनों का १७वें अहर्गण पर, जहाँ पर कि अन्तरिक्ष का 'व्यान वायु' है, संघर्ष होता है। इससे एक नया वैश्वानर अग्नि उत्पन्न होता है। इन तीनों अग्नियों के घर्षण से उत्पन्न वैश्वानर अग्नि से सारी त्रिलोकी प्रकाशित होती है। इसी अग्नि में गर्मी होती है।

सूर्य से ऊपर २५वें अहर्गण का जो विद्युत् है, वह सौम्य विद्युत् कहलाता है। २१वें अहर्गण का विद्युत् सौर विद्युत् कहलाता है एवं स्कम्भ विद्युत् को (ध्रुव विद्युत् को) ध्रौव विद्युत् कहा जाता है। इन तीनों विद्युतों में से सौम्य इन्द्र विद्युत् का सम्बन्ध ही प्रकृत में उल्लेखनीय है। २१ अहर्गण के ऊपर रहने वाला जो सोम है—वह उस २५वें अहर्गण के विद्युत् इन्द्र के धक्के से इस १७वें अग्नि में आहुत होकर एक नई संस्था बनाता है। इसे ही 'ऐन्द्राग्न यज्ञ' कहा जाता है। २१ अहर्गण से नीचे अग्नि ही अग्नि है। २१ से ऊपर २५ अहर्गण तक इन्द्र है। २१ अहर्गण पर दोनों हैं। यह यज्ञ १७ से २५ अहर्गण तक होता है अत एव नौ अहर्गणों के सम्बन्ध से यह यज्ञ 'नवाहयज्ञ' कहलाता है। इस ऐन्द्राग्न विष्णु की केन्द्र शक्ति २१वें अहर्गण पर है। बस, यही श्वेतद्वीप निवासी सत्यनारायण भगवान् है।

यह विष्णु सर्वथा शुक्ल है। सोम की आहुति पड़ते रहने के कारण ये सदा प्रज्वलित रहते हैं। १७ से २५ अहर्गण तक उजाला ही उजाला है अतः पौराणिक इस स्थान को श्वेतद्वीप कहा करते हैं। विष्णु ब्रह्मचारी हैं। इनके एक भी पत्नी नहीं है। सोम नाम स्त्री है, अग्नि का नाम पुरुष है। स्त्री सौम्या है, पुरुष आग्नेय है। इस नवाहयज्ञ में आहुत सोम, सोम नहीं रह पाता है अपितु अग्नि ही बन जाता है। अत एव इस नवाह विष्णु को ब्रह्मचारी बतलाया जाता है। यह विष्णु श्वेतद्वीप में अनवरत तपश्चर्या करते हैं। वहाँ पानी को मौका नहीं मिलता, अत एव अग्नि कभी शान्त नहीं होंता। अत एव इन्हें सदा जागने वाला बतलाया जाता है। चूँकि ये विष्णु भी ३३ अहर्गण अन्तर्गत ही हैं, अतः इन्हें भी चतुर्भुज बतलाया जाता है।

शेषशायी क्षीरसागर-निवासी लक्ष्मीपति आग्नेय विष्णु

तीसरा विष्णु है—शेषशायी। पृथिवी के २२ अहर्गण से ३३ अहर्गण तक एक यज्ञ और होता है—जिसे द्वादशाह यज्ञ कहा जाता है। इस द्वादशाह यज्ञ का केन्द्र २७वाँ अहर्गण पड़ता है। अग्नि का नाम विष्णु है। यह अग्नि चार प्रकार का है। एक का नाम

अग्नि ही है, एक का नाम वायु है, एक का नाम इन्द्र है, एक का नाम वरुण है। अग्नि-वायु-इन्द्र ये तीन तो अग्नि रोदसी त्रिलोकी का अग्नि है एवं वरुण अग्नि रोदसी से ऊपर (२१ अहर्गण के ऊपर) रहने वाला अग्नि है। पानी का जो अग्नि है, उसे ही 'वरुण' कहा जाता है। वरुण चतुर्थ लोक के अधिष्ठाता हैं। इसी वरुणाग्नि का जो स्थान है—वही क्षीर समुद्र कहलाता है। पारमेष्ठ्य समुद्र स्वादूदक कहलाता है—यही क्षीरसमुद्र है। इसी में वरुणाग्नि रहता है। यह वरुणाग्नि इस आपोमय समुद्र के बीच में रहता है, अत एव इन्हें 'क्षीरशायी' विष्णु कहा जाता है। जितनी दूर में वरुणाग्नि है—उतनी दूर का आकाश खाली है। उस वायुमय समुद्र के बीच में जितनी दूर पर वरुणाग्नि की अभिव्याप्ति है, उतनी दूर तक का स्थान खाली है। २२ से ३३ अहर्गण तक का जो स्थान है, उसके बीच में (केन्द्र में) यह वरुणाग्नि है। उतनी दूर का स्थान खाली है। उसके चारों ओर पारमेष्ठ्य पानी भरा हुआ है। जिस स्थान पर यह वरुणाग्नि (विष्णु) है—वह आकाश 'शेष' नाम से व्यवहृत होता है। आकाश असीम अतः इसे अनन्त कहा जाता है। बस, इस अनन्तशेष पर ही द्वादशाह विष्णु रहते हैं। चूँकि इनके चारों ओर पानी का समुद्र है, अत एव इन्हें 'जलशायी' और 'समुद्रशायी' भी कहा जाता है। यह वरुण अग्निस्वरूप है अतः इन्हें 'आग्नेयविष्णु' कहा जाता है। यहाँ का अग्नि पानी के कारण सदा ही शान्त रहता है; अतः इन्हें सदा ही सोने वाले विष्णु बतलाया जाता है।

इस विष्णु का मस्तक २७ अहर्गण के ऊपर ३३ अहर्गण माना जाता है एवं हृदय २७वां अहर्गण माना जाता है। इनके पैर २२ अहर्गण पर माने जाते हैं। २२ के नीचे ही सौर-प्रकाश है—इसी को लक्ष्मी कहते है। सौर-प्रभा का नाम ही लक्ष्मी है। यह सौर-प्रभा इस विष्णु से पादस्थानीय है अतः—"क्षीरसागर में अनन्तशेष पर विष्णु भगवान् सो रहे हैं एवं पैरों की ओर लक्ष्मी जी बैठी हुई पग दबा रही है—यह कहा जाता है।"

गोलोकनाथ ऐन्द्र विष्णु

विद्युत् 'सौर-ध्रौव-सौम्य' भेदेन तीन प्रकार का होता है। इसमें २५ अहर्गण पर रहने वाला, एवं २९ अहर्गण पर रहने वाला विद्युत् ही सौम्य विद्युत् कहलाता है। २१ अहर्गण से ऊपर सौम्यविद्युत् ही का राज्य है। तत्सम्बन्धेनैव २५ व २९ अहर्गण का विद्युत् सौम्य कहलाता है। २१ अहर्गण का विद्युत् सौर विद्युत् नाम से प्रसिद्ध है। आजकल

इसी सौर विद्युत् को काम में लाया जाता है। तीसरा ध्रुव का जो विद्युत् है, जिससे 'मक्नातीस फौलाद' (चुम्बक) बनता है, वह ध्रौव विद्युत् कहलाता है। चौदह प्रकार के इन्द्रों में से एक अन्यतम इन्द्र का नाम 'विद्युत् इन्द्र' है। यही विद्युत् इन्द्र स्थानभेद से—सौर-ध्रौव-सौम्य ये तीन स्वरूप धारण कर लेता है। तीनों ही इन्द्र कहलाते हैं। सौर इन्द्र का त्रिविक्रम विष्णु से सम्बन्ध है, क्योंकि सौर विद्युत् २१वें अहर्गण पर रहता है और २१ अहर्गण पर ही त्रिविक्रम विष्णु भगवान् रहते हैं। २५वें अहर्गण वाले इन्द्र का श्वेतद्वीप-निवासी सत्यनारायण नवाहयज्ञ से सम्बन्ध है। तीसरे हैं २९वें अहर्गणस्थ इन्द्र। इनका गोलोकनाथ विष्णु से सम्बन्ध है। बस, २९ स्तोम पर स्थित यह सौम्य विद्युत् इन्द्र पञ्चदशाह यज्ञ का (१५ अहर्गण का) वितान करता है। यह यज्ञ २२वें अहर्गण से लेकर ३६वें अहर्गण तक होता है। इसका ठीक केन्द्र २९वाँ अहर्गण पड़ता है। २१वें अहर्गण से ७ अहर्गण नीचे एवं ७ अहर्गण ऊपर और १ (एक) स्वयं २९वां, कुल १५ अहर्गण हो जाते हैं। चूँकि यह यज्ञ १५ अहर्गणों को मिला कर होता है, अत एव इसे 'पञ्चदशाहयज्ञ' कहा जाता है। बस, यह जो पञ्चदशाह यज्ञ है—उसे ही 'गोलोकनाथ विष्णु' कहा जाता है।

बस, यही पौराणिक 'विष्णु' का वैज्ञानिक रहस्य है। इसी रहस्य को बतलाने के लिए पुराणों में चार प्रकार के विष्णुओं का वर्णन होता है। चतुष्टोम-नवाह-द्वादशाह-पञ्चदशाह—ये चार यज्ञ ही पुराणों में क्रमशः त्रिविक्रम वैकुण्ठनाथ-श्वेतद्वीपनिवासी सत्यनारायण-शेषशायी लक्ष्मीपति एवं गोलोकनाथ कृष्ण इन नामों से प्रसिद्ध हैं। इन चारों विष्णुओं में से जो चौथे गोलोकनाथ विष्णु हैं—भगवान् श्रीकृष्ण इन्हीं के अवतार हैं। हमारे जो मनुष्य श्रीकृष्ण हैं, वे इन्हीं के अवतार हैं—वे ही सत्य लीलाधर में उतरे थे। इनका प्रत्यक्ष प्रमाण यही है कि जो धर्म्म उस गोलोकनाथ में हैं, वे सारे के सारे धर्म्म इस मनुष्य श्रीकृष्ण में भी थे।

मनुष्य श्रीकृष्ण के धर्म्म—

१. गोलोकनाथ कृष्ण की अर्जुन (इन्द्र) के साथ परम मैत्री है।

२. गोलोकनाथ ब्रजभूमि में गाएँ चराया करते हैं।

३. गोलोकनाथ सोमवंशी हैं।

४. गोलोकनाथ का वर्ण कृष्ण है, अत एव वे कृष्ण ही कहलाते हैं।

५. गोलोकनाथ की पत्नी का नाम राधा है एवं वह गौरवर्णा है।

६. गोलोकनाथ अर्जुन को गीता का उपदेश दे रहे हैं।

७. गोलोकनाथ सदा जागते रहते हैं।

८. गोलोकनाथ पीताम्बर धारण किए रहते हैं। वे स्वयं काले हैं एवं उनके वस्त्र सुनहरे है। अत एव भगवान् गोलोकनाथ कृष्ण पीताम्बरधारी कहलाते हैं।

९. भगवान् गोलोकनाथ राधा के साथ रासक्रीडा किया करते हैं। राधा सदा कृष्ण के वक्षःस्थल से युक्त रहती है। न तो राधा कभी कृष्ण के बिना रह सकती है, न कृष्ण राधा के बिना रह सकते हैं। दोनों अविनाभूत हैं। विश्वरङ्गमञ्च पर दोनों रासक्रीडा कर रहे हैं।

10. भगवान् कृष्ण सदा बंशी बजाया करते हैं।

ऋषि

ऋषिनिर्वचनम्

(१) **ऋषिशब्दस्य चतुष्टयी प्रवृत्तिः—असल्लक्षणा, रोचनालक्षणा, द्रष्टृलक्षणा वक्तृलक्षणा चेति।**

(अनुवाद) ऋषि शब्द के चार प्रकार के अर्थ प्रसिद्ध हैं—१. असद्रूप, २. रोचनारूप, ३. द्रष्टारूप और ४. वक्तारूप।

व्याख्या—

पूज्यपाद ओझाजी ने ऋषिनिर्वचन-प्रकरण में ऋषिशब्द को असद्रूप, रोचनारूप, द्रष्टारूप और वक्तारूप इन चार प्रकार से व्यवहृत किया है। पं. मोतीलालजी ने इन्हीं चारों रूपों को इस प्रकार से विवेचित किया है—

शास्त्रों में प्रतिपादित ऋषितत्त्व जिन ऋषियों के द्वारा आर्षदृष्टि का विषय बना है, जिस ऋषितत्त्व के साक्षात्कार से शास्त्रकार स्वयं भी 'ऋषि' उपाधि के अधिकारी बने हैं, तत्त्वात्मक ऋषियों के जो प्राकृतिक कर्म्म इन मनुष्य ऋषियों के साथ अभेदबुद्ध्या पुराणादि में प्रतिपादित हैं, वे ही तत्त्व-ऋषि यद्यपि प्रकृत व्याख्या का मुख्य उद्देश्य है, तथापि तत्प्रसङ्ग से मानव ऋषियों का भी विचार कर लेना अप्रासङ्गिक न होगा।

'ऋषि' उस मौलिक तत्त्व का नाम है, जो मौलिक तत्त्व यजुर्वेद के 'यत्' भाग

से सम्बन्ध रखने वाला 'प्राण' तत्त्व ही है। वही प्राण असत् प्राण 'ऋषि' नाम से प्रसिद्ध हुआ है। चूँकि प्राण में प्राण नहीं रहता है अत एव इस प्राण को असत् कहा जाता है।

ऋषि शब्द की अनेक स्थानों में व्याप्ति उपलब्ध हुई है। इन सम्पूर्ण व्याप्तियों का निम्नलिखित चार भागों में वर्गीकरण कर सकते हैं—१. असल्लक्षण ऋषि, २. रोचनालक्षणऋषि, ३. द्रष्टृलक्षण ऋषि एवं ४. वक्तृलक्षण ऋषि। ये ही वे चार विभाग हैं। सर्वप्रथम असल्लक्षणऋषि को ही लक्ष्य बनाने का अनुग्रह कीजिए। रसात्मक यजुर्वेद का जो 'यत्' भाग है—यही गतिप्रकृतिक प्राणतत्त्व है। गतिप्रकृतिक इसी प्राण के गमन से—गतिभाव से आगे की सम्पूर्ण सृष्टियों का आविर्भाव हुआ है। अत एव यही प्राणतत्त्व वैदिक परिभाषा में अपने गतिभाव के कारण 'ऋषि' नाम से प्रसिद्ध हुआ है, जैसा कि भगवान् याज्ञवल्क्य ने कहा है—

"असद्वा इदमग्र आसीत्। तदाहुः—किं तदसदासीत्? इति। ऋषयो वाव तेऽदग्रेऽसदासीत्। के ते ऋषयः? इति। प्राणा वा ऋषयः। ते यत् पुरा-अस्मात्-सर्वस्मात्-इद-इदमिच्छन्तः-श्रमेण, तपसा-अरिषन्, तस्मात्-'ऋषयः'॥" (शत.ब्रा. ६/१/१/१)

जब कुछ न था, तो क्या था? श्रुति उत्तर देती है—उस समय 'असत्' ही तत्त्व था। असत् क्या? असत् का अर्थ तो लोक में 'अभाव' होता है। क्या यह तात्पर्य्य है कि विश्व से पूर्व कुछ भी न था? वह असत् अभावार्थक नहीं है, अपितु भावार्थक है, तत्त्वात्मक है। तो पुनः जिज्ञासा हुई कि क्या स्वरूप था उस असत् का? श्रुति ने उत्तर दिया ऋषि ही वह असत् तत्त्व था। उस ऋषि का क्या स्वरूप था? उत्तर मिला—प्राणतत्त्व का ही नाम ऋषि था। 'प्राणा वा ऋषयः'। प्राणतत्त्व जाना पहचाना हुआ अवश्य है, किन्तु इसे 'ऋषि' क्यों कहा गया? इस प्रश्न का समाधान करती हुई सर्वान्त में श्रुति कहती है कि—'ते यत् पुरा-अस्मात्-सर्वस्मात्-इदमिच्छन्तः-श्रमेण-तपसा-अरिषन् तस्मात्-'ऋषयः'।

यह प्राणतत्त्व ही क्योंकि सृष्टिकामना से प्रेरित होकर गतिशील बना, अत एव—'रिषति गच्छति गतिशीलो भवति' इस निर्वचन से इस प्राण का तात्त्विक नाम हो गया—'ऋषि'। अर्थात् प्रजापति ने इसी प्राण को गतिशील बनाते हुए इसके द्वारा सम्पूर्ण सृष्टिस्वरूप की कामना की। इसी गतिभाव के कारण यह प्राणतत्त्व ऋषि नाम से प्रसिद्ध हुआ। तो 'यत्' और 'जू' में प्राणात्मक 'यत्' भाग ही वह मौलिक वेदतत्त्व है, जिसे हम असल्लक्षणऋषि कह सकते हैं। यही तत्त्वात्मक प्रथम ऋषि है। इस ऋषिप्राण को,

प्राणात्मक ऋषि को, वेद 'असत्' 'सत्' इत्यादि नामों से व्यवहृत करता है। जिस प्राण से सृष्टि का उपक्रम होता है, जिन प्राणों के रासायनिक सम्मिश्रण से मैथुनीसृष्टि का आरम्भ होता है, सर्वप्रथम सद्रूप अत एव 'असत्' नाम से प्रसिद्ध उन्हीं प्राणों का नाम तत्त्व-ऋषि है।

विरूपास इदृषयस्त इदुगम्भीरवेपसः (ऋग्वेद मं. १०/६२/५) इत्यादि मन्त्रवर्णक के अनुसार इन ऋषिप्राणों के अनेक विभाग हैं। इस प्राणानन्त्य से ही तद्रूप वेद अनन्त माने गए हैं।[1] इसी प्राणानन्त्य से विश्व-पदार्थों में वैचित्र्य उपलब्ध हो रहा है। प्राणात्मिका इस ऋषिविद्या का नाम ही वेदविद्या है, जिसका कि शब्दात्मक वेदशास्त्र में विश्लेषण हुआ है। इसी सम्बन्ध में यह भी स्मरण रखना चाहिए कि एक-एक प्राण जहाँ 'ऋषि' शब्द से व्यवहृत होता है, वहाँ अनेक प्राणों की समष्टि को 'पुरुष' नाम से व्यवहृत किया गया है, जैसा कि 'सप्तपुरुषपुरुषात्मक प्रजापति' के तात्त्विक स्वरूप से स्पष्ट है।

इन्हीं सृष्टिप्रवर्त्तक तत्त्वात्मक ऋषियों को 'दिव्यर्षि-वेदर्षि-देवर्षि-पुराणर्षि' इत्यादि विविध नामों से सम्बोधित किया गया है। प्राणात्मक ऋषि के आधिभौतिक, आधिदैविक एवं आध्यात्मिक भेद से तीन विवर्त्त हो जाते हैं। आधिदैविक मण्डलोपलक्षित हिरण्यगर्भमण्डल में ये ऋषिप्राण 'मनु' तत्त्व को केन्द्र बना कर इतस्ततः रश्मिरूप से व्याप्त रहते हैं। हिरण्यगर्भमण्डल से सम्बन्ध रखने वाले ये मानव-प्राण दस भागों में विभक्त होने से विराट् पुरुष के स्वरूप-सम्पादक माने गए हैं। इसी प्रकार अध्यात्मजगत् में ये ही प्राण मन को आधार बना कर सर्वाङ्ग शरीर में व्याप्त रहते हैं। एवमेव आधिभौतिक पदार्थों में भूताग्नि से उपलक्षित अङ्गिरोऽग्नि को आधार बना कर ये ऋषिप्राण अपने विस्तार में समर्थ होते हैं। आधिभौतिक पदार्थों से सम्बन्ध रखने वाले, पिण्डस्वरूप-सम्पादक पिण्ड के आधारभूत अङ्गिरा नामक प्राणाग्नि को आधार बना कर रश्मिवत् इनके चारों ओर वितत रहने वाले इन्हीं प्राणों को लक्ष्य में रखते हुए कहा जाता है—
'तेऽङ्गिरसः सूनवः, तेऽग्नेः परिजज्ञिरे (ऋक् सं. १/६२/५)

इन तीनों विवर्त्तों से सम्बन्ध रखने वाले अनन्त ऋषिप्राणों का न तो यहाँ परिचय ही कराया जा सकता एवं न उनके तात्त्विक स्वरूप का विश्लेषण ही सम्भव है। यह तो प्रश्नोपनिषदादि में सुविशद रूप से निरूपित वैदिक 'प्राणविद्या' का ही एक स्वतन्त्र विषय है। प्रकृत में संदर्भसङ्गतिमात्र की दृष्टि से इस सम्बन्ध में यही निवेदन कर देना है कि

1. अनन्ता वै वेदाः। —तै. ब्रा.

'ऋषि' शब्द की मुख्य व्याप्ति असल्लक्षण उस मौलिक प्राण से ही सम्बन्ध रखती है जो कि मौलिक प्राण पञ्चतन्मात्राओं के उत्पादक बनते हैं। भौतिक धातुवर्ग उत्पन्न होता है, तेजोमात्राओं का विकास होता है, सर्वविध बलों का विकास होता है, यच्चयावत् संज्ञाकर्म्म तथा चेष्टाकर्म्मों का सञ्चालन होता है, प्रज्ञामात्रा का उदय होता है। पितर-देवता-असुर, कहाँ तक गिनाएँ, 'अस्ति' नाम से व्यवहृत करने योग्य विश्व में जो कुछ है, सब की मूलप्रतिष्ठा, सबका प्रभव-प्रतिष्ठा-परायण, सबका उक्थ-ब्रह्म-सामात्मक आत्मा यही ऋषिप्राण है। प्राण से ही सृष्टि का विकास हुआ है, प्राणाधार पर ही विश्व प्रतिष्ठित है, प्राण ही सबकी विलयनभूमि है। यह प्राण वही आपका ऋक्-सामावच्छिन्न यजुः प्राण है, जो कि उपाधिभेद से अनन्त रूपों में परिणत होता हुआ वैचित्र्योपलक्षित आनन्त्य का आधार बन रहा है। 'भृगु-वसिष्ठ-कश्यप-जमदग्नि-अत्रि-मरीचि-पुलस्त्य-पुलह-क्रतु-दक्ष-अङ्गिरा-बृहस्पति-अगस्त्य-विश्वामित्र' आदि-आदि जितने भी ऋषिनाम हम सुनते आ रहे हैं—वे सब प्रधान रूप से प्राणात्मक ऋषितत्त्वों के ही नाम हैं। इन प्राणों के सन्निवेशतारतम्य से ही आधिदैविक-आध्यात्मिक-आधिभौतिक विवर्त्तों में विशेष प्रकार के स्वरूप परिवर्तित होते रहते हैं। यदि आप इन प्राणों का यथावत् परिज्ञान प्राप्त करने की क्षमता रखते हैं; यदि प्राणस्वरूप से आप परिचित हैं, साथ ही इनके रासायनिक-सम्मिश्रणात्मक विधि-विधानों से भी परिचत हैं, तो अवश्य ही आप भी सृष्टिकर्म्म के सञ्चालक बन सकते हैं। बने हैं पूर्व युगों में इस प्रकार की यज्ञविद्या के निष्णात यहाँ के महर्षि! जड पदार्थों को चेतनभाव में परिणत कर डालना, मूर्ख को विद्वान् बना देना, विद्वान् को मूर्ख बना देना, अश्व को मनुष्यभाव में परिणत कर देना, मानव को पशुभाव में परिणत कर देना, घन पदार्थ को तरलावस्था में, तरल को वाष्पावस्था में परिणत कर देना, ये सब कुछ असम्भव कल्पनाएँ इस प्राणविज्ञानात्मिका 'ब्रह्मविद्या' से सर्वथा सम्भव हैं, जिस सम्भावना का—"ब्रह्मविद्यया ह वै सर्वं भविष्यन्तो मन्यन्ते मनुष्याः" (शत.ब्रा.) इत्यादि श्रुति बड़े आवेश के साथ समर्थन कर रही है।

आधिदैविक-आध्यात्मिक-आधिभौतिक संस्थाओं से सम्बन्ध रखने वाले भृग्वङ्गिरा आदि प्राणों के कुछ-एक उदाहरण यहाँ भी उद्धृत कर दिये जाते है। स्थालीपुलाकन्याय से श्रोताओं को यह स्वीकार कर लेना पड़ेगा कि अवश्य ही ऋषि शब्द की व्याप्ति प्राणतत्त्व से ही सम्बन्ध रखती है। सर्वप्रथम क्रमप्राप्त आधिदैविक ऋषिप्राण का ही निदर्शन सामने रखिए। 'मत्स्य-वसिष्ठ-अगस्त्य'—इन तीन प्राणों का

एक स्वतन्त्र विभाग माना गया है एवं 'भृगु-अङ्गिरा-अत्रि' इन तीनों प्राणों का एक स्वतन्त्र विभाग माना गया है। मत्स्यादि प्रथम प्राणत्रयी का विकास क्योंकि 'द्रोणकलश' से हुआ है, अत एव इन्हें 'कुम्भोद्भव' (घट-सोमकलश से उत्पन्न होने वाले) कहा गया है। कुम्भ एक प्रकार का 'मान' अर्थात् परिमाण है, इसी आधार पर इन्हें 'मान्य' भी कहा गया है। कुम्भ के जिस प्रदेश को मूल मान कर इन तीनों प्राणों का विकास हुआ है, वही मित्र-वरुण नाम के प्राण भी प्रतिष्ठित हैं; अत एव इन्हें 'मैत्रावरुण' भी मान लिया गया है। इसी कुम्भप्रदेश में आपोमय सौम्य अप्सराप्राण प्रतिष्ठित है, इसी आधार पर इन्हें 'अप्सरापुत्र' भी मान लिया गया है। इस प्रकार 'कुम्भोद्भव-मान्य-मैत्रावरुण-अप्सरापुत्र' इन चार नामों से यत्र-तत्र पुराणों में एवं स्वयं वेदशास्त्र में प्रसिद्ध यह प्राणत्रयी भिन्न-भिन्न कर्म्मों की अधिष्ठात्री बन रही है।

इसी प्राणत्रयी के उद्गम के सम्बन्ध में पुराणों में इस आशय का एक आख्यान आता है कि—"एक बार प्रजापति सोमयज्ञ में तल्लीन थे। यज्ञ आरम्भ हो चुका था, यज्ञाहुतिसाधक सोमरस द्रोणकलश में सम्पन्न था। इस यज्ञ को देखने के लिए उर्वशी अप्सरा भी आई हुई थी। संयोगवश मित्र और वरुण देवता भी यज्ञ देखने उपस्थित हुए। उर्वशी को देख कर इनका रेतःस्खलन हो गया। मित्रावरुण का स्खलित रेत द्रोणकलश में बाहर-भीतर जा गिरा। जो रेतोभाग कलश के भीतर गिरा, उससे तो 'मत्स्यऋषि' उत्पन्न हुए। जो भाग कलश के उत्तरभाग में गिरा, उससे 'वशिष्ठऋषि' का प्रादुर्भाव हुआ एवं जो भाग कलश के दक्षिण भाग में गिरा, उससे 'अगस्त्यऋषि' का आविर्भाव हुआ। इस प्रकार उर्वशी के निमित्त से स्खलित मित्रावरुण के रेत से सोमकलश में ये तीन ऋषि हुए"[१]।

प्राण के उक्त आख्यान का वैज्ञानिक रहस्य न जानने के कारण यदि कोई विद्वान् इन आख्यानों के सम्बन्ध में अपनी भ्रान्त कल्पना कर बैठता है, तो विशेष आश्चर्य्य नहीं होता। आश्चर्य्य तो उस समय होता है, जब वैदिक-साहित्य की अनन्यनिष्ठा का अनुगमन करने वाले भारतीय भी इन पौराणिक रहस्यात्मक नैदानिक आख्यानों को 'गपोड़ा' मानने की भयानक भ्रान्ति करते हुए अपने आपको प्रायश्चित्त का अनुगामी बना लेते हैं। सम्भवतः इन वेदभक्त महाभागों (महाशयों) को यह विदित नहीं है कि प्राणत्रयी की उत्पत्ति के सम्बन्ध में पुराण ने जो कुछ कहा है, वे आख्यान ठीक उन्हीं शब्दों में सूत्ररूप से स्वयं वेदसंहिता में भी उपवर्णित हैं—देखिए ऋग्वेद मं. ७/३३/मन्त्र १० से १३ तक)।

प्रकृत आख्यान की मीमांसा कीजिए—

सौर संवत्सरयज्ञ ही संवत्सरप्रजापति का महायज्ञ है। संवत्सरयज्ञमण्डलावच्छिन्न खगोल ही द्रोणकलश (सोमकलश) है। इस विशाल खगोल (अन्तरिक्ष) में व्याप्त दिक् सोम से यह कलश परिपूर्ण है। अहोरात्र के भेद से खगोल के पूर्वकपाल एवं पश्चिमकपाल भेद से दो विभाग हो रहे हैं; जिनका विभाजक याम्योत्तरवृत्त है। उभयकपालावच्छिन्न सांवत्सरिक सौरप्राण की अहः तथा रात्रि भेद से 'मित्र-वरुण' नाम की दो अवस्थाएँ वेद में सुप्रसिद्ध हैं। अहःकालावच्छिन्न वही सौरप्राण पार्थिव प्रजा से युक्त रहता हुआ 'मित्र' कहलाने लगता है एवं रात्रिकालावच्छिन्न वही सौरप्राण पार्थिवप्रजा से वियुक्त रहता हुआ 'वरुण' कहलाने लगता है। ये अहोरात्र सूर्य्योदयास्त से सम्बन्ध न रख कर याम्योत्तरवृत्त से ही सम्बन्ध रखते हैं, क्योंकि दक्षिण-उत्तर ध्रुव से ही भातिसिद्ध वृत्तों की कल्पना हुई है। संख्या में ये याम्योत्तरवृत्त ३६० माने गए हैं, इन वृत्तों की प्रतिष्ठा आन्तरिक्ष्य आपोमय समुद्र है। आपोमय समुद्र में सञ्चार करने से ही इन वृत्तों को 'अप्सरा' (अप्सु सरन्ति) कहा गया है। इन्हीं अप्सरावृत्तों से दिक् का विभाजन होता है—अत एव दिशाओं को भी अप्सरा मान लिया गया है जैसा कि श्रुति कहती है—

''पुञ्जिकस्थला च क्रतुस्थला चाप्सरसौ-इति
दिक्-चोपदिशा चेति स्माह माहित्थिः ॥'' (शत.ब्रा. ८/६/१/१६)

शतपथ ब्राह्मण में १० अप्सराओं का वर्णन है—१. पुञ्जकस्थला २. ऋतुस्थला ३. मेनका ४. सहजन्या ५. प्रनुम्लोचन्ती ६. अनुम्लोचन्ती ७. विश्वाची ८. घृताची ९. उर्वशी १०. पूर्वचिति। (शत.ब्रा. ८/६/१)।

इन सभी दसों अप्सराओं में उर्वशी वह अप्सरा अर्थात् वह याम्योत्तरवृत्त है, जिसके कि दो विभाग माने गए हैं। मित्रप्राणावच्छिन्न अहःकाल पूर्वकपाल कहलाएगा और वरुणप्राणावच्छिन्न रात्रिकाल पश्चिम कपाल माना जाएगा। इन दोनों कपालों का विभाजक मध्याह्नवृत्त ही 'उर्वशी अप्सरा' है।

अहःकाल में व्याप्त मित्रप्राण आङ्गिरस होने से 'आग्नेय' है एवं रात्रिकाल में व्याप्त वरुणप्राण भार्गव होने से 'आप्य' है। संवत्सरात्मक प्राजापत्य यज्ञमण्डल में पूर्व-पश्चिम कपाल की सन्धि में ये दोनों आग्नेय आप्य प्राण प्रतिष्ठित हैं। संवत्सरमण्डल ही सोमपरिपूर्ण कलश है। मध्याह्न वृत्त ही उर्वशी है। इसको निमित्त बना कर इसी कलश में

मित्र के आग्नेय वीर्य्य की तथा वरुण के आप्य वीर्य्य की आहुति होती है। आहुत प्राणद्वयी से इस कुम्भ में शीतवीर्य्य-उष्णवीर्य्य-अनुष्णशीतवीर्य्य भेद से तीन नवीन यौगिक प्राणों का आविर्भाव हो जाता है। शीतवीर्य्यप्राण सोमप्रधान हैं, कुम्भ के उत्तरभाग में प्रतिष्ठित हैं—ये ही प्राण 'वसिष्ठ' नाम से प्रसिद्ध हैं। इसके लिए—'आपवाः'-'अप्सवाः'-'वसिष्ठाः' ये तीन शब्द प्रधान रूप से प्रयुक्त हुए हैं। वृष्टि करना; पानी और मिट्टी के रासायनिक सम्मिश्रण को दृढमूल बनाते हुए, पानी को घनावस्था में परिणत करते हुए पानी को कालान्तर में मिट्टी बना डालना इसी वसिष्ठ प्राण की महिमा है। क्योंकि इसकी प्रधानता उत्तर में है अत एव उत्तरप्रदेश में क्रमशः भूभाग वृद्धिगत है।

उष्णवीर्य्य अग्निप्रधान है एवं कुम्भ के दक्षिणभाग में इसकी प्रधानता है। ये ही उग्र आग्नेय प्राण 'अगस्त्य' नाम से प्रसिद्ध हैं। पानी का शोषण करना अगस्त्यप्राण का मुख्य कार्य है, जिसके कि सम्बन्ध में पुराण का अगस्त्यसम्बन्धी 'समुद्रशोषण' आख्यान सर्वप्रसिद्ध है।

अनुष्णशीतवीर्य्यप्राण कुम्भ के मध्य में (मध्याकाश में) अपनी प्रधानता रखते हैं। इन्हीं को 'मत्स्य' कहा जाता है। यही वैदिक परिभाषा में 'याम्यमत्स्य' नाम से भी प्रसिद्ध है। मिट्टी को स्वस्वरूप से प्रतिष्ठित रखना ही इनका मुख्य कर्म्म है।

वसिष्ठ मिट्टी के प्रवर्त्तक हैं, मत्स्य मिट्टी के रक्षक हैं और अगस्त्य मिट्टी को संहत बना कर इसे घन (पाषाण) रूप प्रदान करने वाले हैं। निष्कर्ष यही हुआ कि मित्रावरुण के आग्नेय-आप्य वीर्य्यों के समन्वय से आधिदैविकमण्डलोपलक्षित संवत्सरजगत् में वसिष्ठ-अगस्त्य-मत्स्य नामक तीन प्राण आविर्भूत हो जाते हैं।

अब आधिभौतिक असत् प्राण के उदाहरण पर दृष्टि डालिए। 'भृगु-अङ्गिरा-अत्रि' इन तीनों का आधिदैविक स्वरूप जहाँ स्नेहतेजधामच्छद-भावों का प्रवर्त्तक बना हुआ है, वहाँ इनके आधिभौतिकरूप से अर्चि-अङ्गार-पारदर्शकताप्रतिबन्धकत्व, इन तीन भावों की स्वरूपरक्षा हो रही है। एक प्रज्वलित काष्ठ को लीजिये। इसका जितना 'ज्वाला' भाग है, वह भृगुप्राणमय है। भृगुप्राण (स्नेहात्मक सौम्यप्राण) के सहयोग से ही ज्वाला का स्वरूप सुरक्षित है। दहकता हुआ अङ्गार अङ्गिराप्राणमय है एवं ज्वाला तथा अङ्गार की प्रतिष्ठारूप स्वयं काष्ठपिण्ड अत्रिप्राणमय है। एक चमत्कार और देखिए। प्रथम बार जब आप काष्ठ जलाएँगें, उस समय प्राथमिक अङ्गार का प्राण अङ्गिरा कहलाएगा। यदि

आप उस अङ्गार को बुझा कर पुनः दुबारा प्रदीप्त करेंगे, तो अब वह प्राण द्वितीयावस्था में आता हुआ 'बृहस्पति' नाम से प्रसिद्ध होगा और यह वंशपरम्परा २१ सीमापर्य्यन्त चलेगी। इसी आधार पर 'एकविंशिनोऽङ्गिरसः' यह सिद्धान्त स्थापित हुआ है। इस प्रकार थोड़े से तारतम्य से प्राणविपर्य्यय हो जाया करता है। अङ्गिरा तथा भृगु की इसी आधिभौतिक-व्याप्ति को लक्ष्य में रख कर ऋषि ने कहा हैं—

''अर्चिषि भृगुः सम्बभूव, अङ्गारेष्वङ्गिराः सम्बभूव। अथ यदङ्गारा अवशान्ताः पुनरुददीदप्यन्त-अथ बृहस्पतिरभवत्'' (ऐतरेय ब्राह्मण-३/३४)

अब क्रमप्राप्त आध्यात्मिक असत् प्राणों का भी उदाहरण-विधि से अनुमान लगा लेने का अनुग्रह कीजिए। केवल शिरःप्रदेश में सप्तर्षिप्राण व्याप्त रहता है। इन सात ऋषिप्राणों में से छः ऋषिप्राण तो यमज, अर्थात्–जोड़ले हैं, जुड़वां हैं एवं एक प्राण एकाकी है। दो श्रोत्रप्राण, दो नासाप्राण, दो चक्षुःप्राण, ये छः तो यमज हैं, सातवां वाङ्मय प्राण एकाकी है। शिरःकपाल एक ऐसा चमस अर्थात् कटोरा है, जिसका पैंदा तो ऊपर है एवं जिसका बिल भाग नीचे की ओर है। इस अर्वाग्बिल ऊर्ध्वबुध्न चमस के तीर भाग में (प्रान्त भाग में) ये सात आध्यात्मिक 'ऋषिप्राण' प्रतिष्ठित हैं। निम्नलिखित मन्त्र श्रुतियाँ इसी आध्यात्मिक सप्तक का स्पष्टीकरण कर रही हैं—

१. **साकञ्जानां सप्तथमाहुरेकजं षडिद्यमा ऋषयो देवजाः।**
तेषामिष्टानि विहितानि धामशः स्थात्रे रेजन्ते विकृतानि रूपशः॥
—ऋक् सं. १/१६४/१५

२. **अर्वाग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्नस्तस्मिन् यशो निहितं विश्वरूपम्।**
तस्यासतऽऋषयः सप्त तीरे वागष्टमी ब्रह्मणा संविदाना॥
—शत. १४/५/२/४

३. **इमावेव गोतमभरद्वाजौ। अयमेव गोतमः, अयं भरद्वाजः। इमावेव विश्वामित्रजमदग्नी। अयमेव विश्वामित्रः, अयं जमदग्निः। इमावेव वसिष्ठकश्यपौ। अयमेव वसिष्ठः, अयं कश्यपः। वागेवात्रिः। वाचा ह्यन्नमद्यते। 'अत्ति' ह वै नामैतद्यदत्रिरिति। सर्वस्यात्ता भवति; सर्वमस्यान्नं भवति, य एवं वेद।** (शत. १४/५/२/६)।

इसके अतिरिक्त आध्यात्मिक जगत् में प्रतिष्ठित विविध वृत्तियों का सञ्चालन भी

इन्हीं असत्प्राणों के आधार पर प्रतिष्ठित है। अङ्गिराप्राण से 'कर्म्मप्रवणता' उत्पन्न होती है। जिसका अङ्गिराप्राण मूर्च्छित रहता है, वह सर्वथा अकर्म्मण्य, आलसी बना रहता है। वसिष्ठप्राण से 'ओजस्विता' का उदय होता है। जिसका वसिष्ठप्राण अभिभूत रहता है, उसका मुख कान्तिहीन, उदासीन बना रहता है। अत्रिप्राण से 'अनसूया' वृत्ति का उदय होता है। जिसमें अत्रिप्राण मूर्च्छित होता है, वह सदा दूसरों की निन्दा किया करता है, परदोषदर्शन का अनुगामी बना रहता है। पुलस्त्यप्राण से 'घातक' वृत्ति का साम्राज्य रहता है। ऋतुप्राण से 'अध्यवसाय' वृत्ति जागरूक बनी रहती है। दक्षप्राण 'व्यवसायबुद्धि' का अनन्य प्रवर्त्तक माना गया है। कश्यपप्राण 'पुरन्ध्रिता' तथा 'प्रजावात्सल्य' का आधार माना गया है। जिसका कश्यपप्राण मूर्च्छित रहता है, न तो वह प्रजासन्तति का ही पात्र बनता और न उसकी वृत्ति में वात्सल्य का ही उदय होता। विश्वामित्रप्राण से 'आयुःस्वरूप-रक्षा' तथा 'दृढ़ता' का उदय होता है। भृगुप्राण से 'विद्याप्रवणता' का आविर्भाव होता है। अगस्त्यप्राण से 'परोपकारवृत्ति' जागरूक बनती है। मरीचिप्राण से 'स्वेदोत्पत्ति' तथा 'स्वभावमार्द्दव' का उदय होता है। निदर्शनमात्र है। हमारी आध्यात्मिक-संस्था में जितने भी उच्चावचभाव प्रतिष्ठित हैं, सबकी मूलप्रतिष्ठा ये ही असत्प्राण हैं। प्राणों के तारतम्य और विशेषता से ही प्राणियों की वृत्ति में तारतम्य एवं विशेषताएँ उत्पन्न होती हैं एवं असल्लक्षण ऋषिप्राण का यही सङ्क्षिप्त स्वरूप-निदर्शन है।

अब क्रमप्राप्त 'रोचनालक्षण' ऋषिशब्द की भी मीमांसा कर लेना उचित होगा। सुप्रसिद्ध नाक्षत्रिक ऋषि ही रोचनालक्षण ऋषि हैं। खगोल में जितने भी नक्षत्र हैं, वे सब भिन्न-भिन्न प्राणों की प्रतिकृतियाँ हैं। भूतपिण्डात्मक जिस नक्षत्र में जिस प्राण की प्रधानता है, वह नक्षत्र उसी प्राण के नाम से प्रसिद्ध हो रहा है। सृष्टिप्रवर्त्तकत्वेन इनका यदि असल्लक्षण प्राणों में अन्तर्भाव कर लिया जाता है, तो दोनों के दो स्वतन्त्र विभाग न होकर एक ही विभाग रह जाता है। असल्लक्षण प्राण जिस प्रकार विविध सृष्टियों के प्रवर्त्तक बनते हैं, एवमेव ये नाक्षत्रिक प्राण भी सृष्टिकर्म्म में प्रधान सहायक बनते रहते हैं। 'निदानविद्या' की मूलप्रतिष्ठा ये ही नाक्षत्रिक ऋषि बनते हैं। 'भचक्र' में प्रतिष्ठित तत्तन्नक्षत्रों के तत्तत् प्राणधर्म्मों के आधार पर कल्पित आख्यान बनाए गए हैं, जो कि नाक्षत्रिक-आख्यान पुराणोक्त अष्टविध आख्यानों में से 'असदाख्यान' अर्थात् कल्पित कथा नाम से प्रसिद्ध हैं। जो महानुभाव पौराणिक आख्यानों को एकान्ततः काल्पनिक समझते हैं, हम समझते हैं—वे भ्रान्त हैं। उन्हें स्मरण रखना चाहिए कि आध्यात्मिक, आधिदैविक,

आधिभौतिक, आध्यात्मिकाधिदैविक, आध्यात्मिकाधिभौतिक, आधिदैविकाधिभौतिक, आध्यात्मिकाधि-दैविकाधिभौतिक ये सात आख्यान तो सर्वथा सदाख्यान हैं। केवल एक विभाग अवश्य ही पुराणों में ऐसा है, जिसके पात्र, चरित्र आदि सब कल्पित हैं। स्वयं पुराणाचार्य्यों ने इन कल्पित कथाओं के सम्बन्ध में यह स्पष्ट कर दिया है कि इनके पात्रादि कल्पित हैं। जिसे न समझने के कारण ही पुराण के इन असदाख्यानों के सम्बन्ध में अज्ञजन कितनी ही प्रकार की मिथ्या कल्पनाएँ करने लग जाते हैं। 'पुराणरहस्य' (एतन्नामक ग्रन्थ) में इन सब विषयों का विशदरूप से विश्लेषण करने की चेष्टा हुई है। काल्पनिक कथाएँ काल्पनिक अवश्य हैं—परन्तु इनके द्वारा जिस सत्य-तात्त्विक रहस्य का बोध कराया जाता है, वह एक अलौकिक वस्तु है।

उपायाः शिक्षमाणानां बालानामुपलालनाः।
असत्ये वर्त्मनि स्थित्वा ततः सत्यं समीहते॥ —वाक्यपदीय

भगवान् भर्तृहरि के द्वारा निर्दिष्ट इस शिक्षणपद्धति के सर्वोच्च सिद्धान्त के प्रथम आविष्कारक महर्षियों ने बालबुद्धियों की प्ररोचना करते हुए अञ्जसा सरल पद्धति से तत्तत् तत्त्वबोधशिक्षणार्थ ही इन असत्-कथाओं का सर्जन किया है। प्ररोचना अर्थात्—मन बहलाव के साथ-साथ नाक्षत्रिकविद्या-परिज्ञान, लोकराजनीतियों का स्पष्टीकरण, तन्माध्यम से सामयिक शिक्षाओं का स्पष्टीकरण आदि अनेक प्रयोजन इन कथाओं के गर्भ में प्रतिष्ठित हैं। उदाहरण के लिए एक आख्यान, जिसके द्वारा तदनुबन्धी आकाश के नक्षत्रों का स्वरूप भलीभाँति मानव की दृष्टि के सम्मुख उपस्थित हो जाता है, यहाँ उदाहरण के रूप में उपस्थित हो रहा है। केवल इस एकमात्र उदाहरण से ही अवश्यमेव यह अनुमान लगाया जा सकेगा कि असदाख्यानुबन्धी यह नाक्षत्रिक आख्यान अवश्य ही गहन तत्त्वों का स्पष्टीकरण करते हुए भारतीय प्रज्ञा के लिए बड़े ही उपयोगी है।

''एक बार प्रजापति अपनी कन्या के पीछे अनुधावन करने लगे। हरिणी बन कर दौड़ती हुई कन्या का प्रजापति ने हरिण बन कर अनुधावन किया। देवताओं ने यह दृश्य देखा और निश्चय किया कि प्रजापति अनुचित कर्म्म कर रहे हैं। देवताओं ने अपनी मण्डली में ऐसे व्यक्ति की खोज की जो प्रजापति को दण्ड दे सके। परन्तु उन्हें अपने में एक भी व्यक्ति इस योग्य प्रतीत न हुआ। अन्ततो गत्वा देवताओं ने अपने घोरतम भाग को (क्रोधाग्नि को) एक स्थान पर सञ्चित किया। वही सञ्चित तेजोभाग 'नीलकण्ठ'

नामक रुद्रदेवता कहलाए। यही 'भूतवत्' अर्थात् भूतपति नाम से भी प्रसिद्ध हुए। (अपने सञ्चित क्रोध से उत्पन्न क्रोधमूर्ति) इस देवता को देवताओं ने कहा कि प्रजापति अनुचित कर्म्म कर रहे हैं, आप इन्हें अपने शर से बींध डालिए। रुद्र कहने लगे कि "यदि मैं यह कर्म्म करूँगा, तो मैं पशुपति माना जाऊँगा"। यह सन्धि तुम्हें स्वीकार हो, तो मैं तुम्हारा कार्य्य कर सकता हूँ। सन्धि देवताओं के द्वारा स्वीकृत हुई। पशुपति भगवान् ने त्रिकाण्ड शर का प्रयोग किया। प्रजापति का मस्तक कट कर पृथक् जा गिरा। वही 'मृग' (मृगशिरा) नाम से प्रसिद्ध है। स्वयं रुद्रदेवता 'मृगव्याध' अर्थात् मृग को मारने वाले शिकारी नाम से प्रसिद्ध हैं। रोहिणी ही प्रजापति की दुहिता है। त्रिकाण्ड नक्षत्र ही रुद्र के हाथ से निकला हुआ शर (तीर) है।"

हम इस स्वल्पकाय वक्तव्य में इस कथानक के 'प्रजापतिर्वै स्वां दुहितरमभ्यध्यायत्' के रहस्यपूर्ण मार्म्मिक लक्ष्य को पूरा न कर सकेंगे। यहाँ केवल नक्षत्रसंस्थान ही बतला कर यह आख्यान उपसंहत किया जा रहा है। नक्षत्रसंस्थान को पहचानने वाले, नक्षत्रों के विविध संस्थान-क्रम से सुपरिचित श्रोताओं को यह विदित होगा कि द्युप्रदेश में अर्थात् आकाशप्रदेश में 'कृत्ति' के आकार का (नापित के छुरे का आकार का) सुप्रसिद्ध आग्नेय 'कृत्तिका' नक्षत्र है। इस कृत्तिका नक्षत्र से कुछ पूर्व की ओर 'लुब्धक' नाम से प्रसिद्ध नीलकण्ठ महादेव से पश्चिम, शशलाञ्छन-लक्षण 'चन्द्रमानक्षत्र' तथा श्यावशबल नामक श्वाननक्षत्रों से उत्तर, 'पुनर्वसु' नामक दो नक्षत्रों से उत्तर, इतने द्युप्रदेश में जितने अवान्तर नक्षत्र हैं, उन सबको आधार बना कर ही पूर्वाख्यान की सृष्टि हुई है। द्युप्रदेश से उपलक्षित सुप्रसिद्ध रोहिणी नक्षत्र को लेकर भी इस कथा का समन्वय किया जा सकता है एवं उषःकालोपलक्षित 'औषसी' को लेकर भी समन्वय किया जा सकता है। इसी आधार पर श्रुति ने कहा है—'दिवमित्यन्ये आहुः, उषसमित्यन्ये' कृत्तिका नक्षत्र से (कुछ ही) पूर्व दिशा में शकटाकार (इंग्लिश A के अक्षर जैसा) रक्तवर्णात्मक, पञ्चतारात्मक एक नक्षत्र है। रोहित (लोहित) वर्ण होने से ही इसे 'रोहिणी' कहा गया है। तन्त्रशास्त्र के मतानुसार यही दशमहाविद्याप्रकरण की 'कमला' अर्थात् लक्ष्मी है। इसके दर्शन से भाग्यवृद्धि मानी गई है शकुनशास्त्रों के आचार्य्यों ने। अभ्युत्थानलक्षण आरोहणधर्म्म से भी इसे 'रोहिणी' कहना अन्वर्थ बनता है। इस रोहिणी नक्षत्र से ठीक षड्भान्तर पर अर्थात् 180 अंश पर समसम्मुख दक्षिणाकाश में वृश्चिकराशि से सम्बन्ध रखने वाला एक ज्योतिर्म्मय नक्षत्र और है, जो कि 'ज्येष्ठा' नाम से प्रसिद्ध है। तन्त्रशास्त्र में इसी को 'धूमावती' अर्थात्

अलक्ष्मी माना गया है। यही अवरोहिणी-लक्षणा निर्ऋति देवता है, दरिद्रा है। इसका दर्शन अशुभ माना गया है। जो इस नक्षत्र से उत्पन्न होता है, वह भाग्यहीन शान्ति की अपेक्षा रखने वाला माना गया है।

रोहिणी नक्षत्र से ईशानकोण की ओर 'ब्रह्महृदय' नामक जो नक्षत्र है, वह प्रजापति का भग्नशरीर है। रोहिणी नक्षत्र से पूर्वस्थ मृगपशुमस्तकाकृतिरूप मृगशिरा-नक्षत्र प्रजापति का भग्न मस्तक है। इस मस्तकरूप मृगशिरा-नक्षत्र में तीन तेजस्वी तारों का सम्बन्ध हो रहा है। यही रुद्र के हाथ से निकला हुआ सुतीक्ष्ण शर है—बाण है। रोहिणी नक्षत्र से पूर्व अग्निकोण की ओर महातेजस्वी, नीलवर्ण का जो एक चमत्कारपूर्ण लक्षण है—वही 'लुब्धक' नाम से प्रसिद्ध है। जो विद्युत्वत् अपनी प्रचण्ड छटा से द्रष्टाओं को सदा अपनी ओर आकर्षित किया करता है, यही नीलकण्ठ महादेव है। सूर्यताप जिस वस्तु को चतुर्विंशति अहोरात्रों में द्रुत करता है, लुब्धकताप उसे क्षणमात्र में भस्मसात् करने की शक्ति रखता है—ऐसी धारणा है। दुर्भाग्य से यदि कहीं सूर्य लुब्धक के सन्निकट पहुँच जाए, तो सूर्य क्षणमात्र में वाष्परूप बनकर उत्क्रान्त हो सकता है। जिस प्रकार उदुम्बरफल (गूलर के फल) में सम्पूर्ण ओषधियों का तत्त्व संगृहीत है, एवमेव लुब्धक नक्षत्र में भचक्रस्थ सम्पूर्ण नक्षत्रों का तत्त्व संगृहीत है—अत एव इसे 'पशुपति' कहना अन्वर्थ बनता है। नक्षत्रों में रहने वाले प्राण भी सृष्टिप्रवर्त्तक 'ऋषि' ही माने गए हैं। इन नाक्षत्रिक ऋषिप्राणों में से सुप्रसिद्ध 'सप्तर्षिमण्डल' तो प्रसिद्ध ही है, जो कि ध्रुव के चारों ओर अहोरात्र में एक परिक्रमा लगा लेता हैं। इन्हीं सप्तर्षियों को भालू की आकृति से युक्त रहने के कारण 'ऋक्ष' अर्थात् रींछ-भालू नाम से भी व्यवहृत किया गया है। जिस समय आग्नेय कृत्तिका नक्षत्र पर अयन-सम्पात था, उस समय इन कृत्तिकानक्षत्रों को (जो कि संख्या में सात हैं) सप्तर्षिगण की पत्नी माना जाता था, जैसा कि निम्नलिखित ब्राह्मण-श्रुति से प्रमाणित है—

> **''एकं, द्वै, त्रीणि, चत्वारीति वाऽन्यानि नक्षत्राणि। अथैता एवंभूयिष्ठाः, यत् कृत्तिकाः। एता ह वै प्राच्यै दिशो न च्यवन्ते। सर्वाणि ह वाऽन्यानि नक्षत्राणि प्राच्यै दिशश्च्यवन्ते। ऋक्षाणां ह वाऽएता अग्रे पत्न्य आसुः। सप्तर्षी नु ह स्म वै पुरर्क्षा इत्याचक्षते। अमी ह्युत्तरा हि सप्तर्षय उद्यन्ति, पुर एताः।''**
>
> —शत.ब्रा. २/१/२/२/२-४

इस सप्तर्षिमण्डल के अतिरिक्त एक दूसरा छोटा सप्तर्षिमण्डल और है, जिसका कि ध्रुवसप्तक से सम्बन्ध है। यह सप्तर्षिगण 'सप्तमाता' नाम से प्रसिद्ध है एवं यही ध्रुव की पहिचान है। इन सातों में से छः नक्षत्र तो घूमते रहते हैं, एक नक्षत्र घूमता प्रतीत नहीं होता, अत एव इसे 'ध्रुव' कह दिया जाता है। वस्तुतः ध्रुव किसी नक्षत्र का नाम नहीं है। अपितु ध्रुव तो एक निराकार वह विद्युत्प्राण हैं, जिसके आकर्षण से आकर्षित भूपिण्ड स्वाक्षपरिभ्रमण के द्वारा दैनन्दिनगति का प्रवर्त्तक बना रहता है। यह विद्युत्प्राण पार्थिव विष्वद्वृत्त की आधारभूमि बनता हुआ नाकस्थ विष्णु के चारों ओर परिक्रमा लगाया करता है। एवं इसकी यह एक परिक्रमा २५ हजार वर्ष में समाप्त होती है, जो कि अयन-परिक्रमा—'अयनपरिभ्रमण' नाम से प्रसिद्ध है। जिस समय जिस स्थान पर यह ध्रुव विद्युत्प्राण प्रतिष्ठित रहता है, वहाँ के स्थूल नक्षत्र को (परिचय के लिए) ध्रुव नाम दे दिया जाता है। इसी सामान्य परिभाषा के अनुसार आज हमने ध्रुव नक्षत्र नाम से एक नक्षत्र की कल्पना कर रखी है। वस्तुतः ध्रुवनक्षत्र इन सातों से भिन्न, आठवें नक्षत्र से उपलक्षित ध्रुवप्राण है, जिसकी उपासना का द्वार सातवां स्थूल नक्षत्र बना हुआ है। यदि नियमपूर्वक ध्रुव की आराधना की जाती है, तो हमारी मेधा, श्री, सम्पत् सब की अभिवृद्धि हो जाया करती है। नियमशः ध्रुवदर्शन करना ही ध्रुवोपासना है, जिसका कि निम्नलिखित मन्त्रवर्णन से स्पष्टीकरण हुआ है—

जज्ञानः सप्त मातृभिर्मेधामाशासत श्रिये।
अयं ध्रुवो रयीणां चिकेतदा॥ —सामसंहिता पू. २/१

इनके अतिरिक्त जमदग्नि, अपांवत्स, नारद, तुम्बुरु, याम्यमत्स्य, भृगु, अङ्गिरा, आदित्य, अग्नि, वरुण, यम, निर्ऋति, बृहस्पति, सविता आदि आदि नाक्षत्रिक अनन्त ऋषिप्राण और हैं, जिनका भिन्न-भिन्न सृष्टिकर्म्मों में व्यवस्थित रूप से उपयोग हो रहा है। यही रोचनालक्षण-ऋषि का दूसरा विभाग है एवं यही ऋषि शब्द की दूसरी व्याप्ति है।

अब क्रमप्राप्त द्रष्टृलक्षण ऋषि शब्द की ओर जिज्ञासु श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। वेद का स्वरूप-विचार प्रक्रान्त है। वेदतत्त्व से अभिन्न ऋषि तत्त्व से सम्बन्ध रखने वाले असल्लक्षण ऋषि एवं नाक्षत्रिक-लक्षण ऋषि, इन दो ऋषि-विवर्त्तों का स्वरूप अब तक बतलाया गया है। तीसरा विभाग द्रष्टृलक्षण ऋषि का माना गया है। इसके सम्बन्ध में भी दो शब्द निवेदन कर देना अप्रासङ्गिक न होगा। नित्यसिद्ध

वेदतत्त्व के द्रष्टा ऋषि हैं। सर्वज्ञ, सर्ववित्, सर्वशक्ति, अव्ययक्षरानुगृहीत अक्षरप्रजापति विषय, संस्कार एवं शब्दोपाधि के भेद से ब्रह्म-विद्या-वेद, इन भावों में परिणत हो रहे हैं, जैसा कि आरम्भ में निवेदन किया जा चुका है। प्राण, देवता, भूत भौतिकादि पदार्थों का नियत कार्य्य-कारण भाव ही 'विद्या' है। नियतिः सत्य का यथार्थ स्वरूपपरिज्ञान ही विद्या है। गृहीत पूर्वाहित संस्कार से अभिनय में आने वाला (व्यक्त होने वाला) वही नियतिः सत्य विद्या है एवं गृह्यमाण धर्म्म, अर्थात् विषय से व्यक्त होने वाला वही नियतिः सत्य 'ब्रह्म' है तथा वाक् से व्यक्त होने वाला वही नियतिः सत्य वेद है। संस्कारावच्छिन्न वही सत्यज्ञान विद्या है, विषयावच्छिन्न वही सत्यज्ञान 'ब्रह्म' है एवं शब्दावच्छिन्न वही सत्यज्ञान 'वेद' है।

यद्यपि सर्वसाधारण की दृष्टि में वेद और मन्त्र शब्द परस्पर पर्य्याय बने हुए हैं। इसी साधारण दृष्टि के आधार पर मन्त्रसमष्टिलक्षण संहिताग्रन्थ को 'वेद' माना जा रहा है। परन्तु वस्तुतः वेद शब्द संज्ञी है एवं मन्त्रशब्द संज्ञा है। वेद मन्त्र नहीं है, अपितु वेद का नाम मन्त्र है। जिन मन्त्रों में जो देवता-विज्ञान प्रतिपादित है, वह नित्यसिद्ध विज्ञानतत्त्व वेद है एवं इस देवताविज्ञान का स्पष्टीकरण करने वाली शब्दराशि मन्त्र है। शब्दात्मक मन्त्र वाचक है, तत्त्वात्मक वेद वाच्य है। इस प्रकार संज्ञा और संज्ञी के भेद से यद्यपि मन्त्र तथा वेद शब्द भिन्न-भिन्न अर्थों में व्यवस्थित हैं। तथापि दोनों के अर्थात्—शब्दार्थ के औत्पत्तिक-लक्षण तादात्म्य-सम्बन्ध को लक्ष्य में रख कर मन्त्र को भी वेद कह दिया जाता है, वेद को मन्त्र शब्द से व्यवहृत कर दिया जाता है जैसा कि निम्नलिखित वचन से स्पष्ट है—

प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुद्ध्यते।
एनं विदन्ति वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदता॥

प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द भेद से प्रमाज्ञान के तीन साधन माने गए हैं। जहाँ प्रत्यक्ष तथा अनुमान-प्रमाण की गति अवरुद्ध हो जाती है, ऐसे अतीन्द्रिय तत्त्वों के सम्बन्ध में तीसरे शब्दप्रमाण का ही आश्रय लिया जाता है। उक्त वचन 'एतं विदन्ति वेदेन' से इस शब्दप्रमाण का ही दिग्दर्शन करा रहा है। इस प्रकार यहाँ का वेद शब्द शब्दरूप मन्त्रप्रमाण के अभिप्राय से ही प्रयुक्त है। यह सब कुछ ठीक होने पर भी यह सिद्धान्त-पक्ष है कि, शब्दोपपादित देवताविज्ञान 'वेद' है एवं देवताविज्ञानोपपादक शब्द मन्त्र है। इसी भेददृष्टि

को लक्ष्य में रख कर द्रष्टृलक्षण 'ऋषि' का विचार प्रस्तुत है।

जिस प्रकार वेद शब्द के अभिप्राय से प्रयुक्त होता है, एवमेव मन्त्रशब्द वेदाभिप्राय से भी प्रयुक्त हुआ है, जैसा कि 'ऋषिर्वेदमन्त्रः' इत्यादि व्यवहारों से प्रमाणित है। 'ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः'—साक्षात् कृतधर्म्माण ऋषयो बभूवुः' इत्यादि में पठित 'मन्त्र' शब्द वेदात्मक विज्ञानतत्त्व का संग्राहक बन रहा है। ऋषियों ने वेदतत्त्व को देखा है, वेदतत्त्व का साक्षात् करने से ही वे 'आप्तऋषि' कहलाए हैं। इस प्रकार वेदविद्या तथा शब्दात्मक मन्त्र दोनों में (शब्दार्थ के तादात्म्य से) सङ्करव्यवहार प्रचलित है।

अथवा स्वयं 'मन्त्र' शब्द का ही शब्द और अर्थ दोनों को वाचक समझते हुए एक दूसरी दृष्टि से विचार कीजिए। वर्णानुपूर्व्वीलक्षण शब्द तथा शब्दप्रतिपाद्य तात्त्विक देवताविज्ञानात्मक अर्थ, दोनों के लिए मन्त्रशब्द नियत है। तत्त्व को भी मन्त्र कहा जाता है,तत्त्वप्रतिपादक शब्द को भी मन्त्र माना जा सकता है। शब्दात्मक मन्त्र संहिता रूप से प्रसिद्ध है एवं तत्त्वात्मक मन्त्र का प्राणतत्त्व से सम्बन्ध है। तत्त्व और शब्द दोनों में 'व्यासज्यवृत्ति' से प्रतिष्ठित रहने वाला मन्त्रशब्द 'समुदाये दृष्टाः शब्दा अवयवेष्वपि वर्त्तन्ते' इस न्याय के अनुसार तत्त्ववेद का भी वाचक बन सकता है एवं शब्दवेद का भी वाचक माना जा सकता है। दूसरे शब्दों में—शब्दोपदिष्ट विज्ञान में निरुढ मन्त्रशब्द शब्दराशि के लिए भी प्रयुक्त हो सकता है एवं शब्दराशि-प्रतिपादित विज्ञान के लिए भी प्रयुक्त हो सकता है। 'ब्रह्म वै मन्त्रः' (शत. ७/१/१/५) इत्यादि ब्राह्मणश्रुति के अनुसार मन्त्रसमानार्थक ही 'ब्रह्म' शब्द है एवं यह ब्रह्मशब्द व्यासज्यवृत्त्या परलक्षण अर्थप्रपञ्च तथा अपरलक्षण शब्दप्रपञ्च, दोनों से युक्त रहता हुआ प्रत्येक के लिए भी प्रयुक्त होता देखा गया है, जैसा कि निम्नलिखित आर्षवचन से प्रज्ञात है—

द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये शब्दब्रह्म परं च यत्।
शाब्दे ब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति॥

निष्कर्ष यह हुआ कि वाक्यसंग्रह को भी मन्त्र कहा जा सकता है एवं तत्प्रतिपाद्य विद्यातत्त्व भी मन्त्र कहा जा सकता है। विद्यात्मक अर्थात् तत्त्वात्मक मन्त्रों का ऋषियों ने अपनी आर्षदृष्टि से साक्षात्कार किया, इसी अभिप्राय से ये मन्त्रद्रष्टा कहलाये एवं अपने दृष्ट अर्थ के आधार पर दृष्ट अर्थ के स्पष्टीकरण के लिए उन्होंने तात्त्विक वाक् के आधार पर शब्द व्यवस्थित किए। इस शब्दव्यवस्था का नाम ही वाक्यरचना कहलाया गया। इन

वाक्यरचनात्मक मन्त्रों के अभिप्राय से इन्हीं मन्त्रद्रष्टा ऋषियों को मन्त्रकृत् माना गया। जो ऋषि मन्त्रद्रष्टा अर्थात् तत्त्वद्रष्टा हुए हैं, वे ही मन्त्रकृत् कहलाए। जिन्होंने मन्त्रों का अर्थात् शब्दात्मक मन्त्रों का तात्पर्य्य भलीभाँति समझ लिया, वे 'मन्त्रवित्' कहलाए एवं जिस मन्त्र में जिस ऋषिप्राण का निरूपण हुआ, वह प्राणात्मक ऋषि 'मन्त्रपति' कहलाया। इस प्रकार दर्शन, शब्दव्यवस्थापन, वेदन, आधिपत्यादि भावों के भेद से प्राणविध तथा प्राणिविध ऋषियों के 'मन्त्रद्रष्टा-मन्त्रकृत्-मन्त्रपति-मन्त्रवित्' आदि अनेक भेद हो गए, जिनका कि निम्नलिखित वेदमन्त्रों से स्पष्टीकरण हो रहा है—

१. **यामृषयो मन्त्रकृतो मनीषिण अन्वैच्छन् देवास्तपसा श्रमेण।**
तां देवीं वाचं हविषा यजामहे सा नो दधातु सुकृतस्य लोके॥

२. **नम ऋषिभ्यो मन्त्रकृद्भ्यो मन्त्रपतिभ्यः।**
मा मा ऋषयो मन्त्रकृतो मन्त्रविदः प्राहुर्दैवीं वाचम्॥

३. **ऋषे मन्त्रकृतां स्तोमैः कश्यपोद्वर्धयन् गिरः।**
सोमं नमस्य राजानं यो जज्ञे वीरूधां पतिः॥

यदि मानव-ऋषि ही वेदमन्त्रों के कर्ता हैं, तो 'अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा' इत्यादि स्मृतियों का समन्वय कैसे होगा? इस प्रश्न की विशदमीमांसा के लिए तो स्वतन्त्र प्रकरण ही देखना चाहिए। प्रकृत में इसके सम्बन्ध में केवल यही निवेदन किया जा सकता है कि जिन मनुष्यविध आप्त महर्षियों ने तत्त्वात्मक वेद का साक्षात्कार किया, अथवा तो जो नित्य-वेद स्वयं जगदीश्वर की प्रेरणा से इन तपःपूत महर्षियों के पवित्र अन्तःकरणों में प्रस्फुटित हुआ, वही वेदतत्त्व ऋषि-दृष्टि वेद कहलाया एवं इसी अभिप्राय से इन्हें 'मन्त्रद्रष्टा' कहा गया। निम्नलिखित श्रुति-स्मृति-वचन इसी द्रष्टृलक्षण ऋषि का स्पष्टीकरण कर रहे हैं—

१. **तद्वा ऋषयः प्रतिबुबुधिरे, य उ तर्हि ऋषय आसुः।**

२. **ये समुद्रान्निरखनन् देवास्तीक्ष्णाभिरभ्रिभिः।**
सुदेवो अद्य तद्विद्याद् यत्र निर्वपणं दधुः॥

३. **अजान् ह वै पृश्नीन् तपस्यमानान् ब्रह्म स्वयम्भु अभ्यानर्षत्।**
तद् ऋषीणां ऋषित्वम्।

४. **यज्ञेन वाचः पदवीयमायंस्तामन्वविन्दन् ऋषिषु प्रविष्टाम्।**

५. **युगान्तेऽन्तर्हितान् वेदान सेतिहासान् महर्षयः।**
लेभिरे तपसा पूर्वमनुज्ञाताः स्वयम्भुवा॥

जो जिस विषय का साक्षात्कार कर लेता है, वह उस विषय का 'द्रष्टा' मान लिया जाता है। इसी को 'आप्त' अर्थात् विषयप्राप्त, लोकभाषानुसार पहुंचवान कहा जाता है। विषय विभाग स्वयं दृष्ट-अदृष्ट भेद से दो भागों में विभक्त हैं। जिन विषयों को हम अपनी इन्द्रियों से देख सकते हैं, वे सब लौकिक विषय 'दृष्ट अर्थ' हैं एवं आत्मा, परमात्मा, स्वर्ग, ऋषि पितर, देवता, प्राण आदि जिन विषयों का (भूतमर्य्यादा से अतीत होने के कारण) हम अपनी इन्द्रियों से प्रत्यक्ष नहीं कर सकते, वे सब अतीन्द्रिय विषय अलौकिक, किं वा पारलौकिक बनते हुए 'अदृष्ट अर्थ' माने गए हैं। क्योंकि पदार्थ दो जातियों में विभक्त हैं, अत एव द्रष्टा भी दो भागों में ही विभक्त मानने पड़ेंगे। लौकिक विषयों के द्रष्टा जहाँ 'लौकिक' कहलाएंगे वहाँ अलौकिक विषयों के द्रष्टा को ही 'ऋषि' नाम से व्यवहृत किया जाएगा।

द्रष्टा के दृश्यप्रपञ्च को 'भौतिक, दैविक, अतीन्द्रिय' भेद से तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है। जो मानव इन्द्रियों के द्वारा भौतिक पदार्थों के द्रष्टा बनते हैं, भौतिक विज्ञान के अन्वेषक बनते हैं, उन्हें 'आप्त' अवश्य कहा जा सकता है किन्तु उन्हें ऋषि नहीं माना जा सकता। वे ही आप्त द्रष्टा ऋषि कहलाएंगे, जो आर्पदृष्टि से दैविक तथा अतीन्द्रिय भावों का प्रत्यक्ष कर लेंगे। यही आर्षदृष्टि आर्षप्रजा में 'आर्षदृष्टि' (ऋषिदृष्टि) नाम से प्रसिद्ध है, जो कि सर्वसाधारण में नहीं हुआ करती। पूर्वजन्म के तपोऽनुष्ठान से अथवा ऐहिक तपोऽनुष्ठान से यह ऋषिदृष्टि स्वतः प्रादुर्भूत होती है। इसी को अलौकिक दृष्टि कहा जाता है। मानवेतर प्राणियों में इस दृष्टि के सम्बन्ध में जो विचार हुआ है, वह भी अन्यत्र ही द्रष्टव्य है। ऐसे अतीन्द्रियार्थद्रष्टाओं के लिए भूतभविष्यदर्थ साक्षात् वर्त्तमानवत् बने रहते हैं। ऐसे अतीन्द्रियार्थ-द्रष्टा अलौकिक आप्त पुरुषों को ही द्रष्टा-ऋषि कहा जा सकता है, कहा गया है, कहना चाहिए एवं यही ऋषिशब्द की दृष्टलक्षणा तीसरी प्रवृत्ति है। क्योंकि ये द्रष्टा ऋषि ही वेदशास्त्र के प्रवर्त्तक हैं, अत एव इन्हें 'वेदप्रवर्त्तक' माना, कहा जा सकता है।

अब ऋषि का चौथा विभाग शेष रह जाता है—वक्तृलक्षण ऋषि। मान्त्रवर्णिक

ऋषि को ही 'वक्तृलक्षण ऋषि' कहा गया है। शब्दात्मक मन्त्र जिसका वाक्य है, वह उस मन्त्र का ऋषि है एवं मन्त्र में जिस देवता अर्थात् तत्त्व का प्रतिपादन हुआ है, वह उस मन्त्र का देवता है। जिन ऋषियों ने तात्त्विक अर्थ को आर्षदृष्टि से देख कर वाक्यरूप से शब्दात्मक मन्त्र का उपदेश दिया है, वे ही उन वाक्यात्मक मन्त्रों के प्रवक्ता माने गए हैं। क्योंकि ऋषियों ने ही इन मन्त्रों का उपदेश दिया है, अतः वे ही इन मन्त्रों के वक्ता ऋषि माने गए हैं।

कहीं-कहीं अनृषियों को भी ऋषि मान लिया गया है और इसका कारण है विवक्षा। किसी ने मन्त्र कहा नहीं है, परन्तु यह मान लिया गया है कि अमुक-अमुक-मन्त्र का वक्ता है। इस विवक्षामात्र से अनृषि भी ऋषि नाम से सुने गए हैं। 'बृहद्देवता' के अनुसार मन्त्रवर्ग 'देवस्तव-संवाद-आत्मस्तव-भाववृत्त' भेद से चार भागों में विभक्त हैं। यदि भाववृत्त-वर्ग का देवस्तववर्ग में अन्तर्भाव कर लिया जाता है, तो तीन ही वर्ग शेष रह जाते हैं।

असल्लक्षण, अत एव सदात्मक प्राणरूप ऋषितत्त्व ही मौलिक वेदका स्वरूपलक्षण है। दूसरे शब्दों में प्राणरूप ऋषि तत्त्व ही मौलिक वेद है, जिसके अविज्ञेय-दुर्विज्ञेय-विज्ञेय-सुविज्ञेय आदि विविध प्रकार के चिरन्तन इतिहास हैं, जिनका जानना प्रत्येक भारतीय आर्षमानव के लिए आवश्यक है। मायातीत, अत एव विश्वातीत परात्पर परमेश्वर से अभिन्न अनन्तभावापन्न वही मौलिक वेद अविज्ञेय वेद है। मायामय अत एव सहस्रबल्शे-श्वरात्मक अश्वत्थ ब्रह्मलक्षण महेश्वर से अभिन्न सहस्रभावापन्न वही मौलिक वेद दुर्विज्ञेयवेद है। योगमायावच्छिन्न अत एव एकबल्शेश्वरात्मक अश्वत्थ-शाखात्मक उपेश्वर से अभिन्न वही मौलिक वेद विज्ञेय वेद है। एवं भूतमायावच्छिन्न (भूतमात्रावच्छिन्न) अत एव बल्शाग्रभागात्मक अश्वत्थशाखानुगत सुपर्णानुगत ईश्वर से अभिन्न वही मौलिक वेद सुविज्ञेय वेद है। इन चारों वेदस्थानों में से अन्तिम चतुर्थ सुविज्ञेय वेद का मौलिक स्वरूप ही भरद्वाज महर्षि के द्वारा दृष्ट वह 'सावित्राग्नि' है; जिसके परिज्ञान से, उपासना से वेदस्वरूप गतार्थ बन जाया करता है, जिसकी पावन चर्चा पूर्व में निर्दिष्ट है। यही चतुर्द्धा विभक्त मौलिक वेद का सङ्क्षिप्त चिरन्तन इतिवृत्त है, जिसकी मौलिकता उस 'ऋषि' पदार्थ पर ही प्रतिष्ठित है। ऋषिपदार्थ असत्-रोचन-दृष्ट-वक्तृ भेद से चार संस्थानों से परिगृहीत है।

सनातन आर्षनिष्ठा से अनुप्राणित अपौरुषेय वेद से सम्बन्ध रखने वाले तात्त्विक स्वरूप का सङ्क्षिप्त निदर्शन वेदप्रेमियों के सम्मुख उपस्थित किया गया। सचमुच वेद भारतवर्ष का वह अलौकिक मौलिक साहित्य है, जिसमें ऐहिक (लौकिक, भौतिक), दैविक (पारलौकिक), आत्मिक, नाक्षत्रिक, पार्थिव, आदि-आदि यच्चयावत् विद्याएँ सङ्क्षेप से (संहितात्मक वेद में) एवं विस्तार से (ब्राह्मणात्मक वेद में) अपनी रहस्यपूर्ण मौलिक उपपत्तियों के साथ अभिव्यक्त हुई हैं। निश्चयेन राष्ट्र का यह परम दुर्भाग्य है कि पारिभाषिक दृष्टिकोण के विलुप्तप्राय हो जाने से समस्त क्रियाकोशात्मक वही मौलिक साहित्य आज भारतीय प्रजा के लिए दुरधिगम्य प्रमाणित हो रहा है। वेद का उपनिषद्भाग ही आज विद्वद्वर्ग में प्रधानरूप से प्रचलित है। समादर ही किया जाएगा इस आस्था का। किन्तु उपनिषत् को आरण्यक भाग से, आरण्यक भाग को ब्राह्मण भाग से एवं ब्राह्मण भाग को संहिता भाग से पृथक् करके उपनिषत् को एक स्वतन्त्र ग्रन्थ मानते हुए और इसे केवल अद्वैतनिष्ठापरक लगाते हुए 'ज्ञानयोग' पर ही उसका पर्य्यवसान कर देना, मान लेना, हम समझते हैं—वेदपुरुष का स्वरूप इस दृष्टिकोण से कदापि सुरक्षित नहीं रह सकता। समस्त वेदशास्त्र एक ही शास्त्र है, 'कृत्स्नशास्त्र' है—'वेदः कृत्स्नोऽधिगन्तव्यः सरहस्यो द्विजन्मना' (मनु)। वह पृथक्-पृथक् नहीं है, एक का पूरक दूसरा विभाग है। इस दृष्टिकोण को सम्मुख रख कर मौलिक तत्त्ववाद के आधार पर ही समस्त वेद को एक शास्त्र मानते हुए और पूर्वापरसन्दर्भ का समन्वय करते हुए पारिभाषिक दृष्टिकोण के माध्यम से यदि आज भी हम वेदशास्त्र में प्रवृत्त हों, तो कोई कारण नहीं—**'उत त्वस्मै तन्वं विसस्रे-जायेव पत्ये उशती सुवासा'** (ऋक् सं.) इस वैदिक वचन के अनुसार स्वयं वेदपुरुष ही अपना तात्त्विक स्वरूप हमारे सम्मुख उपस्थित न कर दे।

अखण्ड-आत्मतत्त्व के आधार पर प्रतिष्ठित वही विज्ञानमय पुरुष अपने किन-किन वैज्ञानिक तत्त्वों का कैसी ऋजुभाषा में किस व्यवस्थाकौशल से विश्लेषण कर रहा है, जो कि केवल ज्ञानवाद के विजृम्भण के कारण सर्वथा ही हमारी प्रज्ञा से परापरावत् बन गया है अथवा तो बना दिया गया है।

इस प्रकार पण्डित मधुसूदन ओझा जी द्वारा विरचित 'महर्षिकुलवैभवम्' नामक ग्रन्थ के प्रथम प्रकरण की प्रथम प्रवृत्ति-पर्यन्त व्याख्या समाप्त हुई।

❑❑❑

पण्डित-मधुसूदन-ओझा-ग्रन्थमाला

प्रकाशितग्रन्थाः

1. वर्णसमीक्षा
2. पितृसमीक्षा
3. अपरवादः
4. व्योमवादः
5. आवरणवादः
6. इन्द्रविजयः
7. वेदधर्मव्याख्यानम्
8. स्मार्तकुण्डसमीक्षाध्यायः
9. अम्भोवादः
10. कादम्बिनी

    महर्षिकुलवैभव-विमर्श

मूल्य : 70.00 रुपये
Price : Rupees 70.00

103